फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -203, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 15

## 2019 से कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीददार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 1,609 भुनाए गए। इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

## निवेशकों के डूबे 13.47 लाख करोड़




- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### नियंत्रण से बाहर नहीं बाजार : उदय कोटक

बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत जबकि 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, जाने-माने उद्योगपति उदय कोटक ने बुधवार को कहा कि बाजार में 'थोड़ा बुलबुला' हो सकता है, लेकिन बाजार नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। कोटक का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच बयान के दो दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि छोटे और मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी को लेकर कुछ 'बुलबुले' की गुंजाइश है और नियामक इसपर एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए विचार कर रहा है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# पहले सरकारें विवाद खड़ा करती थीं, अब किया जाता है समाधान

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा फर्रुखाबाद, लोकार्पण करने आऊंगा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद/उन्नाव

- फर्रुखाबाद में 288 करोड़, उन्नाव में 241 करोड़ की योजनाओं का किया गया लोकार्पण-शिलान्यास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उन्नाव और फर्रुखाबाद में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और अन्य दलों पर जमकर प्रहार किया।

फर्रुखाबाद में उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा और इसका उद्घाटन करने मैं फिर आऊंगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, लेकिन जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाती है। आज रामभक्तों को अयोध्या में सुगम दर्शन कराया जा रहा है। पहले की सरकारें केवल विवाद खड़ा करती थीं, आज विवाद नहीं, हर समस्या का समाधान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद के लिए 288 करोड़ रुपये से 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 10 मिनट में लोन की सुविधा प्रदान करने के पॉयलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ भी किया। लोकसभा का चुनावी बिगुल फूंकते हुए उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में बाहरी लोग प्रवेश कर रहे हैं। इन्हें मुंह की खिलानी है। सांसद मुकेश राजपूत को पिछले चुनाव से दोगुने ज्यादा मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने पांच छात्रों को टेबलेट भी दिए।

इससे पहले उन्नाव में मुख्यमंत्री ने बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर चौरासी अंतर्गत नवोदय विद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में कहा कि एक समय था जब भारत पर कब्जा करके ब्रिटेन ने 200 साल तक राज किया था। लेकिन आज मोदी सरकार में देश ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में ब्रिटेन को पछाड़ दिया है। देश और देशवासियों को दुनिया में आज सम्मान की नजर से देखा जाता है। भारत बीते 10 वर्षों में विश्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। आप लोग बताओ, क्या कांग्रेस या सपा राम मंदिर बनवा सकती थी।

### उन्नाव के चंद्रिका खेड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित चंद्रिका खेड़ा गांव में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा और स्मारक का लोकार्पण करने के साथ ही जिले के लिए 241.261 करोड़ की विकास योजनाओं का भी लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। इस दौरान उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी, मौजूदा सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की।



### एक नजर

#### कैंसर की नकली दवा बनाने में छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कैंसर की 'नकली' दवा बनाने वाले गिरोह में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को आईआईटी-बीएचयू के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आदित्य कृष्ण (23) पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति करता था।

#### मणिपुर में स्वयंभू सेना प्रमुख सहित दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) (यूएनएलएफ-पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट याचिका पर कल करेगा सुनवाई

**निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को ''राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप'' से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि मुझे अभी प्रधान न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। एनजीओ ने 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023' के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है।

### फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

## तीन दशक पुराने केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



- अदालत ने अंसारी पर 2 लाख 2 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में राज्य सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

साल 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2 लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले राज्य सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।


## लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी


अनुराग ठाकुर


नितिन गडकरी


पीयूष गोयल


मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है जहां उनका मुकाबला कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से होगा। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है।

## 5 साल के बच्चे की याचिका पर सरकार से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कानपुर के एक स्कूल में एलकेजी का छात्र है पीड़ित अथर्व

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है। मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले का है। 5 साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अथर्व ने हाईकोर्ट में वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा : पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परीक्षा की दूसरी पाली में की थी सेंधमारी, पेपर व उत्तर कुंजी बरामद
- दिल्ली पुलिस का जवान था पेपर आउट कराने का मुख्य साजिशकर्ता

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पकड़ने में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान महेन्द्र शर्मा बराह खुर्द थाना कोतवाली जनपद जींद, हरियाणा के रूप में की गई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक प्रश्न-पत्र, एक उत्तर कुंजी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसटीएफ ने हरियाणा में थाना कोतवाली जींद के पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से आरोपी महेन्द्र को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह जींद की एक दुकान में काम करता था। 15 फरवरी 2024 को उसके गांव का विक्रम पहल, जो दिल्ली पुलिस में है, उसे अपने साथ मानेसर गुरुग्राम स्थित रिसोर्ट पर ले गया तथा बोला कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है। मेरा सहयोग करो, तुमको भी एक-दो लाख रुपये दे दूंगा।

### गुरुग्राम के रिसॉर्ट में रची साजिश

16 फरवरी 2024 को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया था। उसके साथ मोनू शर्मा निवासी ढाकला जनपद झज्जर, विक्रम दहिया जनपद सोनीपत एवं कुछ अन्य लोग भी थे। गुरुग्राम रिसॉर्ट में परीक्षार्थियों को पेपर पढ़वाने की बात हुई थी।

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के यूसीसी बिल को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगा कानून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था।

## पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदल लें

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे। बयान में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित प्रतिबंधों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के बाद पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं के पास 15 मार्च, 2024 के बाद अपने बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप करने का विकल्प नहीं होगा।

## कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी



- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी देंगे : राहुल गांधी
- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने की पांच नारी न्याय गारंटी देने की घोषणा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ''पांच नारी न्याय गारंटी'' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं के बैंक खातों में वार्षिक एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे और सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। गांधी ने पांच गारंटियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे।

### आधी आबादी को देंगे उसका पूरा हक : खरगे



गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी पूरा हक, जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए केंद्र सरकार का बजटीय हिस्सा दोगुना किया जाएगा।

### आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को हटाएंगे : रमेश



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा शुरू की गई अनुसूचित जाति योजना और अनुसूचित जनजाति उप-योजना को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म कर दिया था। उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में आने पर विभिन्न जातियों और समुदायों की आबादी के अनुसार बजटीय हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएगी।

# आचार संहिता से पहले विकास कार्यों की हड़बड़ी

**अचानक आई तेजी**

कानपुर। आचार संहिता लगने से पहले विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो गई है। सांसद सत्यदेव पचौरी ने बुधवार को वार्ड 46 और 47 के अंतर्गत कोयला नगर और श्याम नगर में 10 सड़कों का निर्माण शुरू करा दिया। सांसद ने बताया कि क्षेत्रीय जनता की समस्या देखते हुए इन सड़कों को बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसके बाद डूडा को काम मिलने पर कोयला नगर और श्याम नगर में तीन करोड़ लागत से 10 सड़कों का शिलान्यास करके निर्माण शुरू करा दिया गया है। काम पूरा होते ही सड़कें जनता को समर्पित कर दी जाएंगी।

## 41 लाख से तीन सड़कों व नाली कार्य का शिलान्यास

- सांसद ने शुरू कराया तीन करोड़ से 10 मार्गों का काम
- सांसद पचौरी के प्रस्ताव पर श्याम नगर और कोयला नगर में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण

**कानपुर।** विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को 41 लाख रुपये से बनने वाली तीन सड़कों एवं नाली के काम का शिलान्यास किया। आनंद नगर लेडी मरियम स्कूल से भूरा सिंह के मकान तक सड़क 22.50 लाख से बनेगी। सैयद नगर में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली के काम की लागत 8.60 लाख रुपये है। नमक फैक्ट्री से शनेश्वर मंदिर चौराहे तक रोड सुधार कार्य की लागत 10 लाख है। विधायक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इन सड़कों के साथ नाली का निर्माण नहीं हुआ था। इससे स्कूली रिक्शे बच्चों एवं बुजुर्ग व महिलाओं के साथ ही एंबुलेंस का निकलना दूभर था। बरसात में पूरी सड़क नाली के रूप में बजबजा जाती थी। शिलान्या के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, पार्षद विनय शुक्ला, जितेंद्र गांधी, शुभम कुशवाहा, ललित शर्मा, सोनेलाल, आशीष दिवाकर, राहुल सिंह, आर्यन कुशवाहा, रामदीन सिंह, चरणजीत सिंह मौजूद रहे।


फावड़ा चलाकर काम की शुरुआत करते विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

## 18 करोड़ से बनीं सड़कें लापरवाही की भेंट चढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क बनाने के बाद नाला निर्माण किए जाने से जगह जगह से उखड़ीं
- जोन-6 आवास विकास में काम कराने के लिए नगर निगम को मिला था धन

**अमृत विचार।** आवास विकास विभाग ने 18 करोड़ रुपये नगर निगम को चार सड़कों और नाला निर्माण के लिए दिए थे। निगम ने सड़कें तो बनवा दीं पर नाला बनाना भूल गया। सड़क निर्माण के बाद नाला निर्माण किए जाने के कारण नई बनाई गईं सड़कें बर्बाद हो रही हैं। नियम के विपरीत हो रहे कार्य की शिकायत क्षेत्रीय भाजपा पार्षद ने नगर आयुक्त से करते हुए दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

विनायकपुर वार्ड 54 के पार्षद कौशल मिश्रा ने बताया कि आवास विकास-1 के अंतर्गत आवास विकास की ओर से हस्तांतरित 18 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई सड़कों में अनियमित एवं मानक के विपरीत कार्य हो रहा है।

प्रगति विहार पार्क से अशोक वाटिका चौराहे तक नौ मीटर डामर सड़क बनाई गई है। इस पर नाले का निर्माण बाद में किया जा रहा है। इससे नई सड़क उखड़ गई है।

इसी तरह क्षेत्र में बेबी लॉन से ब्रह्मदेव चौराहे तक नौ मीटर डामर सड़क बनाने के बाद नाले का निर्माण बाद में हो रहा है। इसी तरह केशव वाटिका से मामा चौराहे तक और करिजया मोटर गैराज से नागेश्वर अपार्टमेंट होते ओ ब्लॉक तक भी सड़क बनाने के बाद नाला बनाया जा रहा है, जिससे नई बनी सड़कें उखड़ गई हैं। इसी तरह कई सड़कों के निर्माण के दौरान नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे जलभराव की स्थिति बनी रहती है। अब इस मामले की जांच होगी तो दूध का दूध पानी का पानी होगा।

## पांडु नदी में पड़ा मिला फैक्ट्री कर्मी का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने फैक्ट्री संचालक समेत तीन पर लगाया हत्या का आरोप, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पान मसाले का रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी का नौरैयाखेड़ा स्थित पांडु नदी में शव मिलने के मामले में परिजनों की तहरीर पर फैक्ट्री मालिक, ठेकेदार समेत तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया।

बिधनू के रमईपुर निवासी विनोद राजपूत (30) दादा नगर स्थित पान मसाला के रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। परिजनों के मुताबिक माता-पिता का काफी समय निधन हो गया था। दो बहनें रामबेटी व पिंकी देवी है, जिनकी शादी हो चुकी है। रामबेटी ने बताया कि विनोद पिछले 10 सालों से फैक्ट्री में काम कर रहा था। बीते पांच मार्च को वह काम पर गया था। वहां से सुबह तक नहीं लौटा तो तलाश शुरू की, पता न चलने पर गोविंद नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

फैक्ट्री में काम करने वाले साथी कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब तीन बजे तक विनोद साथ में था। इसके बाद पता नहीं कहां गया। वहीं मंगलवार रात नौरैया खेड़ा के पास से पांडु नदी के पास शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे दादा नगर चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक ने शिनाख्त कराई तो पहचान विनोद राजपूत के रूप में हुई, जिस पर परिजनों फैक्ट्री मालिक विजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल व ठेकेदार अनिल त्रिवेदी पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने शव को फैक्ट्री के बाहर रख दिया।

सूचना पर एडीसीपी अंकिता शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि तहरीर पर फैक्ट्री संचालक, ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच होगी

## कमिश्नरेट बनने के बाद 11 गुमशुदा बच्चे ही हुए बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश के बाद कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ऑपरेशन स्माइल अथवा मुस्कान अभियान चला रही है। इसमें गुमशुदा बच्चों को ढूंढा जाता है। अभियान के तहत पुलिस ने 165 परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने का दावा किया है। शासन के निर्देश पर होली से पहले अभियान फिर से तेजी से सक्रिय किया गया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि कमिश्नरेट बनने के बाद से पुलिस मात्र 11 गुमशुदा बच्चे ही बरामद कर पाई है। हालांकि हाल ही में फूलबाग से अपहृत दो वर्षीय बच्चे कार्तिक के अपहर्ताओं को एनकाउंटर में घायल कर बच्चे की सकुशल बरामदगी कर पुलिस ने जिस तरह परिवार की खुशियां वापस लौटाई हैं, उससे कानपुर के 165 परिवारों को अपने गुमशुदा सदस्यों के मिलने की उम्मीदों को पंख लग गए हैं।

ऑपरेशन स्माइल, लापता बच्चों को बचाने व पुनर्वास करने के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) की एक पहल है। यह एक महीने का समर्पित अभियान है, जिसमें राज्य पुलिस कर्मियों की ओर से लापता बच्चों का पता लगाने और उन्हें बचाने और उनके परिवारों से मिलाने के प्रयार किए जाते हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थानों और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल से इनपुट एकत्र किया गया है। इसके आधार पर 165 लोग गुमशुदा पाए गए हैं। इन मामलों में पुराने विवेचकों से जानकारी इकट्ठा करके एक-एक मामले पर काम शुरू किया जाएगा। पूरे अभियान की समीक्षा डीसीपी मुख्यालय करेंगे।

जरूरत पड़ने पर सर्विलांस टीम की मदद ली जाएगी। पुलिस के अनुसार कुछ मामले ऐसे हैं, जिनमें सीसीटीवी काम कर सकता है, उसमें फुटेज की मदद भी ली जाएगी।

### शेल्टर होम्स, प्लेटफार्म से सूचना



अभियान के तहत शेल्टर होम्स, प्लेटफॉर्म, बस स्टेशनों, सड़कों और अन्य विभिन्न स्थानों पर मिलने वाले बच्चों के संबंध में प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की ओर से गहन छानबीन व आवश्यक सूचना इकट्ठी की जानी है। जो बच्चे लापता या गुमशुदा की श्रेणी में पाए जाएंगे उनके बारे में एक निर्धारित फॉर्म पर सभी जरूरी सूचनाएं संकलित होंगी, इसमें उस बच्चे की फोटो भी होगी। आवश्यकतानुसार वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। अभियान में मिले बच्चों की पूरी डिटेल संबंधित राज्यों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के मिसिंग चाइल्ड पोर्टल पर अपलोड कराया जाएगा। जिससे उनके माता-पिता, आश्रित एवं संबंधित थानों की पुलिस को जानकारी हो सके।

### किस आयु वर्ग के कितने गुमशुदा

- 4 से 9 वर्ष के 34
- 9 से 14 वर्ष के 22
- 14 से 22 वर्ष के 18 युवक
- 4 से 9 वर्ष की 13 किशोरियां
- 9 से 14 वर्ष की 35 किशोरियां
- 14 से 22 वर्ष की 43 किशोरियां व युवतियां

### हर जोन के लिए बनाई गईं टीमें

पुलिस अधिकारियों ने हर जोन में तीन-तीन महिला और पुरुष सब इंस्पेक्टर, छह-छह सिपाही और छह-छह होमगार्ड की टीम बनाई गई है। ये टीम परिवार वालों से संपर्क करेंगी और परिवार के इतिहास के बारे में जानकारी लेगी। अगर गुम हुए व्यक्ति के पास मोबाइल होगा तो सर्विलांस की मदद ली जाएगी। चार से 14 वर्ष के गुम हुए बच्चे, किशोर, किशोरियों की तलाश के लिए आसपास के जिलों की पुलिस की मदद ली जाएगी। डीसीआरबी और एनसीआरबी का डाटा भी तलाशा जाएगा। कमिश्नरेट में जो लोग इस काम में पुलिस की मदद करेंगे, उन्हें इनाम दिया जाएगा।

### किस जोन से कितने लोग गुम

| | |
|---|---|
| सेंट्रल जोन | 47 |
| पूर्वी जोन | 29 |
| पश्चिमी जोन | 34 |
| दक्षिण जोन | 55 |



गुमशुदा बच्चों की तलाश ह्यूमन ट्रैफिकिंग और पुलिस करती रहती है। इस मामले में सर्विलांस सेल की मदद भी ली जाती है। शासन के निर्देश पर त्योहार के समय में अभियान चलाया जाता है।

**-हरीश चंदर, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था**

## फीस जमा करने के नाम पर युवती से 54 हजार ठगे

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने फीस जमा करने के नाम पर एक युवती को अपना निशाना बना लिया। ठगों ने उसे खाते से 54 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना पुलिस और साइबर सेल से की है।

पनकी के सुंदर नगर निवासिनी युवती रचना सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका खाता यूको बैंक के गंगागंज शाखा में है। 27 नवंबर को उनके पास एक कॉल आया और उनकी बड़ी बहन की कॉलेज की फीस ऑनलाइन जमा करने की बात कही। जिस पर उन्होंने बताए गए यूपीआई पर 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

आरोप है कि आरोपी ने दोबारा फोन कर खाते में रकम न आने की बात कहकर फिर से रुपये डालने की बात कहीं, जिस पर उन्होंने दोबारा 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब दो बार रुपये कटने का मैमेज आने के साथ ही परिजनों को दी तो उन्हें अपने साथ साइबर ठगी का एहसास हुआ। जिस पर पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस के साथ-साथ साइबर सेल से की। पनकी पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषी को किसी भी स्थिति में पकड़ लिया जाएगा।


केडीए में लगे नामांतरण समाधान शिविर में आवेदनों की जांच करते केडीए अधिकारी। अमृत विचार

## चार आवेदकों को मिले नामांतरण पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए में बुधवार को एक बार फिर से लगा नामांतरण समाधान शिविर

**अमृत विचार।** केडीए में बुधवार को एक बार फिर से नामांतरण समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान पिछले दिनों मिले आवेदनों में से नियमानुसार चार आवेदकों को नामांतरण पत्र जारी किए गये। इसके साथ ही 32 नये आवेदन भी मिले। अधिकारियों ने कहा कि आगे भी शिविर लगाया जायेगा।

जिलाधिकारी व केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह की पहल पर प्राधिकरण की सम्पत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामान्तरण) कराये जाने के लिये अत्यधिक समय से लम्बित आवेदनों के निस्तारण के निर्देश दिये गये है। इसको लेकर बुधवार को 11 बजे से दोपहर दो बजे के बीच नामांतरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 32 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। विक्रय अनुभाग-1 के 07, जोन-2 के 04, जोन-3 के 08 एवं जोन-4 के 06, विश्व बैंक के 04, किराया सम्पत्ति के 02 एवं मलिन बस्ती अनुभाग का 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। शिविर में पूर्व में प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं अन्य लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते दीना नाथ पांडेय, रूबी पोरवाल, सुनीता, और सुशील कुमार जायसवाल का प्राधिकरण अभिलेखों में नाम दर्ज करते हुए नामांतरण पत्र निर्गत किये गये। शिविर में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, अजय कुमार सहित सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे। अपर सचिव ने प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किये जाने का निर्देश दिये।

## मोबाइल दुकान का शटर तोड़ चोरी, दो हिरासत में

**कानपुर।** आवास विकास हंसपुरम में मंगलवार देर रात मोबाइल शॉप के शटर का ताला तोड़ कर चोरों ने 11 मोबाइल, 80 हजार नकदी व अन्य सामान पार कर दिया। सुबह दुकान का ताला टूटा देख पीड़ित ने नौबस्ता पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी में चार युवक कैद हो गए। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया।

आवास विकास निवासी विशाल गुप्ता ने बताया कि उनके घर के नीचे ही उनकी आर्यन टेलीकॉम के नाम से मोबाइल शॉप है। मंगलवार रात करीब तीन बजे शॉप के शटर का ताला तोड़ कर घुसे चोरों ने 11 मोबाइल, एसेसरीज समेत 80 हजार नकदी पार कर दी।

सुबह आसपास के दुकानदारों ने ताला टूटा देख घटना की जानकारी दी। सूचना पर नौबस्ता पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें चार युवक घटना को अंजाम देते हुए कैद हो गए। पीड़ित ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## गोविंद नगर कच्ची बस्ती नाले की सफाई


गोविंद नगर कच्ची बस्ती के नाले की सफाई का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- युवक के नाले में घुसने के बाद नींद से जागे नगर निगम के अधिकारी

**अमृत विचार।** गोविंद नगर कच्ची बस्ती के भरे नाले की सफाई बुधवार को शुरू हो गई। मंगलवार को क्षेत्रीय युवक के नाले में उतरकर प्रदर्शन करने के बाद नगर निगम अमला जागा। अधिकारियों ने आठ सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई शुरू कराई।

नगर आयुक्त शिवशरप्पा जीएन के निर्देश पर बुधवार को अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव गोविंद नगर मलिन बस्ती स्थित भरे पड़े नाले पर पहुंचे। मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी व क्षेत्रीय अवर अभियन्ता उपस्थित मिले। अवर अभियंता ने बताया कि पिछले वर्ष नाला सफाई का कार्य प्राविधानित किया गया है। जिसके बाद निविदा करा ली गयी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह कार्य माह मई व जून में कराया जाता है लेकिन नाला भरा होने के कारण जनहित में इस कार्य को प्रारम्भ करा दिया गया है।

यहां क्षेत्रीय निवासियों द्वारा निरंतर रूप से घरेलू कूड़ा कचरा डाले जाने के कारण यह नाला हमेशा चोक हो जाता है। घनी आबादी व संकरी गलियां होने के कारण नाला सफाई कार्य मानव बल के माध्यम से ही कराया जाता है।

बुधवार को आठ कर्मचारी नाला सफाई कार्य करते पाये गये। कुछ देर सफाई कार्य के बाद नाले में पानी का स्तर 6 इंच तक कम हो गया। अपर नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया कि अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर युद्ध स्तर पर नाले की तलीझार सफाई करायी जाये, जिससे क्षेत्रीय निवासियों को जलभराव का सामना न करना पड़े।

**सेहत की बात** सीएसजेएमयू का कल्याणपुर के होरा कछार गांव में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

## स्वच्छता का संकल्प दिलाकर डिजिटल भारत से जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर विकासखंड कल्याणपुर के होरा कछार में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन बुधवार को पहले ग्रामीणों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया, फिर डिजिटल भारत के संबंध में बताया गया। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। ग्रामीणों को स्वच्छता-स्वास्थ्य का संकल्प दिलाकर डिजिटल भारत से जोड़ा गया।



विशेष शिविर में जानकारी देते मौजूद राष्ट्रीय सेवा योजना के लोग। अमृत विचार

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर 17 मार्च तक आयोजित होगा। बुधवार को प्रथम सत्र में आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीन कटियार ने विभिन्न बीमारियों और उनके फैलने के कारण बताते हुए बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूषित जल से बीमारी तेजी से बढ़ती है।

अशुद्ध जल से टाइफाइड, डायरिया, अमीबायसिस जैसी बीमारी हो सकती है। इसके साथ ही सफाई व व्यक्तिगत हाइजीन पर ध्यान देकर बीमारियों से बच सकते हैं। ग्रामीणों को समझाया गया कि कूड़ा घर के बाहर गंदगी न डालें। घर के बाहर व अंदर गंदा पानी एकत्र न होने दें। दूसरे सत्र में डॉ. ममता तिवारी ने डिजिटल भारत के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न योजनाएं जो ग्रामीणों के लिए चलाई जाती हैं, उनके संबंध में बताया। बाद में वालंटियर्स ने गांवों में घर-घर जाकर बीमारियों के संबंध में बचाव की जानकारी दी। ग्रामीणों को डिजिटल भुगतान करना भी सिखाया। सांस्कृतिक संध्या में महक, आरोही व गुंजन ने देश रंगीला पर नृत्य प्रस्तुत किया। दीपाली, सीता ने भारत मेरी पहचान गाने पर नृत्य किया। इस मौके पर प्रो. संदीप कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर से मिली बहू-बेटों से परेशान महिला

**कानपुर।** चकेरी की रानी कुशवाहा ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलकर अपनी बहू पर घर का ताला काटकर चोरी करने के आरोप लगाया और शिकायत की। पीड़िता के अनुसार वह बेटे बहू को उनके आचरण की वजह से बेदखल कर चुकी है। बताया कि दिसंबर माह में बहू ने घर का गेट कटवा कर दाखिल हो गई थी। जिसके बाद वह वहां से नहीं जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम भरोसा तिवारी पुत्र वशिष्ठ तिवारी, निवासी– ग्राम व पोस्ट पचपोखरी थाना नोखा जिला रोहतास बिहार** मेरे पुत्र का सही नाम रूद्र तिवारी है जबकि विद्यालय अभिलेख में उसका का नाम त्रुटिवश सार्थक तिवारी अंकित हो गया है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम रूद्र तिवारी अंकित है। जिसका आधार नं0–9409 0814 6219 है। मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में सार्थक तिवारी के स्थान पर रूद्र तिवारी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इशरत अली पुत्र स्व0 जुल्फीकार, निवासी– मोहल्ला दामादपुरवा मशमूला मलकाना कस्बा व थाना व तहसील सण्डीला जिला हरदोई** , मेरा पुत्र इसरार व उसकी पत्नी रहनुमा, रिहान पुत्र इसरत अली व उसकी पत्नी महक का चाल चलन ठीक नहीं है वो आये दिन आपस में वाद विवाद करते है इनके मध्य रोज होने वाले वाद विवाद से मेरा परिवार बहुत परेशान रहता है इस कारण मै। अपने पुत्र इसरार पुत्र इसरत अली व इनकी पत्नी रहनुमा पत्नी इसरार व अपने पुत्र रिहान पुत्र इशरत अली व इनकी पत्नी महक पत्नी रिहान से समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। अब मेरा उनसे कोई वास्त व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया वि.खं. अमरौधा तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 15/03/2024 को ग्राम सभा डिलौलिया के पंचायत भवन परिसर में समय सुबह 10 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं

**निवेदक– वीर सिंह पुत्र बलवान सिंह**
**मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह आए दिन झगडा– फसाद करता है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **बलवीर सिंह (पिता), निवासी– ग्राम–हथिका, तहसील– मैथा कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार पुत्र स्व0 दरगाही लाल, निवासी– सोहरामत रोड बहाराजपुर सौरमऊ सुलतानपुर,** मैने एक किता बैनामा दिनाँक 10–05–1988 को राम सुचित पुत्र बैजनाथ व भुइला देवी पत्नी राम सुचित से क्रय किया था जो गाटा संख्या 21ब सौरमऊ परगना मीरानपुर सदर सुलतानपुर के संबंध में था जिसकी जिल्द संख्या 1450, पृष्ठ संख्या 53/55, दान 2020 था वास्तव में खो गया है।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. दौलतपुर विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 15/03/ 2024 समय 12:30 बजे दोपहर दौलतपुर पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत करियापुर के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

निवेदक- **कुंवर लाल निषाद**
ग्राम दौलतपुर ,भोगनीपुर कानपुर देहात।

**आज का मौसम**
अगले पांच दिन आसमान साफ बना रहेगा।

30.8° अधिकतम तापमान | 16.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 19 | सूर्यास्त 06 : 17

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (गुरुवार) | सहरी (शुक्रवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :16 | सुन्नी-05 :01 |
| शिया-06 :29 | शिया-04 :49 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कमरे में मृत मिला युवक

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के मसवानपुर के रहने वाले 35 वर्षीय गोविंद गुप्ता ठेकेदार के पास बैनर, होर्डिंग लगाने का काम करता था। मृतक के जीजा जयप्रकाश ने बताया कि मंगलवार रात वह खाना खाकर परिवार के साथ सो गए। बुधवार भोर पहर परिजनों की चार बजे नींद खुली थी, तो कमरे में जमीन पर मृत पाया गया। परिजन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र में कैमरे लगवाने का भरोसा दिया

**कानपुर।** रेल बाजार थानाक्षेत्र के अंतर्गत एमिनेंट सिटीजन तिरंगा कंपनी के मालिक नरेंद्र शर्मा से पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की गई। पुलिस कमिश्नर की ओर से चलाए गए ऑपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी दी। एमिनेंट सिटीजन तिरंगा कंपनी के मालिक नरेंद्र शर्मा जी ने उच्च कोटि के कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया।

# कांग्रेस का 'हाथ' झटक, अजय कपूर ने थामा भाजपा का 'कमल'

## कानपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा से शहर में गरमाया माहौल

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, तीन बार के विधायक और राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी तक सीधी पहुंच रखने वाले कद्दावर नेता अजय कपूर बुधवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। कानपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट की दौड़ में उनका नाम सबसे आगे माना जा रहा था। अब शहर में भाजपा के टिकट पर अजय कपूर के चुनाव लड़ने की चर्चा गर्म है। कहा गया कि कांग्रेस के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के भाजपा में शामिल होते ही पार्टी ने उन्हें भदोही से प्रत्याशी बना दिया था। कुछ ऐसा ही अजय कपूर के मामले में भी हो सकता है।

भाजपा का दामन थामने के बाद अजय कपूर 15 मार्च को कानपुर आएंगे। समर्थकों ने उनके जोरदार स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को गोविंदनगर स्थित कार्यालय में जमकर नाच-गाना हुआ और मिठाई बांटी गई। अजय कपूर के भाजपा में जाने की स्क्रिप्ट बीती 11 फरवरी को सचिवालय में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में लिखी गई। इसी दिन योगी कैबिनेट को अयोध्या में रामलला के दर्शन को जाना था। सुबह छोटी सी मीटिंग के बाद अजय वहीं से दिल्ली रवाना हो गए थे। दरअसल कांग्रेस के हैवीवेट अजय कपूर गोविंदनगर और किदवई नगर से तीन बार विधायक का चुनाव जीत चुके थे, लेकिन मोदी की आंधी में पांव लड़खड़ा गए थे। किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र से 2017 और 2022 का चुनाव हार चुके थे। इसके साथ ही भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी से टकराव भी उनका सिरदर्द था।

ऐसे में वह भाजपा में जाने के लिए उचित मौके की तलाश में थे। सूत्रों की माने तो भाजपा और अजय के बीच सूत्रधार विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना बने।



नई दिल्ली में कांग्रेस नेता अजय कपूर को भाजपा की सदस्यता दिलाते पार्टी के नेता विनोद तावड़े। अमृत विचार

- तीन बार रहे विधायक, राहुल गांधी के साथ शहर में न्याय यात्रा में जीप पर रहे थे शामिल
- विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना का आशीर्वाद पाकर कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने पाला बदला

### विधानसभा चुनाव के दौरान नहीं बनी थी बात

- 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी अजय कपूर के भाजपा में जाने की चर्चा थी। पर उन्होंने भाजपा से अपनी सीट के साथ ही समर्थक के लिए एक सीट पर दावा किया तो बात नहीं बन पाई थी।

### ... लेकिन समर्थकों का एक वर्ग नाराज

- कानपुर। अजय कपूर के पाला बदल के पीछे उनके अग्रज विजय कपूर के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक की मदद से लिया गया निर्णय भी बताया जा रहा है। हालांकि अजय के इस फैसले से उनके तमाम समर्थकों में निराशा भी है।

### आलोक की टिकट की दावेदारी और पुख्ता हुई

**कानपुर।** अजय कपूर के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस से लोकसभा टिकट के दावेदारी की दौड़ में आलोक मिश्रा नंबर वन पर पहुंच गए। ब्राह्मण बहुल सीट होने के कारण उनके समर्थक टिकट तय मान रहे हैं। हालांकि आलोक की काट के लिए मदन मोहन शुक्ला और पवन गुप्त आज ही दिल्ली रवाना हो गए। आलोक मिश्रा का कहना है कि जिस पार्टी ने अजय को राजनीति में ऊंचाइयां दीं जब उसके नहीं हुए तो भाजपा या कानपुर की जनता के क्या होंगे।


आलोक मिश्रा।

## सस्ती जमीन का झांसा देकर ठग लिए 2.20 लाख

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र के विजय नगर निवासी राजू झा को जालसाजों ने सस्ते दाम में जमीन दिलाने का झांसा देकर 2.20 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने डीसीपी सेंट्रल से शिकायत की है। उनके अनुसार वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात नजीराबाद क्षेत्र में स्थित कंपनी के निदेशक से हुई थी। आरोपी ने बिधनू के कठौंगर में 4.44 लाख रुपये में प्लॉट दिलाने का झांसा दिया था। आरोप है कि निदेशक ने झांसा देकर 2.20 लाख रुपये ले लिए। रजिस्ट्री के लिए कहने पर टालमटोल शुरु कर दिया। पीड़ित ने बुधवार को डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम से शिकायत की। उन्होंने एसओ नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## एलकेजी छात्र की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूल के बगल में शराब का ठेका होने के कारण बच्चे ने दायर की थी जनहित याचिका

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल में स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले पांच वर्षीय बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल में शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है।

सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष से चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। एलकेजी छात्र मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के अनुसार मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है। मामला, चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर का है। पांच वर्षीय अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। नियम के मुताबिक सरकारी ठेका दिन में 10 बजे के बाद ही खुलना चाहिए, लेकिन वहां अक्सर सुबह से शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग शराब के नशे में हुड़दंग करते हैं। स्कूल के पास रिहायशी इलाका भी है। जहां सैकड़ों लोग रहते हैं। अथर्व के कहने पर उसके परिवार वालों ने कानपुर के अफसरों से लेकर राज्य सरकार तक कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर अथर्व ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी।

## चमनगंज में फायरिंग से फैली दहशत

कार्यालय संवाददाता कानपुर

### थाना प्रभारी फायरिंग की बात से करते रहे इनकार

- शहर के अति संवेदनशील इलाके चमनगंज में गोली चली तो हड़कंप मच गया इस दौरान फायरिंग की खबर सोशल मीडिया पर कुछ ही देर में वायरल हो गई। जिसके बाद काम कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी अलर्ट हो गए। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी चमनगंज मीडिया कर्मियों से गोली चलने की बात से साफ इनकार करते रहे।

**अमृत विचार।** बुधवार देर रात चमनगंज थानाक्षेत्र में दो पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर एसीपी सीसामऊ सर्किल की फोर्स मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस को कारतूस के खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी खंगालने में जुट गई है।

चमनगंज स्थित मोहम्मद अली पार्क के पास बुधवार रात दो पक्षों में विवाद के बाद किसी ने फायरिंग कर दी। कई राउंड फायरिंग से इलाके में भगदड़ मच गई। इस दौरान नमाज तराबी के लिये लोग जमा हो रहे थे। भीड़-भाड़ के बीच आरोपी मौके से फरार हो गये। घटना की जानकारी पर एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमारी सर्किल के फोर्स संग मौके पर पहुंची। चमनगंज पुलिस को पार्क के पास से दो खोखे बरामद हुए हैं। हालांक पुलिस को देर रात तक तराबी के चलते आरोपितों की जानकारी नहीं हो पाई। एसीपी के मुताबिक पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इलाकाई लोगों ने तीन से चार राउंड फायरिंग की बात बताई है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।


सलेमपुर में अमृत सरोवर के पास बना पार्क। अमृत विचार

## तीन महिला प्रधानों ने मॉडल पंचायत बनाई, जीता पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच प्रधान पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए शहर की पांच ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है। इनमें तीन महिला प्रधान हैं। विकासखंड सरसौल की ग्राम पंचायत सलेमपुर के ग्राम प्रधान अमित कुमार को पहले पुरस्कार में 35 लाख रुपये धनराशि मिली है। उनके साथ चयनित चार ग्राम पंचायतों के प्रधानों को लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार में घाटमपुर के बदले सिमनापुर की प्रधान संगीता देवी को द्वितीय पुरस्कार के तौर पर 30 लाख रुपये, घाटमपुर के ही गढोलामऊ के प्रधान शंकर दयाल यादव को तृतीय पुरस्कार में 20 लाख, बिधनू कडरी चम्पतपुर की प्रधान सपना चतुर्वेदी को चौथे पुरस्कार स्वरूप 15 लाख और पतारा तिलसडा की प्रधान सुलेखा देवी को पांचवें पुरस्कार में 10 लाख रुपये मिलेंगे। डीपीआरओ ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट का बेहतर प्रबंध मिला है। ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के साथ सीसीटीवी लगे हैं। ग्राम पंचायतों को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से प्राप्त धन का खर्च कई विशेष कामों में किया जा सकता है। जैसे ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना, टीकाकरण हेल्थ कैंप, पंचायत कार्यालय की स्थापना जिसमें कंप्यूटर, प्रिंटर व इंटरनेट की सुविधा हो।


## माफिया साउद अख्तर के घर की छापेमारी

**कानपुर।** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी के मामले में गुरुवार को कोर्ट के आने वाले फैसले से पहले यूपी के टॉप टेन माफिया कुख्यात अपराधी साउद अख्तर के घर जाजमऊ, चकेरी समेत कई थानों की फोर्स ने छापेमारी की। हालांकि इस दौरान जेल से जमानत पर चल रहा साउद पुलिस के हाथ नहीं लगा। इस दौरान पुलिस की छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

चकेरी में 20 जून 2021 को बसपा नेता व हिस्ट्रीशीटर पिंटू सेंगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चकेरी पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद हत्याकांड का खुलासा किया था। इसमें डॉन मुख्तार अंसारी का रिश्तेदार यूपी का टॉप टेन माफिया सऊद अख्तर, महफूज अख्तर, पप्पू स्मार्ट समेत 14 हत्यारोपियों को जेल भेजा था। उनमे से कइयों की जमानत हो चुकी है। कुछ समय पहले जेल में बंद सऊद अख्तर को हत्या के बाद गैंगस्टर मामले में भी जमानत मिल गई थी। जिसके बाद वह क्षेत्र में सक्रिय है। पुलिस लोकसभा चुनाव, सीएए, रमजान और इरफान की फैसले को लेकर अलर्ट हो गई है। इस कुख्यात के द्वारा कोई माहौल न खराब किया जाए इसको लेकर पुलिस ने छापेमारी की है।

## आरोप लगाने वाला दरोगा लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- फीलखाना के उपनिरीक्षक का साथियों और थानाध्यक्ष के विरुद्ध वायरल हुआ था वीडियो
- डीसीपी पूर्वी ने की कार्रवाई दरोगा की कार्यशैली खराब बताई, जांच एसीपी को सौंपी

**अमृत विचार।** कानपुर कमिश्नरेट में एक उपनिरीक्षक ने अपने ही सहकर्मियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामला फीलखाना थाने का है। उपनिरीक्षक आत्माराम ने अपने साथ तैनात सब इंस्पेक्टर, सिपाही और थानाध्यक्ष को लेकर परेशानी जताई है। इसे लेकर दरोगा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उसने थानाध्यक्ष, सिपाही और दरोगा के ऊपर जाति सूचक गालियां देने और परेशान करने का आरोप लगाया है। इस मामले में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने दरोगा आत्माराम को लाइन हाजिर करके मामले की जांच एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह को सौंपी है।

उपनिरीक्षक आत्माराम वर्मा फीलखाना थाने में तैनात हैं। उनका आरोप है कि उनके विभाग के लोग ही उनके साथ अन्याय कर रहे है। दरोगा और सिपाही उन्हें आए दिन परेशान करते हैं।

आरोप है कि जब उन्होंने एक महीने पहले अपने पूर्व थाना प्रभारी से समस्या बताई थी तो एसीपी साहब ने थाने आकर सभी को फटकार लगाई थी। उप निरीक्षक आत्माराम वर्मा का आरोप था कि रोज रात की ड्यूटी लगाई जाती है। उन्होंने जाति को लेकर भी सौतेला व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित उप निरीक्षक का ऐसा ही वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। डीसीपी पूर्वी ने मामले को संज्ञान में लेकर विभाग की किरकिरी कराने पर उन्हें लाइन हाजिर कर जांच एसीपी को सौंप दी। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि दरोगा की कार्यशैली खराब मिली है। व्यापारियों की उनके खिलाफ तमाम शिकायतें भी थीं।

## जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से अधर में समानांतर हाई-वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रमईपुर से कबरई तक 112 किलोमीटर लंबा तैयार होना था हाईवे
- भूमि अधिग्रहण समिति की प्राथमिक मंजूरी के बाद, मिलनी थी मंजूरी

**अमृत विचार।** रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित कानपुर-कबरई समानांतर हाईवे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के की उदासीनता के कारण अधर में लटकता नजर आ रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर बनने वाला 112 किमी लंबे हाईवे की भूमि अधिग्रहण समिति की प्राथमिक मंजूरी होने के बाद अब तक बैठक न होने भूमि अधिग्रहण को मंजूरी नहीं मिल सकी है। जिससे मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर हमीपुर, कबरई से बड़े पैमाने पर गिट्टी, मौरंग कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, लखीमपुर आदि जिलों को भेजी जाती है। हर दिन हजारों डंफर और ट्रक गिट्टी, मौरंग लेकर जाते हैं। हाईवे पर हर दिन दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। कानपुर-सागर हाईवे टू लेन होने से आए दिन दुर्घटना व जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

## सीजीएसटी इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्पेक्टर के आवास पर भी की छापेमारी, शिकायत दर्ज करने के मांगे थे पांच हजार

**अमृत विचार।** सर्वोदय नगर स्थित सीजीएसटी कार्यालय में बुधवार को सीबीआई की छापेमारी से हड़कंप मच गया। शिकायत दर्ज करने के एक इंस्पेक्टर ने दस हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़कर गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई टीम इंस्पेक्टर को पहले उसके आवास फिर लखनऊ ले गई। आरोप है कि फर्म के नाम पर जीएसटी की शिकायत दर्ज करने के लिए इंस्पेक्टर ने 10 हजार रिश्वत मांगी थी। पांच हजार रुपये में मामला तय हुआ। लेकिन शिकायतकर्ता सीबीआई के पास पहुंच गया।

घटनाक्रम के अनुसार बुधवार शाम शिकायतकर्ता सर्वोदय नगर स्थित सीजीएसटी कार्यालय में रिश्वत के बताए रुपये लेकर पहुंच गया। इंस्पेक्टर अजय पोरवाल ने पांच हजार रुपये रिश्वत ले ली, तभी घात लगाए बैठी सीबीआई टीम ने उसे दबोच लिया। सीजीएसटी इंस्पेक्टर बचने के लिए गुहार लगाई और माफी मांगी। लेकिन सीबीआई टीम ने उसकी एक न सुनी। टीम ने इसके बाद उसके आवास में छापेमारी की। घटना से पूरे कार्यालय में अफसरों से लेकर कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई टीम ने अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद रात में लेकर लखनऊ रवाना हो गई। सीबीआई ने मामला दर्ज कर लिया है। छापेमारी के दौरान दो लोगों के गिरफ्तार होने की बात फैली। बताया गया कि इंस्पेक्टर का खास साथी हिरासत में लिया गया है। लेकिन इसकी पुष्टि किसी ने भी नहीं की। जानकारी के मुताबिक सीबीआई टीम दो दिन से रेकी कर रही थी। इसके बाद इंस्पेक्टर को रंगे हाथ दबोचा।

**बड़ी सफलता** मरीजों को नहीं होगा कोई साइड इफेक्ट, नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ शोध, निदेशक प्रो . एस गणेश ने इसे बड़ी सफलता बताया

# आईआईटी कानपुर ने खोजी कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर ने कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा खोज निकाली है। दवा के कंटेंट पर शोध कर रहे विशेषज्ञों ने दावा किया है कि इसके सेवन से शरीर पर साइड इफेक्ट होने की संभावना बेहद कम है। शोध-अनुसंधान के दौरान मरीज के शरीर में दवा के काम करने के तरीके पर भी काम किया गया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर के जैविक विज्ञान और बायोइंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन से यह समझने में सफलता पाई है कि नियासिन जैसी कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं आणविक स्तर पर कैसे काम करती हैं। शोध में अत्याधुनिक क्रायोजेनिक-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (क्रायो-ईएम) तकनीक का उपयोग करते हुए, प्रोफेसर अरुण के शुक्ला के नेतृत्व वाली टीम नियासिन और अन्य संबंधित दवाओं के सक्रिय प्रमुख लक्ष्य रिसेप्टर अणु को दृष्टिगोचर करने में सफल रही। यह शोध जिसमें कम दुष्प्रभावों के साथ कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए नई दवाओं के विकास की संभावना है, प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका, नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित किया गया है। प्रोफेसर अरुण के शुक्ला ने बताया कि 'नियासिन' आमतौर पर खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने की दवा है। लेकिन कई रोगियों में दवा के दुष्प्रभाव होते हैं। इनमें त्वचा की लालिमा और खुजली, जिसे फ्लशिंग प्रतिक्रिया कहा जाता है। इससे मरीज़ इलाज बंद कर देते हैं और उनके कोलेस्ट्रॉल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हाइड्रोक्सीकार्बोक्सिलिक एसिड रिसेप्टर 2 (एचसीए-2), जिसे नियासिन रिसेप्टर या 'जीपीआर109ए' के रूप में भी जाना जाता है, मानव शरीर में एक प्रकार का रिसेप्टर है जो वसा से संबंधित और धमनी-अवरुद्ध प्रक्रियाओं को रोकने में मदद करता है। जब यह सक्रिय होता है, तो यह रक्त वाहिकाओं को भी चौड़ा कर सकता है, यही कारण है कि नियासिन जैसी कुछ कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं के कारण कुछ रोगियों को लाल, लाल त्वचा की प्रतिक्रिया का अनुभव होता है। उन्होंने यह भी बताया कि आणविक स्तर पर नियासिन के साथ रिसेप्टर अणु 'जीपीआर109ए' के तालमेल का विजुलाइजेशन नई दवाओं के निर्माण के लिए आधार तैयार करता है जो अवांछनीय प्रतिक्रियाओं को कम करते हुए प्रभावकारिता बनाए रखती हैं। इस अध्ययन के नतीजे कोलेस्ट्रॉल के लिए संबंधित दवाएं और मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी अन्य स्थितियों के लिए दवाएं विकसित करने में भी मदद करेंगे। आईआईटी के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा की यह एक महत्वपूर्ण सफलता है, क्योंकि यह दवा-रिसेप्टर इंटरैक्शन के बारे में हमारी समझ को गहरा करती है और बेहतर चिकित्सीय एजेंटों के डिजाइन के लिए नए रास्ते खोलती है। यह उपलब्धि अनुसंधान में नवाचार और उत्कृष्टता के माध्यम से वास्तविक दुनिया की स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण देती है।


दवा के तत्वों पर खोज करने वाले प्रोफेसर अरुण के शुक्ला। अमृत विचार

- दवा के काम करने के नए तरीकों को भी शोध के माध्यम से खोजा गया


दवा की खोज में सहयोग देने वाली प्रोफेसर अरुण के शुक्ल की टीम। अमृत विचार

## कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठग लिए 70 हजार रुपये

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने के नाम पर पीड़ित से 70 हजार रुपयों की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

लालबंगला के काजीखेड़ा निवासी कमल तिवारी के पास फरवरी में क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने के नाम पर फोन आया, जिस पर उनसे 33 हजार रुपये खाते से पार कर लिए। पीड़ित को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं बीते 12 मार्च को साइबर ठगों ने फोन करके प्ले स्टोर से एनीडेस्क एप डाउनलोड कराया।

इसके बाद खाते से 37 हजार रुपये पार कर लिए। खाते से रकम जब उड़ी तब पीड़ित के होश उड़ गए।




अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट — प्रेम विवाह, पति—पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



लालबंगला में सड़क पर सजा बाजार। अमृत विचार



अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों की वजह से लालबंगला में लगता जाम। अमृत विचार

# लाल बंगला बाजार अतिक्रमण से बेहाल

## कब्जेदारों के कारण गुम हो गया सड़क किनारे छह-छह फिट का फुटपाथ, रोज शाम को लगता है जाम

### बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 50 साल से अधिक पुरानी लाल बंगला बाजार अतिक्रमण और ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से हलकान है। अतिक्रमण के कारण संकरे हो चुके मार्गों पर रोज शाम के समय लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। प्रतिमाह लाखों रुपये राजस्व देने वाली बाजार मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जूझ रही है। बाजार में एक यूरिनल है, लेकिन रखरखाव के अभाव में बेकार पड़ा है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राहक बाजार में आने से कतराते हैं।

कपड़े, कास्मेटिक, बर्तन, ज्वैलरी, इलेक्ट्रानिकस गुड्स समेत हर प्रकार का सामान उपलब्ध कराने वाली लालबंगला बाजार शहर के पूर्वी इलाके की प्रतिष्ठित बाजार है। यहां 800 से अधिक दुकानें है। आम दिनों में बाजार में 25 से 30 हजार ग्राहकों का आवागमन होता है। जाजमऊ, पटेल नगर, सनिगवां, कृष्णा नगर, श्याम नगर, स्वर्ण जयंती विहार के साथ अचलगंज, फतेहपुर तक के लोग इस मार्केट में खरीदारी करने आते है।

बाजार में रोज तकरीबन एक करोड़ से अधिक का व्यापार होता है। इसके बावजूद यहां की मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। बाजार में सबसे बड़ी समस्या है जाम, जिसका प्रमुख कारण है अतिक्रमण व ई-रिक्शा चालकों की अराजकता। व्यापारियों के मुताबिक ओल्ड रोड 80 फीट चौड़ी सड़क थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क आधी रह जाती है। अतिक्रमण न हो इसके लिए सड़क के दोनों ओर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा निर्धारित स्थान चिन्हित कर पत्थर लगाए थे, जिन पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया। अतिक्रमण में सड़क के दोनों ओर करीब 10-10 फिट के फुटपाथ लगभग गुम हो चुके हैं।

लाल बंगला से हरजेंदर नगर चौराहे तक दिनभर ई-रिक्शा चालाकों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। व्यापारियों के मुताबिक ई-रिक्शा चालक बाजार में आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर सवारियां बैठाते है, जिस कारण पल भर में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। महिलाओं के लिए बाजार में यूरिनल की कोई व्यवस्था नहीं है। एनटू रोड चौराहा पर एक यूरिनल है, लेकिन रखरखाव के अभाव में वह जर्जर है। साथ ही बाजार में वाहनों की पार्किंग की भी कोई व्यवस्था नहीं है।

### स्ट्रीट वेंडर्स का आतंक, अक्सर होता विवाद

व्यापारियों बताया कि बाजार में फुटपाथ के दोनों ओर स्ट्रीट वेंडर्स ने कब्जा कर रखा है। इसके साथ ही दुकानों के बाहर ठेले खड़े किए जाते है। बाजार में करीब 500 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स आधी-आधी सड़क घेरे रहते हैं। दुकानों के बाहर ठेले खड़े होने से ग्राहक दुकानों तक नहीं आ पाते, मना करने पर स्ट्रीट वेंडर्स विवाद पर आमादा हो जाते हैं।

- बाजार में एक भी यूरिनल नहीं, सफाई न होने से गंदगी का भी साम्राज्य

**800** से ज्यादा विभिन्न दुकानें बाजार में हैं स्थित

**25** हजार ग्राहकों का आम दिनों में होता आवागमन

**01** करोड़ रुपये का बाजार में रोज कारोबार का अनुमान

**80** फिट चौड़ी ओल्ड रोड कब्जों के कारण रह गई आधी

**500** से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स बाजार में सड़क घेरे रहते

### क्या बोले व्यापारी



बाजार में जाम की समस्या सबसे प्रमुख है। गाड़ी खड़ी कर दुकान तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। जगह-जगह अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है।

– शैलेंद्र त्रिपाठी



पूरी बाजार में मुख्य सड़क पर स्ट्रीट वेंडर्स कब्जा किए हैं। आधी सड़क तक ठेले खड़े होने से राहगीरों का पैदल निकलना तक दुश्वार है। दुकानों के बाहर वाहनों की पार्किंग नहीं हो पाती है। ठेले लिंक रोड पर खड़े कराने की व्यवस्था होनी चाहिए।

– चंद्र मोहन विग



ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण बाजार में ग्राहकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शाम के समय पूरी सड़क घेरकर ई-रिक्शा चालक खड़े होते हैं। शाम छह बजे से रात 10 बजे तक बाजार में पैदल चलना तक दुश्वार रहता है। ई-रिक्शा का स्थान चिह्नित किया जाए।

– कमलेश कारिया



बाजार में पार्किंग व्यवस्था न होना महत्वपूर्ण समस्या है। पार्किंग के लिए एनटू रोड चौराहे पर स्थित केडीए मार्केट के पास खाली पड़ी जगह नगर निगम अधिकारियों को सुझाई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पार्किंग न होने से ग्राहक बाजार में आने से कतराने लगे हैं।

– विनोद गुप्ता, व्यापारी नेता



यातायात के लिए नासूर बन गए ई- रिक्शा। अमृत विचार

## नशेबाजी का विरोध करने पर शादी समारोह में पथराव

**कानपुर।** नशेबाजी का विरोध करने पर वर पक्ष से शामिल हुए युवकों वृद्ध के साथ मारपीट कर गेस्ट हाउस में पथराव कर दिया। कई लोग घायल हो गए।

गुजैनी, आई ब्लॉक निवासी ऋषभ शुक्ला ने बताया कि बीते 11 मार्च को वह अपने मित्र की बहन की शादी समारोह में शामिल होने के लिए बर्रा स्थित एक गेस्ट हाउस गए थे। बताया कि गेस्ट हाउस में वर पक्ष की ओर से शामिल सी ब्लॉक निवासी पंकज सिंह व सुरेश पाल अपने साथियों के साथ शराब पी रहे थे, जिसका दोस्त के पिता ने विरोध किया। आरोप है कि नशे में धुत युवकों ने उनके साथ मारपीट कर शुरु कर दी। लोगों ने बीच-बचाव कराया। ऋषभ के मुताबिक कुछ देर बात पकंज व सुरेश दो गाड़ियों में आठ से 10 लोगों के साथ गेस्ट हाउस आए और पहली मंजिल में मौजूद अतिथियों पर पथराव कर दिया। ऋषभ समेत कई लोग घायल हो गए। ऋषभ ने बर्रा थाने में पंकज, सुरेश समेत सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (प्रथम)
केस्को, बिजलीघर, परेड, कानपुर

**ई–निविदा सूचना:** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित ई–निविदा पृथक–पृथक दो भागों में प्रतिष्ठित व अनुभवी निविदादाताओं से विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, बिजलीघर केस्को के अन्तर्गत निम्नवत् कार्यो व विवरण के अनुसार ई–निविदा वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती हैं। क्र0सं0– 1, ई0 निविदा संख्या– 56/ईयूडीसी–प्रथम/2023–24, कार्य का विवरण– विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम के अधीन वितरण खण्ड–नवाबगंज, फूलबाग, जरीबचौकी, बिजलीघर एवं आलूमण्डी के कार्य क्षेत्र में स्थापित विद्युत लाइनों की वार्षिक मरम्मत एवं सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य– 3540/– जी0एस0टी0 सहित, धरोहर धनराशि– 50,000/–, खुलने की तिथि– 20.03.2024, ई–निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदादाताओं द्वारा वेबसाईट पर निविदा की खुलने की निर्धारित तिथि को अपरान्ह 13:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है एवं ई–निविदा का प्रथम भाग उसी दिन 15:00 बजे वेबसाईट पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। ई–निविदा मूल्य की धनराशि का भुगतान एवं प्रथम भाग में धरोहर धनराशि का भुगतान आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/एफ0डी0आर0 के माध्यम से **(Account Name- KESCO EMD AND OTHER DEPOSIT A/C, Account No- 7723508014 & IFSC Code IDIB000K587)** में जमा किया जा सकता है। वेबसाइट पर निविदा प्रपत्रों के साथ यू0टी0आर0 स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग मे निर्धारित पी0क्यू0आर0 एवं तकनीकी अभिलेख होंगे तथा निविदा के द्वितीय भाग मे दरें एवम् व्यवसायिक शर्ते होगी, बिना धरोहर धनराशि के तथा सशर्त निविदायें खोली/स्वीकार नहीं की जायेंगी। **ई–निविदा में किसी प्रकार की शुद्धि एवं तिथि के विस्तारण की सूचना ई–टेन्डरिंग बेवसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी जिसकी सूचना प्रथक रूप से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।** तकनीकी योग्यता पूरी न करने वाले निविदादाताओं की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। (**रवि चन्द्र श्रीवास्तव) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम बिजलीघर, केस्को कानपुर, ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ''** पत्रांक: 1222/ईयूडीसी–प्रथम/2024 दिनांक:– 13.03.2024

### होली आई रे...



होली आते ही अबीर और गुलाल बनाने का काम कारोबारियों ने तेज कर दिया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर गुलाल और अबीर बनाने का काम हो रहा है। कानपुर से पूर्वांचल के आजमगढ़, गोरखपुर, वाराणसी, देवरिया, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, कुशीनगर, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में अबीर और गुलाल की आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही दिल्ली भी यहीं यहां से गुलाल भेजा जाता है। गुलाल तैयार करते श्रमिक। अमृत विचार

# वसूली में दरोगा व हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी से की थी मामले की शिकायत
- डीसीपी पूर्वी ने मामले की जांच एसीपी चकेरी को दी

**अमृत विचार।** कमिश्नरेट में तैनात कुछ दागदार पुलिसकर्मी अपनी हरकतों से बीच-बीच में सुर्खियों में आकर उच्चाधिकारियों की भद्द कराते हैं। यह हालत तब हैं, जब पूर्व में दागी पुलिसकर्मियों की सूची तैयार की जा चुकी है। इस बार मामला चकेरी थानाक्षेत्र का है। जहां पीड़ित ने दरोगा और हेड कांस्टेबल पर वसूली के आरोप में डीसीपी पूर्वी से शिकायत की थी। जिसके बाद उन्होंने दोनों को लाइन हाजिर करते हुए मामले की जांच एसीपी चकेरी को दी है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह से एक पीड़ित ने मोबाइल चोरी के मामले में अवैध वसूली करने का आरोप लगाकर चकेरी थाने की सनिगवां चौकी में तैनात दरोगा राहुल कुमार और हेड कांस्टेबिल अमित कुमार की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता के मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को दरोगा व हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया। मामले की जांच एसीपी चकेरी दिलीप कुमार को दी गई है। वह अपनी रिपोर्ट उन्हें सौपेंगे।

### पीटने, रुपये छीनने पर दो सिपाही हुए थे लाइन हाजिर

जाजमऊ थाने के सिपाही सत्येंद्र सिंह और मोहम्मद नफीस के खिलाफ कई शिकायतें आ रही थीं। डीसीपी पूर्वी रहे शिवाजी शुक्ला ने दोनों को लाइन हाजिर कर दिया। अहिरवां निवासी अनिल यादव ने आरोप लगाया था कि जुआ खेलने के दौरान उनसे मारपीट हो जाने की शिकायत करने वे जाजमऊ थाने गए थे। जहां पर सिपाही सत्येंद्र ने उनसे मारपीट कर 12 हजार छीन लिए।

### सूची में 90 दागदार पुलिकर्मियों के नाम

तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने दागदार पुलिस कर्मियों की सूची तैयार की थी। इसमें 90 पुलिस कर्मियों के नाम शामिल थे।

### इन घटनाओं ने कराई किरकिरी

- **8 सितंबर 2022 :** बिधनू में कारोबारी के घर वसूली करने के आरोप में तीन ट्रेनी दरोगा दीपक कुमार, मोहित राणा और कुशलवीर राठी को निलंबित किया गया।
- **23 फरवरी 2023 :** सचेंडी में हार्डवेयर कारोबारी से 5.30 लाख लूटने की घटना में दरोगा यतीश कुमार, हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे और दरोगा रोहित सिंह को निलंबित कर दिया गया था। बाद में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने दरोगा रोहित को बर्खास्त कर दिया।
- **19 जनवरी 2023 :** पनकी रोड पर मुफ्त की मिठाई लेने के लिए नशे की हालत में दरोगा सर्वेंद्र कुमार ने दुकान मालिक पर हाथ छोड़ दिया था। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने उसे निलंबित कर दिया था।
- **19 जून 2023 :** गोकशी करने वाले गिरोह में शामिल जाजमऊ के हेड कांस्टेबल अहमद को डीसीपी पूर्वी ने निलंबित कर दिया।
- **30 जून 2023 :** गोविंद नगर में तैनात दरोगा शुभम सिंह ने एक पीड़ित को चैट कर रूम पर बुलाया। डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार ने उसे निलंबित कर दिया था।
- **3 सितंबर 2023 :** साढ़ थाने में तैनात दरोगा तेजवीर सिंह ने पीड़ित महिला से तन मन धन से मदद करने के लिए कहा था। आडियो वायरल होने पर उसे निलंबित किया गया।

# हत्या व डकैती में तीन लोगों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस कमिश्नर की संस्तुति पर रेलबाजार पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** हत्या, लूट और डकैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ रेलबाजार पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नर की संस्तुति पर कार्रवाई को अमल में लाया गया। रेलबाजार पुलिस दो आरोपियों को जेल भेज चुकी हैं, वहीं फरार तीसरे की तलाश की जा रही है।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में सीओडी पुल के नीचे एक युवती का शव मिला था। जिसमें आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप कर लूटपाट कर हत्या की थी। पुलिस ने मामले में आरोपी कैंट के ओल्ड लाइन पुलिस कॉलोनी निवासी सोमनाथ गौतम, सत्यम मौर्या और फतेहपुर लोहारन डेरा रामपुर निवासी राघवेंद्र उर्फ रवि विश्वकर्मा के खिलाफ हत्या, गैंगरेप, और डकैती व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। साथ ही दो आरोपियों सोमनाथ व राघवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं सत्यम की तलाश में जुटी है।

# अपहरण और पेशाब कांड का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र का मामला, कई दिनों से चल रहा था फरार

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एमसीए छात्र आयुष को तमंचा लगाकर अपहरण कर बेरहमी से मारपीट के मामले में पुलिस ने एक और इनामिया मोहम्मद फैजान उर्फ रजत निवासी सला बख्श का हाता कर्नलगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पकड़ा गया फैजान घटना के बाद से तीन महीने से फरार चल रहा था। जिसके बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल के आदेश पर उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया था। कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया है। फैजान पर भी अन्य आरोपियों पर अपहरण, हत्या का प्रयास, षड्यंत्र रचने, बलवा, मारपीट धमकाने गालीगलौज समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

नौ जनवरी को गोवा गार्डन राधापुरम निवासी एमसीए के छात्र आयुष द्विवेदी की इंस्टाग्राम आईडी पर एक युवती का मैसेज आया था। युवती ने आयुष को परेड स्थित दूध बंगले के पीछे बुलाया था। झांसे में आकर आयुष अपने साथी अभिषेक उर्फ बिट्टू के साथ मौके पर गया था। आयुष मौके पर पहुंचा तो एक कार खड़ी थी, जिसमें एलआईयू (हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव का बेटा हिमांशु यादव, जिम संचालक शुभम सोनकर, नंदू दुबे, ऋषभ चौहान, रजत, मोहित, आयुष मिश्रा, मोहम्मद फैजान उर्फ रजत व एक अन्य लोग सवार थे। उक्त लोगों ने आयुष और साथी अभिषेक को जबरन गाड़ी में बैठा कर मारपीट की। इसके बाद आरोपी दोनों को कोपरगंज रेलवे पटरी पर ले गए, जहां आयुष पर तमंचे से फायर किया। लेकिन आयुष बाल-बाल बच गया था। इस दौरान आरोपियों ने आयुष से मारपीट के दौरान उसे बारी-बारी पेशाब पिलाई। आरोपी दोनों को लेकर कल्याणपुर के केसा चौराहा पहुंचे, जहां एलआईयू कर्मी धर्मेंद्र यादव ने भी उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद आरोपी आयुष को छोड़ कर मौके से फरार हो गए थे। अपहरण की सूचना पर मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले में पुलिस ने नंदू दुबे, धर्मेंद्र यादव व ऋषभ चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम नीलाब्जा चौधरी ने एलआईयू (हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव को निलंबित कर दिया था। इसके बाद कल्याणपुर पुलिस ने धर्मेंद्र यादव, नंदू दुबे व ऋषभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हाल ही में सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने वसाब को भी गिरफ्तार किया था। इस घटना में तीन माह से फैजान उर्फ रजत फरार चल रहा था। जिसके बाद इनाम घोषित किया गया था।

### वैदिक गणित का महत्व

**कानपुर।** वैदिक गणित की मदद से रामायण और महाभारत ग्रंथ को समझाया जा सकता है। यह बात सीएसजेएमयू में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर वक्ताओं ने कही। सर पद्मपत सिंघानिया शिक्षा केंद्र में भी कार्यशाला हुई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

*प्रवेश हेतु संपर्क करें :-*
मो. 9412151327, 7521001992

पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अभिनव पहल | जिलाधिकारी ने 150 स्कूलों के प्रधानाचार्य के साथ की बैठक, विभिन्न गतिविधियों के जरिए जागरूक करने का आह्वान

# गंगा सफाई और पर्यावरण पर जागरुकता फैलाएंगे स्कूली बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर,

**अमृत विचार।** माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य के साथ बुधवार को जिलाधिकारी ने बैठक की। इस दौरान यह तय हुआ कि गंगा सफाई और पर्यावरण सहित अन्य मुद्दों पर स्कूली बच्चे जन जागरण अभियान में शामिल होंगे। बैठक के दौरान 150 से अधिक माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य शामिल हुए।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने तथा गंगा की अविरलता निर्मलता बनाये रखने, प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनाये जाने के लिए एक जन आंदोलन चलाये जाने पर बल दिया।

इस दौरान प्रधानाचार्यों को जिलाधिकारी ने कक्षावार प्री-इलेक्शन पीटीएम तथा पोस्ट-इलेक्शन पीटीएम आयोजित कराये जाने का भी आह्वान किया। इसी तरह हर चार माह में निबन्ध, चित्रकला, स्लोगन, वाद-विवाद प्रतियोगिता का समयबद्ध आयोजन करने, विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति, पोषण अभियान, संचारी रोग के अन्तर्गत संक्रामक रोगों से बचाव, सुरक्षा के लिए पर्याप्त जागरूकता कार्यकम आयोजित करने के निर्देश दिए।

तय किया गया कि खेरेश्वर घाट शिवराजपुर, बन्दीमाता घाट चौबेपुर, ब्रम्हावर्त घाट बिदूर, अटल घाट नवाबगंज, परमट घाट कानपुर एवं सरसैया घाट सिविल लाइन्स सहित कानपुर नगर के अन्य घाटों की सफाई एवं पर्यावरण को और अधिक स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनाये जाने के विशिष्ट उद्देश्य से निकटस्थ विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्बन्धित गंगा घाटों में अपने विद्यालयों के बैनर सहित कैम्पेन करेंगे। बैठक के दौरान अलग-अलग प्रधानाचार्यों से इस सम्बन्ध में सुझाव भी लिए गए।



प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करते डीएम राकेश सिंह। अमृत विचार

## एक नजर

### गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर चोरी समेत अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने वताया कि हनुमंत विहार के वखतौरीपुरवा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह शातिर अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही जाजमऊ थाने में चोरी समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज है। इसके अलावा जाजमऊ पुलिस ने आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मामला भी दर्ज है। आरोपी को मंगलवार देर रात टाटमिल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

### आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी जोन के समस्त थानों के आईजीआरएस प्रभारियों के साथ बैठक की। इसमें आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। पोर्टल से प्राप्त सभी संदर्भों की समीक्षा की गई वह उनके गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण के संबंध में निर्देश दिए गए। सीएम पोर्टल, ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त संदर्भों के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए गए। फरवरी में जोन के प्रथम स्थान प्राप्त थानों सर्किल के अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# मेट्रो को एयरपोर्ट से जोड़ें, घंटाघर पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाएं

## शहर का सारा व्यापार कारोबार घंटाघर से एक किमी परिधि में लेकिन यातायात इंतजाम बदहाल

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी एयरपोर्ट तक मेट्रो की कनेक्टिविटी दी जाए, घंटाघर क्षेत्र में मल्टीपार्किंग बनाई जाए तो शहर के व्यापार और कारोबार को भी गति मिलेगी। शहर के उद्यमियों का कहना है कि घंटाघर से आधा किमी दायरे में शहर में सारा व्यापार है। कपड़ा, किराना, सर्राफा से लेकर मशीनरी तक पूरा कारोबार यहीं से संचालित होता है। इस इलाके में मल्टी लेवल पार्किंग की सुविधा न होने से सड़क पर जाम लगता है, जिसका खामियाजा व्यापारी और कारोबारी को भी भुगतना पड़ता है।

अमृत विचार के 'जनता का मुद्दा' कार्यक्रम में बुधवार को कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने चर्चा में कारोबारियों के सामने आ रही समस्याओं को उजागर करने के साथ समाधान भी सुझाया। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा, कार्यालय प्रभारी सुनील पांडेय, अध्यक्ष सत्य प्रकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष राहुल दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर अग्रहरि ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था का असर व्यापार पर पड़ता है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पर काम तो हो रहा है, मगर इसमें व्यवहारिकता, बाजार से जुड़ाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है। यही कारण ट्रैफिक व्यवस्था से व्यापारियों को लाभ नहीं है। अगर हर क्षेत्र में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत करके कोई नियम लागू हो तो वह व्यवस्था लंबे समय तक चलेगी और दिक्कत भी नहीं आएगी। कहां रोड बंद करनी है और कहां बैरियर लगाना है। बिना प्लानिंग के यह काम होगा तो उसका सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा।

शहर का व्यापार घंटाघर के आसपास आधा किमी क्षेत्र से संचालित है। सुई से लेकर बड़ी-बड़ी मशीनरी का कारोबार यहीं से होता है। बाहर जिलों को माल भेजने से लेकर शहर में माल पहुंचाने का काम भी यहीं से हैं। मगर आधा किमी दायरे वाले इस क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर व्यवस्था शून्य है। जबकि बीआईसी (ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन), चाचा नेहरू, रेलवे माल गोदाम की जमीन पड़ी है। कहीं भी मल्टीपार्किंग बन सकती है। मेट्रो को एयरपोर्ट से जोड़ दिया जाए तो व्यापार का सीधा जुड़ाव बड़ी मंडियों अहमदाबाद, कलकत्ता, महाराष्ट्र, दिल्ली से हो जाएगा।

नीलम होटल के मालिक राहुल दीक्षित ने बताया घंटाघर चौराहा पर बीच रोड ई-रिक्शा स्टैंड बनाया गया है, मगर इससे परेशानी और बढ़ गई है। पुलिस की ड्यूटी लगती नहीं है और रिक्शा वाले सड़कों पर ही खड़े होते हैं। जो जगह स्टैंड के लिए घेर दी गई उसका भी लाभ नहीं है। रात दस बजे नोएंट्री खत्म होने के बाद गल्लमंडी रोड पर जब ट्रक घुसते हैं तो जाम के कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।

**समस्याएं गिनाईः** व्यापारियों ने बताया बाजारों में अनेक समस्याएं हैं, मगर समाधान नहीं हो रहा है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों में डस्टबिन लगे, यूरिनल की सुविधा ठीक हो। व्यापार मंडल इसमें सहयोग कर सकता है। ई-रिक्शा पर अंकुश लगना जरूरी है। नाबालिग बच्चे रिक्शा लेकर सड़क पर न उतरें। त्योहार में सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों को परेशान न किया जाए।


कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने जनता का मुद्दा में रखीं समस्याएं और बताए समाधान। अमृत विचार

### सड़क पर कट बंद करने से बढ़ी परेशानी

जीटीरोड, बादशाहीनाका, घंटाघर पर कई जगह रोड के कट बंद कर दिए गए हैं। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ा है। कट बंद करने से पहले 100 रुपये भाड़ा में माल जाता था, अब घूमकर जाने के कारण 200 रुपये देने पड़ते हैं। प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा ने बताया कि कमिश्नरेट बनने से पहले शहर में तीन-चार आईपीएस अधिकारी व्यवस्था संभालते थे। अब दो दर्जन आईपीएस शहर में हैं और व्यवस्थाएं किस हद तक सुधरी हैं, यह सबके सामने हैं। सड़कों को इस कदर बंद कर दिया गया है कि बेवजह कई किमी चक्कर लगाना पड़ता है। कार्डियोलॉजी के सामने तक कट बंद कर दिया गया है। ट्रैफिक के जो काम हो रहे हैं, उसमें व्यवहारिकता नहीं है।

### सारे ट्रैफिक नियम बाजारों पर ही लागू होते?

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष बाजपेई, उपाध्यक्ष अंकित जायसवाल, हरिओम अग्रहरि, अंकित मिश्रा, मांशु वैश्य ने बताया कि सारे ट्रैफिक नियम बाजारों में ही लागू होते हैं। कोई अधिकारी आता है और दुकान के बाहर रस्सी लगवा जाता है। कोई बैरियर लगा देता है। फिर कोई आता है और सब हटाकर कहता है कि ये हम निर्धारित करेंगे कि फुटपाथ और सड़क कैसे अतिक्रमण से बचे। बार-बार तो नियम बदले जाते हैं। समस्या के समाधान के लिए व्यापारियों से बात करके एक नियम लागू किया जाए। जिसे बार-बार बदले नहीं।

### एक्सप्रेस रोड के बाद दुकानों की कोई योजना नहीं आई

प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बताया एक्सप्रेस रोड कैनाल पटरी पर व्यापारियों के लिए आखिरी योजना आई थी। इसके बाद से कुछ नहीं। शहर के व्यापारी स्थान बताएंगे, वहां प्रशासन की ओर से दुकानें बनाकर व्यापारियों को लागत रेट पर दी जाएं। व्यापारियों को जगह मिल जाएगी और जाम, अतिक्रमण की समस्या का भी काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

### गीता पार्क में कराएं पार्किंग

सीसामऊ, नेहरू नगर, पीरोड, इलेक्ट्रानिक बाजार में जाम व पार्किंग की समस्या को देखते हुए व्यापारियों अरविंद गुप्ता, राजकुमार त्रिवेदी, अजय साहू, सचिन जायसवाल, अमन गुप्ता, ऋषि जयसवाल, कुलदीप राजपूत आदि ने कहा कि गीता पार्क में पार्किंग दे दी जाए तो काफी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। बाकी अतिक्रमण, बेवजह पार्किंग की पुलिस निगरानी करें। व्यापारी उसमें सहयोग करेंगे।

# सीएए पर भ्रम फैलाने में लगा गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घमंडिया गठबंधन को चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। सीएए लोगों को नागरिकता देने का अधिनियम है। विपक्ष को बताना होगा कि इससे किसकी नागरिकता को खतरा हो रहा है, विपक्ष लोगों को भ्रमित ना करें। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने दूसरी बार विधान परिषद सदस्य बनने पर नौबस्ता चौराहे पर हुए स्वागत में कही।

कानपुर क्लस्टर में कानपुर नगर, अकबरपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा के लोकसभा विस्तारक एवं विधानसभा विस्तारकों की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव तक सभी विस्तारक साथियों को बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों से लेकर बूथ पर रहने वाले वरिष्ठ पदाधिकारी से सतत संपर्क संवाद करते हुए लोकसभा चुनाव को धार देनी है। विस्तारकों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक-एक दिन में पांच-पांच बूथों पर प्रवास कार्यक्रम बनाएं और वहां पर निवास करने वाले मठ मंदिरों के संतों से लेकर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों तक संपर्क करें। बैठक में सुनील तिवारी, अखिलेश बाजपेई सहित सभी विस्तारक उपस्थित रहे। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, अभय शंकर दुबे, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, गौरव पांडे, अंकित बाजपेई, सुमित तिवारी, वंदना गुप्ता रहे।


नौबस्ता चौराहे पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### रिटायर्ड डीएफओ भाजपा में शामिल

**कानपुर।** भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने रिटायर्ड डीएफओ संजय शर्मा समेत उनके समर्थकों को भाजपा की सदस्यता पटका पहना दिलाई। रिटायर्ड डीएफओ संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर से मंत्र मुग्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के ज्वॉइनिंग कमेटी के सह संयोजक अनूप अवस्थी, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, अंशु ठाकुर, आनंद मिश्रा रहे।

# बूथ अभियान को गति लाभार्थियों से संवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट में मंडल अध्यक्ष, प्रभारी मंडल, समन्वयक एवं जिले के मोर्चा अध्यक्षों की बैठक में जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि बूथ चलो अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान, नमो एप, माइक्रो डोनेशन अभियान एवं संकल्प सुझाव पत्र पेटिका कार्यक्रमों को लेकर गति देने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करें। उन्हें जो भी लाभ मिले हैं उनसे मिलकर उनका वीडियो एवं उनके साथ फोटो लेकर सरल ऐप पर अपलोड करना है। बैठक में जितेंद्र विश्वकर्मा, वीरेश त्रिपाठी, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, पूनम कपूर, सत्येन्द्र नाथ पांडे, जन्मेजय सिंह रहे।


नवीन मार्केट कार्यालय में मंडल अध्यक्ष, प्रभारी मंडल, समन्वयक एवं जिले के मोर्चा अध्यक्षों को संबोधित करते दीपू पांडेय। अमृत विचार

# शहर में अमिताभ को उतार सकती सपा

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय कपूर के पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कानपुर सीट पर प्रत्याशी को लेकर सपा-कांग्रेस गठबंधन में पुनर्विचार शुरू हो गया है। गठबंधन अब नये प्रभावशाली चेहरे की तलाश में है। समाजवादी पार्टी में यह मंथन शुरू हो गया है अजय कपूर के जाने से साफ है कि कानपुर संसदीय क्षेत्र में तीन विधायक और मेयर के चुनाव में सम्मानजनक वोट हासिल करने के कारण सपा का दायरा कांग्रेस से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यूपी में कांग्रेस के मनमुताबिक कोई अन्य सीट देकर सपा से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने पर विचार चल रहा है। सपा के अंदरूनी सूत्र कहते हैं कि यह विकल्प पार्टी ने खुला रख छोड़ा है। सीट समायोजन से मामला सुलटाया जा सकता है। कानपुर संसदीय क्षेत्र में मुस्लिम और ब्राह्मण मिलाकर करीब सात लाख से ऊपर वोट है। लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटर सपा या फिर कांग्रेस के पीछे खड़ा बताया जाता है बशर्ते प्रत्याशी दमदार होना चाहिए। कांग्रेस से आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, नरेश चंद्र त्रिपाठी, मदनमोहन शुक्ला सरीखे नाम चर्चा में है। पर सपा ऐसे किसी भी प्रत्याशी पर दांव लगाने में थोड़ा हिचकिचा रही है। ऐसे में उसके प्रत्याशी आर्यनगर से विधायक अमिताभ वाजपेयी हो सकते हैं। सपा नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव में अजय को छोड़कर कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त होना और मेयर के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आशनी अवस्थी का 80 हजार वोटों में सिमट जाना, प्रमाण है कि कानपुर अब कांग्रेस के बस की बात नहीं है। भाजपा के बाद यहां सपा ही दूसरे नंबर की पार्टी है।


अजय कपूर के भाजपा में जाने पर खुशी जताते समर्थक। अमृत विचार

### अजय कपूर का स्वागत है : महेश त्रिवेदी

- **कानपुर।** किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी का कहना है कि अजय का भाजपा में आना पार्टी का फैसला है। उनका स्वागत है। भाजपा का लक्ष्य कांग्रेस को समाप्त करने का है, ऐसे में अजय कपूर के आने से कानपुर में कांग्रेस लगभग समाप्त है।

# मंदिर की आड़ में फुटपाथ पर कब्जा, बैठाई जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निराला नगर पराग डेयरी के बाहर स्थित हनुमान मंदिर में हो रहे निर्माण को देख महापौर प्रमिला पांडेय भड़क गईं। उन्होंने मंदिर की आड़ में नाले व नगर निगम फुटपाथ को घेरकर हो रहा अवैध निर्माण रोकने के आदेश दे दिए। नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लोगों ने निर्माण तोड़ने का विरोध कर दिया। महापौर ने जांच के निर्देश देते हुए आगे बढ़ाकर बनाए जा रहे हिस्से को तोड़ने के लिए कहा है।

निराला नगर पराग डेयरी के पास रोड किनारे फुटपाथ पर हनुमान मंदिर है। महापौर मंदिर के कार्यक्रम में आईं थीं, तब जीर्णोद्धार को कहा था। इसी कारण अब मंदिर बड़ा बनाया जा रहा है। मंदिर समिति ने बताया कि छत का निर्माण कराया जा रहा था। महापौर इसे अवैध निर्माण बता रही हैं।


पराग डेयरी के बाहर मंदिर परिसर में हो रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार



> मैं एक कार्यक्रम के लिए बर्रा जा रही थी। मैं उस मंदिर में जा चुकी हूं। पहले वहां टीनशेड लगा था। मंदिर की आड़ में दो मंजिला निर्माण कर रहे हैं। कौन बनवा रहे हैं, इसकी जानकारी तक नहीं हैं। मंदिर को तोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए कहा गया है। – प्रमिला पांडेय, महापौर

# सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला युवक, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में मंगलवार रात फोन कॉल पर घर से निकला युवक बुधवार तड़के पांच बजे गंभीर अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। दोस्तों ने बेहोशी की हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के सिर में चोट हैं। रात तक उसे होश नहीं आया था।

पनकी थाना क्षेत्र के पनका निवासी सागर 22 वर्षीय कमल के भाई संजय ने बताया कि मंगलवार रात दस बजे किसी का फोन आने पर सागर स्कूटी से घर से निकला था। रात में मां शांती से दो बार बात हुई। आखिरी बार सुबह चार बजे बात हुई तो सागर ने जल्दी आने की बात कही।

सागर को उसके दोस्त गंगागंज निवासी साहिल और दीपक पाल तथा छीतेपुर निवासी राजा सहित चार पांच अज्ञात युवकों ने बुधवार तड़के पांच बजे गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस जांच कर रही है।


यूपीएमआरसी तथा कॉन्ट्रैक्टिंग एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

# सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो का जुलाई में ट्रायल रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना में चार किमी लंबे चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन का टनल निर्माण कार्य बुधवार को पूरा कर लिया गया। मैकरॉबर्टगंज से डाउनलाइन पर 420 मीटर लंबे टनल का निर्माण कर तात्या टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) दोपहर में चुन्नीगंज स्टेशन पहुंची और अपना चौथा और अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल किया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि इंजीनियरों की पूरी कोशिश है कि जुलाई 2024 में कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन का ट्रायल शुरू हो जाए।

कानपुर मेट्रो की इस उपलब्धि के साथ ही नाना और तात्या टीबीएम मशीनों का चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन पर टनल निर्माण का सफर पूरा हो गया। दोनों टीबीएम मशीनों ने सघन आबादी वाले शहर के नीचे निर्बाध यात्रा पूरी की। बुधवार को तात्या टीबीएम जैसे ही कटरहेड से धरती को काटते हुए चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन स्थित रिट्रीवल शाफ्ट पहुंची, परियोजना से जुड़े सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसका स्वागत किया। मैकरॉबर्टगंज से चुन्नीगंज के बीच डाउनलाइन पर चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन के आखिरी टनल को बनाने के लिए तात्या टीबीएम मशीन को इसी साल 04 जनवरी 2024 को लॉन्च किया गया था।

### यहां से टनल का सफर

- मोतीझील के बाद नौबस्ता जा रही कानपुर मेट्रो ट्रेन इसी टनल के जरिए भूमिगत सेक्शन में प्रवेश करेगी। नाना टीबीएम मशीन पहले ही 23 फरवरी को अप-लाइन पर टनल निर्माण पूरा कर चुकी है। अब चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के दोनों, अप-लाइन और डाउनलाइन टनल निर्माण का कार्य पूरा हो गया है।

### कॉरिडोर-2 के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

- यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा 8) के निर्माण कार्य की तैयारियों का भी जायजा लिया। वे काकादेव और डबल पुलिया भूमिगत स्टेशनों के निर्माण स्थल पर गए।

खुशखबरी

करौली शंकर महाराज ने घाट का किया निरीक्षण, टूटी मां गंगा और शिव मूर्ति की जगह नई मूर्ति लगाने को कहा

# करौली शंकर धाम कराएगा सरसैया घाट का सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करौली शंकर धाम सरसैया घाट का सुंदरीकरण कराएगा। बुधवार को करौली शंकर महाराज ने घाट के दोनों ओर का नाव के जरिये निरीक्षण किया। इस दौरान घाट पर मां गंगा और शिव प्रतिमा कई जगह से क्षतिग्रस्त मिली। यह देखकर उन्होंने यहां नई प्रतिमा लगवाने की घोषणा की। इसके साथ ही घाट पर बंद फव्वारा को खुलवाने के साथ टिन शेड व शौचालय की अच्छी व्यवस्था कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि मां गंगा के पावन तट पर लोग श्रृद्धा से आते हैं, इसलिये यहां का स्वरूप अच्छा होना चाहिये।

करौली शंकर महादेव ने प्रण लिया कि शहर के ऐतिहासिक सरसैया घाट को उसकी पहचान और दिव्यता फिर से वापस दिलाना है। इसके लिए हवन के साथ-साथ यहां पर करौली शंकर महादेव के सानिध्य में भक्तों ने गंगा के आसपास मौजूद गंदगी को अपने हाथों से साफ किया और प्रण लिया की मां गंगा के किनारो को स्वच्छ करेंगे। इसको लेकर करौली शंकर महादेव ने घाट के चारो ओर का निरीक्षण किया, वहीं नाव के जरिए दूसरी ओर भी वह गये। उन्होंने देखा कि कई जगह गंदगी का अंबार है। सफाई व्यवस्था ठीक न होने और देख-रेख न होने की वजह से यहां लगी प्रतिमाएं भी खराब हो रही हैं।


निरीक्षण करते करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

### गंगा के घाट पर बढ़ा पानी

- सरसैया घाट पर पानी कम होने की वजह से श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करने के लिए रेती के आसपास गंदगी से होकर गुजरना पड़ता था। इसके चलते जमे गंदे पानी से गुजरने के लिए टेंपरेरी चार पुल भी बनाए गए थे। जिससे धालू गंगा स्नान के लिए उसे पार करके जाते थे। भक्तों ने कहा कि 10 मार्च को हुई करौली शंकर महादेव द्वारा निकाली गई तपस यात्रा के दौरान सरसैया घाट पर किए गए अमावस्या के दिव्य हवन के बाद से सरसैया घाट पर एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। यहां मां गंगा घाट पर दिव्य दर्शन देने लगी है। हवन के बाद से दोबारा घाटों पर मां गंगा वापस आती नजर आ रही है।

### पर्यावरण संरक्षण को चलाएंगे अभियान

- करौली शंकर महादेव ने कहा कि गंगा के तट को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अमावस्या पर घाट पर हवन पूजन हुआ था। तब गंगा घाट से काफी दूर थीं अब गंगा घाट के समीप आ गईं। भगवती हर किसी पर कृपा करती हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण, गंगा की अविरलता और निर्मलता को लेकर मुहिम चलाई जाएगी। गंगा और यमुना की सहायक नदियां भी स्वच्छ रहें इसका हमें ध्यान रखना है। नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, नदियों का संरक्षण, जीवों के संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान चलेगा। सरसैया घाट की सफाई और सुंदरीकरण उनकी प्राथमिकता में है।

# सपा विधायक इरफान के आगजनी कांड में आज आ सकता है फैसला

## मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 18 और बचाव पक्ष ने तीन गवाह पेश किए थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध आगजनी कांड के मामले में अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को एमपीएमएलए कोर्ट फैसला सुना सकती है। आगजनी कांड में सपा विधायक इरफान, भाई रिजवान समेत पांच नामजद आरोपी है। अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह पेश किए गए हैं। इनमें पीड़िता नजीर फातिमा, उनकी बेटी, घटना के प्रत्यक्षदर्शी अकील अहमद, फायरमैन समेत अन्य शामिल है। अभियोजन पक्ष की ओर से घटनास्थल की फोरेंसिक रिपोर्ट पेश की गई है, जिसमें जले हुए बांस के टुकड़े, अधजली बोतल जिनमें ज्वलनशील पदार्थ, सोफे व रेक्सीन के जूट मौजूद थे।

सात नवंबर 2022 को डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोप में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। नजीर फातिमा ने बताया था कि वह घटना के दिन परिजनों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गईं थीं। गिफ्ट भूलने पर उन्होंने बेटों शमशुल हसन व मो.हसन को भेजा था। आरोप लगाया था कि घर आने पर देखा कि सपा विधायक उनके भाई समेत 40-50 अन्य लोगों की भीड़ ने घर में आग लगा दी थी। मामले में दो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई, जिसमें एक सपा विधायक व उनके भाई की थी व दूसरी मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत पहलवान के खिलाफ थी। मामला एमपीएमएलए सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह कांस्टेबल संजीव कुमार, दिलीप कुमार,पिंकी देवी फायरमैन शशिकांत शर्मा, नजीर फातिमा की बेटी कनिश जेरा, शमशुल हसन, नजीर फातिमा, मो. हसन, स्वतंत्र गवाह शाहिना, चश्मदीद अकील अहमद खान, शारिक अली बरकाती, डॉ ओपी रॉय, डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, मो. नसीम आरिफ, एसआई धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक शुक्ला, विवेचक अशोक कुमार दुबे, विष्णु कुमार सैनी को पेश किया था। वही बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह मो शरीफ, ऋषभ गुप्ता, जियो के अधिकारी विवेक श्रीवास्तव को पेश किया गया।

### घटना के समय कोई मोबाइल नहीं ले जाएगा

शमशुल हसन ने कोर्ट को बताया कि घटना के समय वह भाई मो. हसन के साथ सबसे पहले वह पहुंचे थे। उस दौरान सपा विधायक व उनके भाई साथियों के साथ मौजूद थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। जिसकी मेडिकल रिपोर्ट भी है। स्वतंत्र गवाह शाहिना ने बताया कि उन्होंने ही घटना की सूचना सबसे पहले डॉयल 112 पर दी थी। प्रत्यक्षदर्शी अकील अहमद ने बताया कि आरोपियों के घटना के दौरान मोबाइल मौजूद नहीं थे। गवाह शारिक अली बरकाती ने कोर्ट को बताया कि कांड की साजिश इजरायल आटेवाले के घर में हुई थी, जिसमें तय हुआ था कि घटना के समय कोई मोबाइल नहीं ले जाएगा।



आगजनी कांड में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़ित परिवार समेत 18 गवाह पेश किए गए थे। घटनास्थल से एकत्र किए गए साक्ष्यों को कोर्ट में सुबूतों के आधार पर पेश किया गया था। वहीं बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। गुरुवार को निर्णय आने की संभावना है।

भाष्कर मिश्रा, एडीजीसी

## मकान मालिक पर चोरी का आरोप

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र के खलासी लाइन के रहने वाले शिवकृष्ण मिश्रा ने मकान मालिक पर पार्किंग में रखा सामान चोरी कर कब्जे का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने अरविंद शुक्ला से मकान का दूसरा खंड खरीदा था। इसके साथ ही पार्किंग भी खरीदी थी। जिसमें पुराना घरेलू सामान रखा था। आरोप है कि 28 फरवरी को वह वापस लौटे तो पार्किंग का ताला टूटा था और अंदर का सामान गायब था। अरविंद से पूछा तो उसने पार्किंग में गाड़ी खरने से मना कर दिया पीड़ित ने अरविंद व उसके बेटे अभिषेक व उसकी पत्नी स्वाति के खिलाफ ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# सत्यापन के लिए गई पुलिस टीम पर हमला, दरोगा व दो सिपाही घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ थाना क्षेत्र में देर रात घटना, आरोपी फरार, तीन महिलाएं हुईं गिरफ्तार

**अमृत विचार।** जाजमऊ थाना क्षेत्र में सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर गांजा तस्कर ने परिवार के साथ मिलकर हमला बोल दिया। इस घटना में दरोगा और दो सिपाही घायल हो गए। वारदात अंजाम देकर मुख्य शातिर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिवार के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी गांजा तस्कर समेत 11 लोगों के खिलाफ सगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बुधवार रात जाजमऊ पुलिस टीम जाजमऊ स्थित बुढ़िया घाट स्थित गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर सत्यापन के लिए गई थी। तभी आरोपी गांजा तस्कर ने परिवार के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। मौका पाकर गांजा तस्कर राजा रब्बानी मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल दरोगा राजन सिंह समेत दोनों सिपाहियो को घायल अवस्था में कांशीराम अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस ने घर की तीन महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। पुलिस इस मामले को देर रात तक छिपाने में लगी रही। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया गांजा तस्कर के घर सत्यापन के लिए टीम गई थी। जहां पर महिलाओं ने हाथापाई की है। आरोपी राजा रब्बानी, उसके भाई गब्बर, मां अफसाना, पत्नी सना, रोशनी, सोना, शाहनवाज समेत 11 लोगों के खिलाफ सेवन सीएलए, बलवा की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। अफसाना, सना और सोना को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मादक पदार्थ तस्करों में वर्चस्व को लेकर संघर्ष

जाजमऊ बुढ़िया घाट निवासी राजा रब्बानी मादक पदार्थों खुलेआम तस्करी करता है। कुछ समय पहले जेल से छूटा है। राजा रब्बानी की कई लोगों से बिक्री को लेकर सीधी दुश्मनी चलती है। जिसको लेकर कई बार गोलियां भी चल चुकी हैं। पूर्व में राजा को लेकर सोशल मीडिया में पत्र वायरल हुआ था। जिसमे एक दरोगा पर मादक पदार्थ बेचने के एवज में महीना 50 हजार देने के लिए लिखा था।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भतीजे पर साली से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** छेदी सिंह का पुरवा में साली से छेड़छाड़ का विरोध करना युवक को भारी पड़ गया। भतीजे व बड़े भाई ने घर में घुस कर युवक की पत्नी के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कुछ देर बाद दोनों पक्ष की महिलाएं आमने-सामने आ गईं, जिस पर दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। आसपास के लोगों ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आई।

बर्रा दो छेदी सिंह का पुरवा निवासी प्राइवेट कर्मी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनकी साली घर आई थी। आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले बड़े भाई का बेटा साली के साथ छेड़छाड़ करता है। बुधवार दोपहर साली घर के बाहर थी, तभी भतीजा छेड़छाड़ करने लगा। पत्नी के विरोध करने पर भाई व भतीजे ने घर में घुस कर पत्नी व साली की पिटाई कर चाकू से हमला कर दिया। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तो दोनों ने लोहे की रॉड से उस पर भी हमला कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो पक्षों के बीच संपत्ति का विवाद है। दोनों पक्षों को थाने लाकर मेडिकल के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

## वर्चुअल साक्षात्कार में छह विद्यार्थी चयनित ...



**कानपुर।** सीएसजेएमयू के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से बुधवार को वर्चुअल साक्षात्कार हुआ। कंपनियों छह छात्र-छात्राओं को चयनित किया। प्रभारी प्लेसमेंट सेल डॉ. प्रभात द्विवेदी ने बताया कि रेडिको खेतान कंपनी ने बीटेक केमिकल और एमबीए के छात्र-छात्राओं का वर्चुअल साक्षात्कार लिया। कंपनी ने बीटेक केमिकल के पांच छात्र-छात्राओं विकास कुमार सिंह, अवनींद्र नाथ तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, प्रशांत, अंकुर यादव और एमबीए के सौरभ पटेल का चयन किया है। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सौरभ गुप्ता ने किया। ● अमृत विचार

# छात्र की हत्या के विरोध में पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केरल में छात्र की पीट-पीटकर की गई हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को बीएनडी पीजी कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। एसएफआई का पुतला फूंककर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री जीशान नकवी, जिला संयोजक सानुज तिवारी ने बताया कि पशु चिकित्सा विज्ञान के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थन की एसएफआई के लोगों ने पीट-पीटकर हत्या की है। इस घटना ने केरल व पशु चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया है। सह संयोजक आशीष राजावत, अमित, सुधांशु, अर्जुन, हर्ष, श्रेयस, निहारिका, सक्षम आदि मौजूद रहे।



पुतला फूंकते लोग। अमृत विचार

### बुलेट और स्कूटी की टक्कर में अधेड़ की मौत

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में सोमवार रात मोतीझील में बुलेट सवार कर्नलगंज निवासी 55 वर्षीय नयाब आलम की स्कूटी सवार से टक्कर हो गई। जिसके बाद वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को बुलेट सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे में परिजनो को मौत की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। परिजन मृतक का शव लेकर घर पहुंच गए। लेकिन अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची तीन थानों की फोर्स ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। इसके बाद कानून व्यवस्था न बिगडे.इसको लेकर डीएम की परमीशन के बाद मंगलवार रात पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## सार-संक्षेप

### एक करोड़ से होगा खेरेश्वर मंदिर का सुंदरीकरण



खेरेश्वर मंदिर।

**शिवराजपुर :** शिवराजपुर कस्बे से दो किलोमीटर दूर स्थित खेरेश्वर मंदिर का एक करोड़ रुपये खर्च कर सुंदरीकरण कराया जाएगा। यह मंदिर लोगों के लिए आस्था का केंद्र है, जहां दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन कर अपनी मनोकामना मांगते हैं। क्षेत्रवासियों की ओर से खेरेश्वर मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने की लगातार मांग उठती रही है। क्षेत्रीय लोगों ने की मांग पर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर की पहल पर अब मंदिर के दिन बहुरने वाले हैं। क्षेत्रीय विधायक की पहल पर खेरेश्वर मंदिर में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त खेरेश्वर मंदिर के सुंदरीकरण के लिए गुरुवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर आधारशिला रखेंगे। क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयासों के बाद पर्यटन विभाग ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। एक करोड़ रुपये की धनराशि से मंदिर को भव्य रूप देने के साथ ही मंदिर परिसर में जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। यहां सावन और भादों के महीने में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। प्रमुख विकास कार्यों में मंदिर परिसर का भव्य गेट, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह, मेला परिसर में जाने के लिए सड़क, श्रद्धालुओं के लिए शौचालय और मंदिर परिसर की सुंदरता के लिए पार्क भी बनाया जाएगा।

### वसूली करने वालों पर हत्या के प्रयास का आरोप

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में हाईवे पर कार सवार वसूली करने वाले आरोपियों के खिलाफ एक पीड़ित ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी में नौ मार्च को हरजेंद्र नगर फ्लाईओवर पर कार सवार चार युवकों ने एक मवेशी लदी गाड़ी को रोक चालक से रंगदारी मांगी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों रूपन वर्मा व उमेश भार्गव को पकड़ा था। साथ ही आरोपियों पर रंगदारी व धमकाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट किया था। इस मामले में चकेरी निवासी अनुज मिश्रा ने भी आरोपियों रूपन वर्मा, उमेश भार्गव व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार वसूली का विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करने के साथ ही कार चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास किया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### गांजा और नकदी के साथ गिरफ्तार

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में ऑपेशन सुदर्शन अभियान के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थानाक्षेत्र अन्तर्गत गोलाघाट से एक व्यक्ति को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। एसीपी कैंट अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 1.6 किग्रा गांजा व 2900 रुपये बरामद हुए हैं। थाना छावनी पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### नशेबाज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**कानपुर।** फजलगंज निवासी राजपति ने पुलिस को बताया कि सोमवार देर रात क्षेत्र का ही रहने वाल जागीर नाम का पड़ोसी नशे में आकर उनके साथ बदतमीजी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर लाठी-डंडो से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि बीच बचाव करने आए बेटे को भी पीट दिया और जाति सूचक गालियां दीं। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसीपी स्वरूप नगर से की। एसीपी के आदेश पर फजलगंज पुलिस ने आरोपियों जागीर, नाशिरा वेगम, आलोक तिवारी, सलमान व वुन्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

### छात्र पर युवकों ने किया हमला, रिपोर्ट

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के अशोक नगर के रहने वाले अपूर्व श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च की सुबह वह कॉलेज जाने के लिए घर से निकला था। तभी दो अज्ञात युवकों ने सिर पर कुछ मार दिया। जिससे वह गिर गए। राहगीरों ने उन्हें घर पहुंचाया। पीड़ित ने नजीराबाद थाने में अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### चार वारंटियों को भेजा गया जेल

**चौबेपुर।** विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे क्षेत्र के चार वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के गुरैया गाँव निवासी अनुपम पुत्र कैलाश, पिपरी रोड, चौबेपुर निवासी राजू उर्फ रोशन पुत्र मोहनलाल, चंपतपुर गांव निवासी गोविंद पुत्र राम शंकर व इसी गांव के सुमित पुत्र अनिल लंबे समय से पुलिस पकड़ से दूर थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### नीट छात्र के हॉस्टल से रुपये चोरी, रिपोर्ट

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में हापुड़ के रहने वाले मयंक दुबे नीट की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने हॉस्टल से पर्स से रुपये चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि वह मंगलवार को वह लाइब्रेरी से हॉस्टल पहुंचे तो पर्स से 36 सौ रुपये गायब थे। आरोप लगाया कि वहां मौजूद पंकज, संदीप मोहित, अंकित, कौशल और दो अज्ञात लोगों से पूछा तो उन्होंने गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने काकादेव पुलिस से शिकायत की है। जिस पर थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अंशुल की पारी के आगे बीवीएस क्लब धराशायी

**कानपुर।** केसीए की केडीएमए लीग में खेले गये मुकाबले में कानपुर स्टारलेट ने बीवीएस क्लब पर 83 रनों से जीत हासिल की। पहले खेलते हुये कानपुर स्टारलेट ने बल्लेबाज अंशुल टेक चंदानी के शानदार 94 और दिग्विजय के अर्धशतक की बदौलत आठ विकेट खोकर 263 रन बनाये, जिसके जवाब में खेलने उतरी बीवीएस क्लब की पूरी टीम मिलकर 28.1 ओवर में महज 180 रन की बना सकी। केडीएमए कानपुर क्रिकेट लीग के बी-डिवीजन के मैच में कानपुर स्टारलेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला की।

# चकेरी में खड़े ट्रक के नीचे पड़ी मिली नवजात बच्ची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निर्मोही मां के कारण एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है। साढ़े पांच माह की नवजात बच्ची को फेंककर उसकी मां फरार हो गई। ट्रक के नीचे रोते हुए जैसे ही लोगों की नजर जब उस पर पड़ी तो लोगों के होश उड़ गए। सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे गोद में उठाकर लोगों से पहचान कराई लेकिन किसी के भी पहचानने से इन्कार करने पर कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट रेफर कर दिया।

मंगलवार की शाम को कोयला नगर में राहगीरों ने सड़क किनारे एक खड़े ट्रक के नीचे कपड़े में लिपटी बच्ची को रोते हुए देखा। जिसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को एम्बुलेंस से कांशीराम अस्पताल भेजा। जहां पर उसकी सांस उखड़ने पर एसएनसीयू में शिफ्ट किया गया। बच्ची मंगलवार शाम से लेकर बुधवार दोपहर तक एसएनसीयू में ही भर्ती रही। उसके बाद उसे एम्बुलेंस से हैलट के बाल रोग विभाग रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि बच्ची पैदा होने के बाद कोई ट्रक के नीचे छोड़ गया था। कांशीराम अस्पताल के सीएमएस डॉ स्वदेश गुप्ता ने बताया कि बच्ची साढ़े पांच माह की है। उसकी सांसे उखड़ रही थी। जिसके चलते उसे एसएनसीयू में भर्ती किया गया था। बेहतर उपचार के लिए हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

# दो सौ बच्चों ने किया नगर भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बिठूर क्षेत्र के पर्यटक स्थलों को घुमाया गया
- बच्चों को बिठूर क्षेत्र के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को भी समझाया गया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित परिषदीय स्कूलों के 200 बच्चों को बुधवार को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को बिठूर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटक स्थल पर ले जाया गया। विशेषज्ञों की ओर से बच्चों को बिठूर क्षेत्र के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को भी समझाया गया।

कानपुर दर्शन के तहत 10 विकासखंड से चयनित बच्चों को इस योजना में शामिल किया गया। डीसी शिक्षा अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि एकदिवसीय इस दौर में बच्चों को कई उपहार भी दिए गए। इसके अलावा बच्चों के खानपान और यातायात की व्यवस्था भी विभाग की ओर से की गई थी। भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चे ब्रह्मवर्त बिठूर, ध्रुव टीला, नानाराव पार्क, म्यूज़ियम साथ ही इस्कॉन मंदिर तथा सुधांशु आश्रम में जाकर घूमे। इस भ्रमण का उद्देश्य परिषदीय विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं ठहराव में वृद्धि करना व विद्यालयों के प्रति आकर्षण बढ़ाना, कक्षा कक्ष में पढ़ाए जाने वाले इतिहास से जुड़े विषय को वास्तविक रूप से अवलोकित करना है। कार्यक्रम में अलका गुप्ता,रुचि त्रिवेदी, डॉ.प्रगति रघु, आशा कटियार, मोहनी सिंह, सालेहा नसीम ,राकेश पाल आदित्य, अनुग्रह त्रिपाठी,आकाश, दिनकर त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



मंदिर की सीढ़ियों पर बैठे बच्चे। अमृत विचार

## किशोरी को खींचने में हुई थी बालक की ई-रिक्शा से मौत

**कानपुर।** उन्नाव शुक्लागंज निवासिनी मुस्कान तिवारी ने पुलिस को बताया कि नौ फरवरी को वह बेटी दिव्यांशी और बेटे रचित को कपड़े दिलाने बेकनगंज आई थीं। जहां से मुंहबोली बहन गुजरिया के घर चली गईं। रात नौ बजे करीब वह दोनों बच्चों संग घर के लिए निकलीं। वह डफरिन अस्पताल के पीछे पहुंची थीं तभी इलाके की रहने वाली युवती अलबाना ई रिक्शे पर दिखी। ई रिक्शा पर पहले से तीन युवक सवार थे। आरोप है कि उस पर सवार युवक नशे में थे। बेटी दिव्यांशी के बैठते ही आरोपियों ने उसे खींचकर बैठा लिया। इस दौरान भागने के चक्कर में आरोपी चालक ने उनके बेटे 10 वर्षीय रचित को टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया आरोपी चालक व ई रिक्शा सवार तीन अज्ञात युवकों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## गेहूं की गुणवत्ता में किसान होंगे अव्वल

**कानपुर।** प्रदेश के किसानों का गेहूं उत्पाद पंजाब व हरियाणा के समतुल्य पहुंचाने के लिए बुधवार को सीएसए व गेहूं अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा कृषि विवि के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। सीएसए में आयोजित समारोह में बीज की गुणवत्ता, उत्पाद पर चर्चा हुई। फसलों में लगने वाले रोग का निदान बताया गया।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में आयोजित सेमिनार में कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रदेश के किसानों का गेहूं उत्पादन राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब व हरियाणा के समतुल्य पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए विशेष प्रयास जारी हैं और गेहूं अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा कृषि विवि से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

आयोजन | स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान का हुआ प्रतिभा अलंकरण समारोह

# संगीत की विविध विधाओं में 60 प्रतिभागी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान का प्रतिभा अलंकरण समारोह बुधवार को ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज में हुआ। मुख्य अतिथि भातखंडे संस्कृति विवि के सलाहकार आईएएस डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने संगीत की विविध विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नियमित पठन-पाठन, अतिरिक्त योग्यता ही विशिष्ट बनाती है और पहचान देती है। उन्होंने बताया कि लगभग 100 साल पहले भातखंडे संगीत शिक्षण संस्थान की स्थापना हुई। फिर इसे विवि के रूप में मान्यता दी गई। संगीत हमारी संस्कृति का अंग है, इसलिए इसका दायरा बढ़ाने की आवश्यकता है। संस्थानों में योग, पर्यावरण, नैतिक शिक्षा आदि भी जोड़े जाने चाहिए। यह भी गर्व की बात है कि हमारे शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त श्रेष्ठ कलाकार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं करते रहें, लेकिन अपनी रूचि के अनुसार कुछ अतिरिक्त भी सीखें। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति देखकर लगा जो पौध तैयार की जा रही है, वह आगे चलकर और अधिक विकसित होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में संगीत की विविध विधाओं में डिप्लोमा व डिग्री, रिसर्च क्षेत्र में भी काम किया जा सकता है। उसके लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी। इसके बाद अतिथियों के स्वागत में स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने गीत की प्रस्तुति दी। बड़ा ख्याल, वादन व कथक नृत्य की प्रस्तुति से मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान में कथक नृत्य, शास्त्रीय गायन, वादन (हारमोनियम, तबला, बांसुरी, सितार) संगीत की विविध विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अंगद सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। सचिव डॉ. पूजा अवस्थी ने आख्या प्रस्तुत की, कोषाध्यक्ष राममिलन सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन दिशा शुक्ला ने किया। छात्रा भाव्या शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। रमेश कुमार सिंह, डॉ. ममता तिवारी, राजकुमार सिंह, स्वाती सविता, रश्मि पाठक, प्रतिभा सिंह चौहान, डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, रश्मि सविता, शिखा शुक्ला, निधि गुप्ता आदि मौजूद रहीं।



प्रतिभा अलंकरण समारोह में नृत्य प्रस्तुत करतीं प्रतिभागी। अमृत विचार

# गोली चलाने वाले गायब, गांव में पुलिस तैनात

## एक भी आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई सजेती पुलिस, 24 घंटे में गिरफ्तारी का दिया गया था आश्वासन

**नौरंगा कांड**

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के नौरंगा के एक गेस्ट हाउस में सोमवार की रात शादी समारोह के दौरान तमंचों से गोली चलाने वाले अराजकतत्वों को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। फायरिंग और कार चढ़ाने के प्रयास में आधा दर्जन लोगों के घायल होने के बाद मंगलवार को जिस तरह लोगों का गुस्सा भड़का था, उसे शांत कराने के लिए पुलिस ने 24 घंटे की मोहलत मांगी थी, मगर पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं।

सजेती थाना क्षेत्र के नौरंगा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में सोमवार को चंदापुर गांव निवासी प्रकाश सचान की बेटी मधु की शादी थी। इसी क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव के रहने वाले रूपराम सचान अपने बेटे शानू सचान की बारात लेकर गेस्ट हाउस पहुंचे थे। गेस्ट हाउस में नाश्ता-पानी के बाद अगवानी की तैयारी चल रही थी। अगवानी के लिए बाराती गेस्ट हाउस से बाहर निकल रहे थे, तभी रात 11:30 बजे कुछ अराजक तत्व स्कार्पियो कार से वहां पहुंचे और तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी थी।

**भय का माहौल**

- कुआंखेड़ा और चंदापुर गांव में तैनात की गई पुलिस
- मनबढ़ आरोपी फिर वारदात को दे सकते हैं अंजाम

अचानक फायरिंग शुरू होने से सनसनी फैलने के साथ भगदड़ मच गई थी। गोली के छर्रे लगने से कुआंखेड़ा निवासी सूरज सचान पुत्र उमाशंकर सचान, यहीं के नैवी के जवान शशांक सचान पुत्र दिनेश सचान, अलौकिक सचान पुत्र बाबूराम सचान और रेउना थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी राजेश कुमार सचान घायल हो गए थे। इस गोलीकांड को लेकर लोगों का गुस्सा भड़क गया था। गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतरकर कुआंखेड़ा पुलिस चौकी के सामने मुगल रोड पर जाम लगा दिया था। एसीपी रंजीत कुमार सिंह के नाकाम होने के बाद एडीसीपी अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम खुलवाया था, लेकिन 24 घंटे से अधिक का वक्त गुजरने के बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग सके हैं। पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।



घटना के बाद से गेस्ट हाउस में खामोशी छाई है। अमृत विचार




कुआंखेड़ा पुलिस चौकी के हाल बदहाल है। अमृत विचार

### संदिग्ध लोगों से पूछताछ नामजद आरोपी फरार

इस सनसनीखेज मामले में गोली लगने से घायल राजेश कुमार सचान की तहरीर पर सजेती थाना क्षेत्र के गोपाल सचान पुत्र विनोद सचान, सजेती थाना क्षेत्र के चंदापुर निवासी बेटू सचान, सजेती थाना क्षेत्र के ही मनिहारपुर निवासी हिमांशू सचान पुत्र रंजीत सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ धारा 307, 504, 34, 3 और 25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस नामजद आरोपियों को पकड़ने के बजाय कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### लोगों को अभी भी सता रहा हमले का भय

सियासी रसूख वाले मुख्य आरोपी गोपाल सचान और उसके साथियों ने जिस तरह सोमवार की रात शादी समारोह के दौरान फायरिंग के साथ तांडव किया था, उसे देखते हुए कुआंखेड़ा और चंदापुर गांव में अभी भी दहशत का माहौल है। लोगों का इस बात का डर सता रहा है कि मनबढ़ गोपाल सचान मुकदमा दर्ज होने की खुन्नस में फिर कोई वारदात कर सकता है। उसकी जब तक गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक लोगों को हमले की आशंका है। गांव वाले बड़ी ही सावधानी बरत रहे हैं। यही वजह है कि कुआंखेड़ा और चंदापुर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है, मगर मुख्य आरोपी की पुलिस से यारी को लेकर लोगों को सुरक्षा के लिए प्रति विश्वास नहीं है।

### नौरंगा के गेस्ट हाउस में पसरा सन्नाटा

नौरंगा के जिस गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान फायरिंग की वारदात हुई, वहां सन्नाटा पसरा है। गोलीकांड के बाद गेस्ट हाउस में बुधवार को कोई भी आयोजन नहीं हुआ। हालांकि इस सनसनीखेज मामले से गेस्ट हाउस अथवा उसके मालिकान का कोई वास्ता नहीं है। कुआंखेड़ा और चंदापुर गांव में पुलिस तैनात है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी की लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### कबाड़ गोदाम की तरह कुआंखेड़ा पुलिस चौकी

सजेती थाने की जिस कुआंखेड़ा पुलिस चौकी के सामने मुगल रोड पर मंगलवार को जाम हटाकर हंगामा हुआ, वह बिल्कुल कबाड़ गोदाम नजर आती है। लोगों का आरोप है कि घटना का मुख्य आरोपी गोपाल सचान अपने गुर्गों के साथ इस पुलिस चौकी में अक्सर बैठता है और पुलिस वालों से दोस्ती का रौब दिखाकर वर्चस्व कायम करता है। खदान से मोटी कमाई कर पुलिस वालों पर खर्च करता है, जिससे चौकी के सिपाही उसके सामने घुटने टेके नजर आते हैं। यूं कहा जा सकता है कि जब वह चौकी पहुंचता था, तो उसकी अच्छी आवभगत होती थी।

# नौबस्ता से चोरी ट्रैक्टर व ट्रॉली साढ़ में मिली

संवाददाता, भीतरगांव

- दौलतपुर नर्वल के पास ट्राली और खेत में ट्रैक्टर बरामद
- ट्रैक्टर मालिक ने सेन पश्चिम पारा थाने में लिखाई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के दौलतपुर नर्वल गांव में बुधवार की सुबह एक ट्रैक्टर और ट्रॉली लावारिस खड़ी मिली। ग्रामीणों की सूचना पर जब पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि यह ट्रैक्टर-ट्रॉली नौबस्ता मौरंग मंडी से चोरी हुआ था, जिसकी सेन पश्चिम पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सेन थाने की पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने साथ ले गई है।

साढ़ थाना क्षेत्र के दौलतपुर नर्वल गांव के बाहर बुधवार की सुबह एक ट्रॉली लावारिस खड़ी मिली, जबकि बस्ती से कुछ दूर खेत पर एक ट्रैक्टर खड़ा मिला। यह बात पूरे गांव में फैल गई। ट्रैक्टर गांव का नहीं होने के कारण लोगों में चर्चा छिड़ गई। गांव वालों ने इसकी सूचना साढ़ थाने की पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर नंबर के आधार पर ट्रैस किया तो गाड़ी कानपुर के बर्रा विश्व बैंक निवासी मुनीष पांडेय पुत्र रामचरन के नाम निकली।

पुलिस ने मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया तो मुनीष पांडेय ने बताया कि उनका ट्रैक्टर मंगलवार की रात नौबस्ता मौरंग मंडी से चोरी हुआ था। इसकी तहरीर उन्होंने सेन पश्चिम पारा थाने में दी थी, जिसके आधार पर चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। साढ़ थाने की पुलिस ने सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस को सूचना दी। सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस साढ़ पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने साथ ले गई। साढ़ थाना प्रभारी का कहना है कि ट्रैक्टर का चोरी का मुकदमा सेन पश्चिम पारा थाने में पंजीकृत है, इस लिहाज से इसकी जांच सेन पश्चिम थाने की पुलिस करेगी।



बरामद ट्राली। अमृत विचार



ट्रैक्टर भी खड़ा मिला। अमृत विचार

# 'रोड नहीं तो वोट नहीं' की हुंकार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के इटर्रा गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर तले ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और गांव में घूमकर घर-घर रोड नहीं तो वोट नहीं के पंपलेट भी लगाए। ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सांसद देवेंद्र सिंह भोले 10 साल में सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने दो बार इटर्रा गांव पहुंचे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। इटर्रा गांव के आशुतोष तिवारी, टिंकू बाजपेई, राधेश्याम तिवारी, उत्कर्ष, नूतन तिवारी, अशोक कश्यप, अनुज पटेल, विनय शर्मा आदि ग्रामीणों ने बताया कि परास मोड़ से इटर्रा गांव का लिंक मार्ग पूरी तरह बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि वह एक वर्ष से लगातार सड़क बनवाने के लिए सांसद समेत अधिकारियो से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी इस समस्या की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सांसद देवेंद्र सिंह भोले बीते दस वर्ष में सिर्फ दो बार वोट मांगने इटर्रा गांव पहुंचे हैं। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने काफी नाराजगी है। ग्रामीणों द्वारा बैनर टांगकर वोट बहिष्कार करने की सूचना मिलते ही एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैश्य, तहसीलदार लक्ष्मी नारायण वाजपेई के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण माने है। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों को मताधिकार का प्रयोग करने को समझाया गया है। उन्होंने सड़क निर्माण की बात कही है।



ग्रामीणों को समझाते घाटमपुर एसडीएम यादवेंद्र सिंह। अमृत विचार

# बंबा में मिले युवक के शव की नहीं हो सकी पहचान

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ पुलिस ने आसपास के थानों को भेजी सूचना

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव के पास से निकले बम्बा में मंगलवार की सुबह उतराते मिले एक युवक का शव की अभी भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बुधवार को भी पुलिस शव की शिनाख्त कराने की प्रयास करती रही, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। पुलिस ने इस सिलसिले में आसपास के थानों को सूचना भेजी है।

बेहटा बुजुर्ग के पास मंगलवार की सुबह युवक का शव उतराता मिला था। पुलिस ने शव को मर्च्युरी भेजा था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। शिनाख्त के लिए शव को अभी भी मर्च्युरी में रखा गया है। दिखने में शव कई दिन पुराना लग रहा था। अनुमान है कि बम्बे में काफी दूर से शव बहकर आया है।

शव मिलने के दो दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। युवक ने काले रंग की पैंट, काली जॉकेट के साथ काले रंग का ही अंडर वियर पहन रखा था, जबकि बाएं हाथ में एक कड़ा और बीच की उंगली में लोहे का छल्ला पहन रखा था। भीतरगांव चौकी प्रभारी ने बताया कि दो दिन गुजर जाने के बाद भी मर्च्युरी में कोई भी व्यक्ति पहचान करने के लिए नहीं पहुंचा है।

# ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने बुधवार की सुबह ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कराए और फिर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी राजकुमार यादव पुत्र रामआसरे यादव (49) पान की दुकान से अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक राजकुमार मंगलवार देर शाम घर से किसी को कुछ बताए बिना बाहर निकल गया था। परिजनों ने गांव और आसपास रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह उसका शव कानपुर-बांदा रेलवे लाइन के पोल संख्या 1398/5 और 1398/4 के बीच रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला।

ग्रामीणों ने फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच-पड़ताल कराई। इसके बाद युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पतारा चौकी पुलिस। अमृत विचार

# बेसहारा पशुओं के हमले में छह लोग हुए घायल

संवाददाता, भीतरगांव

- हमले में घायल बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया गया

**अमृत विचार:** कई दिनों से साढ़ कस्बे में आवारा पशुओं का आतंक है। दो दिन में आवारा पशुओं के हमले में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया गया है, जबकि बाकी घायल निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

साढ़ कस्बा निवासी राजाराम पाल (85) अपने खेत से वापस घर आ रहे थे, तभी जहानाबाद रोड पर एक आवारा पशु ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवार वाले फौरन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज कराने के बाद उन्हें घर ले आया गया। बताते हैं कि पिछले दो दिनों में आवारा पशुओं ने लगभग आधा दर्जन लोगों पर हमला कर घायल किया है, जिनमें भारती देवी (63), शिवम कुमार (13), आलोक कुमार (26), रामजानकी (56) और युवराज सिंह (45) शामिल हैं। आवारा पशुओं के हमले में घायल हुए ये सभी लोग अलग-अलग निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। हिंसक हुए इन आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर अभी कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इस संबंध में पशु चिकित्सक से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बताता रहा।

# विधायक की पहल पर वकीलों की हड़ताल खत्म

संवाददाता, बिल्हौर

- छह फरवरी से कलम बंद हड़ताल पर थे अधिवक्ता
- मांगें पूरी करने के आश्वासन के बाद माने अधिवक्ता

**अमृत विचार:** छह फरवरी से बिल्हौर तहसील के कई राजस्व गांव काटकर नई तहसील बनाए जाने के विरोध में लगातार कलमबंद हड़ताल कर रहे वकीलों ने बुधवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर के हस्तक्षेप के बाद कलम बंद हड़ताल खत्म कर दी।

कानपुर जनपद की पांचवीं तहसील बनाने में बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर व चौबेपुर विकास खंड के सैकड़ों गांव काटकर नई तहसील में मिलाए जा रहे थे, जिसके विरोध में वकील छह फरवरी से कलम बंद हड़ताल पर चले गए थे। इस बीच क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश मानना और जिलाधिकारी आरके सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इस मसले पर वार्ता की।

बुधवार को उप जिलाधिकारी रश्मि लाबा, बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन के मध्य वार्ता हुई, जिसके बाद एक माह से अधिक समय से चल रही हड़ताल खत्म कर दी गई। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने जिम्मेदारी ली कि भविष्य में जब भी इस प्रकार का कोई कदम शासन की ओर से उठाया जाएगा, तो उसकी जानकारी सबसे पहले वकीलों व जन प्रतिनिधियों को दी जाएगी। बिना उनके संज्ञान में लाए प्रशासन की ओर से कोई फैसला नहीं लिया जाएगा।

बैठक के दौरान वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बिल्हौर तहसील के कई गांव काटने से तहसील का अस्तित्व खतरे में पहुंच जाएगा, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उनका संघर्ष चलता रहेगा। बिल्हौर के अस्तित्व के लिए वह संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर की पहल को स्वागत योग्य बताया। बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविनेश यादव, लॉयर्स एसोसिएशन के जनार्दन यादव, सुशांक मिश्रा, कमल मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विकास कुमार गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने मध्यस्तता कर हड़ताल खत्म कराई। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



आवास पर नजरबंद किए गए भाकियू के नेता। अमृत विचार

### किसान नेता विनोद सिंह को पुलिस ने किया नजरबंद

**घाटमपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह राजावत 15 मार्च को दिल्ली में होने वाली किसान महापंचायत को लेकर हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कूच करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन दिल्ली रवाना होने से पहले ही घाटमपुर पुलिस ने उन्हें घर में नजरबंद कर लिया। दिल्ली जाने के लिए विनोद सिंह राजावत के आवास पहुंचे किसानों को वापस घर भेज दिया। किसान नेता विनोद सिंह राजावत ने कहा कि सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाह रही है। सरकार कुछ भी कर ले, किसानों को दिल्ली पहुंचने से नहीं रोक सकती।



कार्यशाला के दौरान ब्लाक प्रमुख को स्मृति चिह्न दिया गया। अमृत विचार

### ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

**शिवराजपुर।** बुधवार को बीआरसी कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रबंध समिति अध्यक्ष, ग्राम प्रधान और स्थानीय निकाय के सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख शुभम वाजपेई ने की। बीडीओ सच्चिदानंद मिश्र ने शिक्षा पर प्रकाश डाला। ब्लाक प्रमुख ने बच्चों को पढ़ने के लिए मेज एवं कुर्सी की व्यवस्था जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। सामाजिक संस्था नई पहल धर्मार्थ सेवा के सदस्यों द्वारा मुंहपोछा गांव के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए ड्रेस एवं बैग देने का आश्वासन दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव ने प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानों से 19 पैरामीटरों को विद्यालय में संतृप्त करने के लिए कहा।

### विधायक सरोज कुरील ने किया सड़कों का लोकार्पण

**घाटमपुर।** विधायक सरोज कुरील ने बुधवार को कई सड़कों का लोकार्पण किया। उन्होंने भीतरगांव में आयोजित स्वास्थ्य मेला की विभागीय अधिकारियों के साथ शुरुआत की। विधायक सरोज कुरील ने निधि से निर्मित हिरनी में 325 मीटर इंटर लॉकिंग रोड का लोकार्पण किया। इसकी लागत 22 लाख रुपये है। इसके बाद पतारा, बलहापारा कला, नेहुरा, चवंर, बक्सरा में इंटरलॉकिंग रोड व नाली का लोकार्पण किया। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से कस्बे के जवाहर नगर पूर्वी में हनुमान के घर से हमीरपुर रोड तक, विजय के घर से रामगोपाल सचान के मकान तक, उमेश सिंह परमार के 3र से हमीरपुर रोड तक, नरेश सचान के मकान से उमेश परमार के घर तक, नौबस्ता पश्चिमी में लवलेश के घर से अखिलेश के घर तक, गांधी नगर वार्ड में छोटेलाल कुरील के घर तक सड़क का लोकार्पण किया।

**धर्म-अध्यात्म**

पचोर गांव की श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने गोवर्धन पूजा, पूतना वध और गोपी वस्त्र हरण का प्रसंग सुनाया

# अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु : वेंकटेश महाराज

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। यह बुद्धिमान व्यक्ति की बुद्धि भी भ्रष्ट कर देता है। अहंकारी व्यक्ति अपने समकक्ष दूसरे को कुछ भी नहीं समझता और एक दिन यही उसके पतन का कारण बनता है। यह प्रवचन बुधवार को क्षेत्र के पचोर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने गोवर्धन पूजा, पूतना वध व गोपी वस्त्र हरण का सुंदर प्रसंग सुनाया।

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति के अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या व द्वेष जैसे दुर्गुण आ जाते हैं, उस व्यक्ति का पतन होते देर नहीं लगती। आचार्य ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार मां यशोदा और बृज के लोग इंद्रदेव की पूजा की तैयारी कर रहे थे। भगवान कृष्ण जानते थे कि इंद्र देव बहुत ही अहंकारी है, इसलिए उन्होंने मां यशोदा से कहा कि पूजा तो इंद्रदेव की जगह गोवर्धन पर्वत की होनी चाहिए, जो हमारी गायों को खाने के लिए भोजन देते हैं और इन्हीं गायों से हमको शुद्ध दूध पीने को मिलता है। इंद्रदेव को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने क्रोध में आकर वहां भारी वर्षा शुरू कर दी। तब गोकुल वासियों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठ उंगली से गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक उठाये रखा।

उन्होंने 56 भोग की कथा सुनाई। कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि श्रीकृष्ण को मां यशोदा आठ पहर का भोजन कराती थीं। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए श्री कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को उठाये रखा था। इसके पश्चात जब श्री कृष्ण अपने नंद भवन वापस आए, तो मां यशोदा ने उनके लिए सात दिनों के हिसाब से पूरे छप्पन प्रकार के भोजन तैयार किये। आचार्य ने पूतना वध व गोपी वस्त्र हरण का प्रसंग भी सुनाया। यहां हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी ,भाजपा नेता बृजेश तिवारी, अरविंद राज त्रिपाठी, वी के मिश्रा, सुमन मिश्रा, ओमप्रकाश शुक्ला, अजय मिश्रा व पीयूष मिश्रा आदि रहे।



कथा सुनाते वेंकटेश जी महाराज।



भागवत कथा सुनने के लिए बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अमृत विचार

# अवैध कब्जा करने पर मुकदमा लिखाया

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र के संजती बादशाहपुर गांव में सरकारी भूमि पर कब्जा करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध राजस्व निरीक्षक ने मुकदमा दर्ज कराया है।

अरौल क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक नीलेंद्र कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि संजती बादशाहपुर गांव में गाटा संख्या 369 रकबा 0.380 हेक्टेयर सरकारी अभिलेख में खलिहान के नाम दर्ज है। गांव के सियाराम और रमेश कब्जा कर रहे हैं। रोकने के बाद भी उन्होंने निर्माण कार्य नहीं रोका। राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर अरौल थाने में दोनों के मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तरीपूरा और ककवन में अवैध कब्जों के कई मामले हैं, लेकिन कड़ी कार्रवाई की दरकार बाकी है।

**सीएम योगी आदित्यनाथ जिले में एक घंटा 12 मिनट रहे**

- **11:48** बजे- मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर हेलीपैड पर पहुंचा।
- **11:59** बजे- शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा व स्मारक का अनावरण।
- **12:10** बजे- सभास्थल स्थित मंच पर पहुंचे मुख्यमंत्री।
- **12:28** बजे- 241.261 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया।
- **12:29** बजे- मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर फिर हेलीपैड पर पहुंचा।
- **12:50** बजे- मुख्यमंत्री योगी का संबोधन समाप्त हुआ।
- **12:56** बजे- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से रवाना हुए।

# कभी तिरंगा फहराने पर गोली, आज घर-घर ध्वज फहरा रहा

## सीएम योगी ने सरकार की योजनाएं गिनाने के साथ विरोधियों पर भी निशाना साधा, जिले को दी 241.261 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने ब्रितानी हुकूमत में लखनऊ में तिरंगा फहराकर अंग्रेजी सेना की गोली खाने वाले फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित चंद्रिका खेड़ा गांव स्थित अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा व स्मारक का अनावरण करते हुए कहा कि एक समय था जब तिरंगा फहराने पर गोली खानी पड़ती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों ने अपने घरों में तिरंगा फहराया है। देश के जिस शहीद गुलाब सिंह लोधी को ब्रिटिश पुलिस ने गोली मारी थी आज उन्नाव में उनके नाम से ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस प्रशिक्षण ले रही है।

सीएम योगी ने जिले के लिये 241.261 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि अभी तो यह बानगी है देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर उन्नाव जैसी महान क्रांतिकारियों व साहित्यकारों की धरती को और भी विकसित किया जाएगा। प्रदेश के परिवहन मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, भाजपा की जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, सांसद साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, मोहान विधायक ब्रजेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, स्नातक विधायक अरुण पाठक, लोक सभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, गौ-रक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष पवन पांडे, जितेंद्र प्रधान, नगर पालिका उन्नाव के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, नगर पालिका गंगाघाट के चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडेय, सफीपुर नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा आदि रहे।



उन्नाव में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद साक्षी महाराज व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि। अमृत विचार

### लोधी के साथ पासी समाज को भी साध गए

सीएम योगी आदित्य नाथ ने जहां एक ओर अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा व स्मारक का अनावरण कर जिले के करीब 3 लाख से अधिक लोधी वोटरों को लुभाया वहीं दूसरी ओर महाराजा सातन पासी के किले को भी विकसित करने का वादा कर लाखों की संख्या में पासी समाज को भी साध गए।

### उन्नाव-हरदोई मार्ग किया जाएगा फोरलेन

सांसद साक्षी महाराज और बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार की मांग पर सीएम योगी ने जिले की सदर, सफीपुर और बांगरमऊ विधानसभाओं को जोड़ने वाले उन्नाव-हरदोई मार्ग को फोरलेन बनाए जाने की भी हामी भरी। उन्होंने कहा कि विकास को लेकर जो भी मांगें होंगी उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा।

### कार्यक्रम में विश्राम की अवस्था में दिखी पुलिस

सीएम के कार्यक्रम में पहुंची भीड़ उनके भाषण के साथ ही वापस होने लगी थी। वहीं सीएम के आने के पूर्व तक जो पुलिस भीड़ को वापस लौटने से रोक रही थी। वह सीएम के आने के बाद खुद विश्राम की अवस्था में दिखी। जबकि उस वक्त वीआईपी गेट व अन्य पांडाल के करीबी स्थान भीड़ से पट गए थे। हालांकि जो लोग कार्यक्रम में आए उन्होंने भी पूरी शांति बनाए रखी।



सीएम योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए दूर- दराज से हजारों लोग आए। अमृत विचार

### सीएम योगी ने कार्यक्रम में नेताओं से अधिक उद्यमियों को तवज्जो दी

- सीएम के सम्मान व स्वागत में भाजपा नेता और जन प्रतिनिधि लगातार प्रयासरत रहे। सभी उनके आसपास पहुंचने की कोशिश करते रहे, लेकिन सीएम योगी ने उनसे अधिक तवज्जो उद्यमियों को दी। इसके चलते उद्योगपति मनीष सिंहल के नेतृत्व में पहुंचे उद्यमियों को सीएम के प्रथम स्वागत का मौका दिया गया।

### बिना खून बहे बन गया श्रीराम मंदिर

- सीएम के संबोधन के ठीक पहने जनसभा को संबोधित करने पहुंचे जिले के सांसद व भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कहते थे मंदिर निर्माण में खून की नदियां बहेंगी। जबकि, खून का एक कतरा भी नहीं बहा और अयोध्या में भव्य मंदिर बन गया।

### हर परिवार के एक सदस्य को मिलेगा रोजगार

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फैमिली आईडी कार्ड बनाने के लिए 15 करोड़ परिवारों को जोड़ा गया है। हर परिवार को फैमिली आईडी कार्ड जारी होगा और उन सभी परिवारों के एक सदस्य को रोजगार भी दिलाया जाएगा।





### सीएम को न दिखें कच्चे घर इसलिए तिरपाल से ढक दिए

**फतेहपुर चौरासी।** जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित हेलीपैड से चंद्रिका खेड़ा गांव जाने वाले रास्ते पर कई ऐसे घर भी थे जो पूरी तरह से कच्चे बने थे। जिला प्रशासन ने ऐसे घरों को सीएम की निगाह से बचाने को लेकर विशेष जुगत की। प्रशासनिक अफसरों ने ऐसे घरों को तिरपाल से ढकवा दिया। जिससे सीएम उन्हें देख न सकें और उनकी यह खामियां छुपाई जा सके।

### प्रधानमंत्री से लेकर ग्राम प्रधान तक कर रहे काम

- सीएम ने कहा कि विकसित भारत हमारा संकल्प है। नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन तभी हो पाएगा, जब व्यक्ति संविधान पर विश्वास करे और उसके लिए देश सर्वोपरि हो। कहा कि अमृत काल का द्वितीय वर्ष शुरू हो रहा है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर विकसित भारत का शंखनाद करना है। विकसित भारत के लिए पीएम मोदी से लेकर प्रधान-पार्षद भी काम कर रहे हैं।

### उन्नाव के लिए प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ

- सीएम ने बताया कि बुधवार सुबह लखनऊ में हुए कार्यक्रम में उन्नाव के लिये प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ किया गया है। इससे अब यहां भी उद्योग लगेंगे। सीएम ने कहा कि उन्नाव साहित्यकारों व क्रांतिकारियों की भूमि है। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ने इसी धरती से देश की आजादी का बिगुल फूंका था। यह प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', गया प्रसाद शुक्ल, आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, शिवमंगल सिंह सुमन, भगवती शरण वर्मा, डा. रामविलास शर्मा के अलावा साहित्यकार के रूप में प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की पावन धरती है।

### अब उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ के निवेश प्रस्ताव आ रहे

- सीएम ने कहा कि एक समय था जब यूपी में कोई आना नहीं चाहता था। आज उसी यूपी में जीबीसी के जरिये साढ़े 10 लाख करोड़ के प्रस्ताव धरातल पर उतरते दिखे। कहा कि भारत तब विकसित होगा, जब यूपी विकसित होगा और यूपी तब विकसित होगा, जब उन्नाव जैसे जिले विकास प्रक्रिया के साथ बढ़ेंगे और उन्नाव तब विकसित होगा, जब चंद्रिका खेड़ा जैसे गांव विकसित होंगे।



डीएम गौरांग राठी से बात करते सीएम योगी। अमृत विचार

### चप्पे-चप्पे पर रहा पुलिस का पहरा

- सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थलों से लेकर अन्य स्थानों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। सभा स्थल और उसके आस-पास का इलाका छावनी बना रहा। सभा स्थल पर कड़ी सुरक्षा जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया गया। पुलिस के अलावा खुफिया तंत्र व सादी वर्दी में भी सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना अंतिम समय तक सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते रहे।

### सीएम के जाने के बाद रोड पर लगा जाम

- सीएम योगी की जनसभा को देखते हुए भारी वाहनों को पहले से ही उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कई किमी पहले रोक दिया गया था। इस कारण सुबह से ही रोड पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। जिसे खुलवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। यही हाल कार्यक्रम समाप्त होने बाद भी रहा।

### सीएम के जाने पर अफसरों ने ली राहत की सांस

- डीएम गौरांग राठी व एसपी सहित सभी बड़े-छोटे अफसर सीएम के कार्यक्रम को लेकर कई दिनों से दिन रात एक किए थे। सभी अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थल को चाक-चौबंद बनाने के लिए पूरी ताकत झोंके थे। सीएम का कार्यक्रम सकुशल निपटने के बाद अधिकारियों राहत की सांस ली।

# 'रोजा सिखाता चीजों की अहमियत'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सालभर के इंतजार के बाद मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है, जिसे इबादत का पाक माह भी कहा जाता है। जानकारों के मुताबिक 622 ईस्वी में पैगंबर हजरत मोहम्मद के हिजरत करने यानी मक्का से मदीना पहुंचने के दूसरे साल यानी 624 ईस्वी में इस्लाम में रमजान के महीने में रोजा रखने को फर्ज करार दिया गया था, जबकि इससे पहले चांद की कुछ खास तारीखों पर ही रोजा रखा जाता था।

शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिसबाही के मुताबिक रमजान मुबारक माह दो हिजरी (इस्लामिक सन) से शुरू किया गया था। पैगंबर हजरत मोहम्मद के मदीना पहुंचने का दूसरा साल था। रोजा इस्लाम के पांच फर्जों में से एक है।

**माह-ए-रमजान**



- पैगंबर हजरत मोहम्मद के मदीना पहुंचने के दूसरे साल फर्ज किया गया था रोजा

इनमें कलमा, नमाज, जकात, रोजा और हज शामिल है। इस्लाम को मानने वाले हर शख्स के लिए रोजा रखना बेहद जरूरी है। रमजान का चांद दिखने से लेकर ईद का चांद दिखने तक यानी अगले 29 या 30 दिनों तक रोजा रखने का हुक्म कुरान शरीफ में दिया गया है। रोजा सब्र और परहेजगारी के लिए जरूरी है, जिससे इंसान खुदा की दी हुई चीजों की एहमियत समझ सकें।

साथ ही हैसियत के मुताबिक जरूरतमंदों के लिए सदका, फितरा और जकात (दान) मुहैया कराएं, जिससे संबंधित परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सके। किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना बहुत मुकद्दस कार्य है। शहर काजी के मुताबिक इसीलिए रमजान के दौरान मस्जिदों से इस्लाम के सभी फर्ज पूरे करने की अपील जारी की जाती है।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**पुरवा।** रायबरेली जिला के विजयपुर गांव निवासी कुल्ली (50) पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव डगरुवनखेड़ा में तिलोकपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक रामकुमार की जमीन में बोई गेहूं की फसल की रखवाली करता था। बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे वह साइकिल से पुरवा-सोहरामऊ मार्ग से होकर फतेहगंज गांव की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नौ माह पहले चोरी हुई मूर्तियां पुलिस ने की बरामद

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव स्थित 64 वर्ष पुराने ठाकुरद्वारा से नौ माह पूर्व चोरी हुईं राधा व सीता की मूर्तियां बरामद करते हुए थाना पुलिस ने घटना का पटाक्षेप कर दिया है। हालांकि बाइक सवार चोरों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। इसलिए चोरी के खुलासे को लेकर लोग अलग ही चर्चा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 11 जुलाई को चोर ठाकुरद्वारा में स्थापित राधा व माता सीता की मूर्तियां चोरी कर ले गए थे। उन्होंने यहीं स्थापित भगवान राम, कृष्ण व लक्ष्मण की मूर्तियां यहीं स्थापित छोड़ गए थे। मंदिर के संरक्षक संजय की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली थी, लेकिन एक के बाद एक 8 माह तक मूर्ति चोरों की तलाश में पुलिस के हाथ खाली बने रहे।



बरामद हुईं चोरी की गईं मूर्तियां।। अमृत विचार

थाना पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव को मुखबिरों से पल्सर सवार दो संदिग्ध युवकों के क्षेत्र में घूमने की जानकारी मिली। इस पर वह पुलिस टीम सहित क्षेत्र में गश्त करते हुए संदिग्धों पर नजर रखे रहे। चंदीगढ़ी तिराहा के पास दो युवकों को पल्सर

- **एसएसआई नहीं पकड़ सके मूर्तियों सहित क्षेत्र में टहल रहे बाइक सवार बदमाश**

बाइक से जाते देख पुलिस टीम ने उनका पीछा किया, लेकिन वह हवा में धूल उड़ाते हुए पुलिस को धता बताकर भागने लगे। थाना पुलिस के अनुसार पीछा किए जाते समय बाइक सवार लखमदेमऊ तिराहा के पास मूर्तियां फेंककर भाग निकले। पुलिस पार्टी ने मूर्तियां बरामद करते हुए बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन उन्हें पकड़ नहीं सकी। हालांकि मंदिर के लोगों ने बरामद मूर्तियां ही चोरी होना स्वीकार कर लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने मूर्तियां बरामद करने वाली टीम को बधाई दी है।

**धर्म-आध्यात्म** सत्संग सांसारिक मोह- माया में फंसे लोगों को सही मार्ग दिखाता, इससे मानव का जीवन सफल हो जाता

# भक्ति के ज्ञान रूपी जल में डुबकी से निर्मल होता मन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** मिर्जापुर गांव के शीतला देवी मंदिर प्रांगण में चल रहे तीन दिवसीय 10वें सत्संग समारोह के दूसरे दिन भिनकीपुर परमार्थ धाम के महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने आचरण की सुचिता पर जोर देते हुए कहा कि कथा सिर्फ सुनें ही नहीं, उस पर अमल भी करें।

सत्संग सम्मेलन में सीतापुर से आए आचार्य श्री अभिषेक जी नैमिष ने कहा कि शरीर की गंदगी को दूर करने के लिए तो साधन सुलभ है पर रूप, रस, गंध व स्पर्श से उत्पन्न आंतरिक विकारों को दूर करना कठिन है। यदि इन विकारों को दूर करना है तो मनुष्य को सत्संग का सहारा लेना चाहिए। सत्संग विद्वानों के प्रवचन से प्राप्त होता है। विद्वान बताते हैं कि भक्ति



भक्तों को सत्संग का रसपान कराते महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी। अमृत विचार

भावना ही सर्वश्रेष्ठ है। भक्ति के ज्ञान रूपी जल में डुबकी लगाने से मन निर्मल हो जाता है। मन के निर्मल होने पर सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिल जाती है। भक्ति के द्वारा ही जीव फिर मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। यशोदा नगर कानपुर से पधारे आचार्य पुरुषोत्तम जी भागवत व्यास ने श्रीमद्भागवत को परमानंद दायिनी बताया उन्होंने कहा कि भक्त भगवान की आनंदमयी लीलाओं का श्रवण कर परमानंद की अनुभूति करता है। सत्संग समारोह के अध्यक्ष संत रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि सत्संग सांसारिक माया मोह में फंसे लोगों को सही मार्ग दिखाता है जिससे मानव का जीवन पूर्णतया सफल हो जाता है, सत्संग ऐसी औषधि है जिससे शारीरिक और मानसिक रोगों से छुटकारा मिलता है, साथ ही मृत्यु के बाद भी मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। आचार्य पुरुषोत्तम, रामाश्राम, प्रह्लाद जी मिश्र आदि ने भी प्रवचन दिए।

### गोवर्धन पूजन कथा प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए

**उन्नाव।** गंजमुरादाबाद क्षेत्र के चकहनुमान गांव स्थित आस्था श्रीचंद्र मधुरेश्वरम धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य अवधेश द्विवेदी ने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुना श्रोता भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को अहंकार कदापि नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह ईश्वर का भोग है। अहंकारी व्यक्ति का पतन निश्चित होता है। इंद्रदेव ने भी अहंकार किया, जिससे उनकी पूजनीय शक्ति का पतन हो गया। एक बार देवराज इंद्र को अहंकार हो गया कि उनसे बड़ा कोई भी देवता नहीं है। अहंकार के वशीभूत होकर वह गोकुल पर मूसलाधार बारिश करने लगे, जिससे गोकुल गांव डूबने लगा। गोकुलवासी भगवान श्रीकृष्ण को पुकारने लगे। श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र का अहंकार चकनाचूर करने के लिए अपनी एक उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुल के बाशिंदों की इंद्र के कोप से बचा लिया। इससे इंद्र का अहंकार समाप्त हो गया और भगवान श्रीकृष्ण की सभी ने जय-जयकार की। भगवान ने गोकुल के लोगों को गोवर्धन पर्वत का पूजन करने की सलाह दी। इस मौके पर नन्हें सिंह, ज्ञानू सिंह, लल्लन प्रसाद शुक्ला, नरेश चंद्र द्विवेदी, राम प्रकाश, प्रेम शंकर, संतोष त्रिपाठी व नीरज त्रिपाठी सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

# बच्चों के खेल-खेल में ऑटो का हैंड ब्रेक हटा, टक्कर से किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत सिकंदरपुर करन गांव निवासी 13 वर्षीय किशोर की ऑटो की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

सिकंदरपुर कर्ण निवासी विवेक कुमार (13) पड़ोसी सुमेर गौतम के यहां हुए विवाह कार्यक्रम के बाद देवी पूजन के लिए मैकू तेली मार्ग पर स्थित काली दवी मंदिर में पड़ोसियों के साथ गया था। मंदिर के बगल में ढलान पर एक ऑटो रिक्शा खड़ा था। बच्चों के खेलने के दौरान हैंड ब्रेक हटने से ऑटो बिना चालक के ढलान पर चलने लगा। जिसकी चपेट में आकर विवेक विवेक घायल हो गया। मौजूद लोग उसे सीएचसी अचलगंज लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। विवेक अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से दो बहने अंशिका व वैष्णवी (8) बेहाल रही। एसओ राजपाल ने बताया कि अब तक तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। घटना से परिवार में कोहराम है।

### दुर्घटना में बाइक व साइकिल सवार घायल

**सफीपुर उन्नाव।** तेज रफ्तार बाईक सवार ने सामने से आ रहे साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसमे साइकिल सवार वृद्ध के साथ बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के सरांय सकहन गांव निवासी प्रेम शंकर का 16 वर्षीय पुत्र संजय बाइक से आटा उठाने न्यामतपुर गांव स्थित कारखाने जा रहा था। इसी बीच मिर्जापुर गांव के पास सामने से आ रही साइकिल से बाइक टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक काफी तेज बाइक चला रहा था। साइकिल सवार रामकिशन (60 वर्ष) व बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनो घायलों को सीएचसी भिजवाया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया।



# गर्मी का चढ़ने लगा पारा, हैंडपंप पड़े सूखे

## इस बार गर्मी में पालिका मुहैया करायेगी ठंडा और शुद्ध पानी, सोलर सबमर्सिबल पंप की कराई जा रही मरम्मत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पालिका की ओर से शुक्लागंज के प्रमुख मार्गों, चौराहों के अलावा मोहल्ले में सोलर सबमर्सिबल पंप लगवाये थे। देख रेख के अभाव में अधिकांश पंप खराब पड़े हुये हैं। इधर मार्च माह में ही झुलसाने वाली गर्मी पड़ने लगी है। जिसे देखते हुये पालिका ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है और प्रमुख मार्गों से लेकर वार्डों में शुद्ध पानी के लिये खराब पड़े इंडिया मार्का की रिपयेरिंग का कार्य शुरू करा दिया है। इसके साथ ही सोलर सबमर्सिबल पंप की भी मरम्मत कराई जा रही है।

पालिका की ओर से बालूघाट मोड़, मिश्रा कॉलोनी, गोताखोर, चंपापुरवा, मनोहर नगर, शक्ति नगर, गांधी नगर, पीएचसी परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, तिकुनिया पार्क, आखिरी पेट्रोल टंकी, पोनी रोड, ऋषि नगर, सुभाष नगर में सोलर सबमर्सिबल पंप लगवाया गया था। जिनमें से एक या दो ही सोलर सबमर्सिबल पंप चल रहे हैं। बाकी के खराब पड़े हुये हैं। इधर मार्च माह में दोपहर के समय सूर्य तल्ख होने से लोगों की अभी से ही हलक सूखने लगी है। वहीं पानी को लेकर पालिका ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी है। खराब पड़े इंडिया मार्का को भी बनवाने का काम शुरू करा दिया गया है। इसके साथ ही सोलर सबमर्सिबल पंप की भी मरम्मत कराई जा रही हैं। वहीं 37 स्थानों पर लगे सोलर पंप की टंकियों की साफ सफाई करने के साथ ही उनकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिससे गर्मी में लोगों को शुद्ध पानी के लिये परेशान न होना पड़ा।


सीताराम कॉलोनी में खराब पड़ा इंडिया मार्का। अमृत विचार



बालूघाट में खराब पड़ा स्टैंड पोस्ट। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

"गर्मी से पहले खराब पड़े इंडिया मार्का की मरम्मत करा ली जायेगी, इसके साथ ही सोलर पंप की टंकी की साफ सफाई कराई जा रही है। वहीं चालीस वॉटर कूलर हर वार्ड में लगाये जायेंगे। वहीं हर घर जल योजना जल्द चालू होने वाली है। जिससे पानी की कोई किल्लत नहीं होगी।

–कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

### सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे 14 वॉटर एटीएम

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि गर्मी में लोगों को शुद्ध जल देने के लिये सार्वजनिक स्थानों पर 14 वॉटर एटीएम लगवाये जायेंगे। जिससे गर्मी में लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होगी।

### सभी वार्डों में लगेंगे 40 वाटर कूलर

पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में शुद्ध और शीतल पानी मुहैया कराने के लिये सभी वार्डों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख मार्गों पर 40 वॉटर कूलर लगाये जायेंगे। जिससे गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिल सके।

# झूठे सपने दिखा रही भाजपा: अन्नू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने मोहान विधानसभा हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क के दौरान भाजपा पर वोट लेने के लिए फर्जी आंकड़े और विकास के झूठे सपने दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से कहा कि सभी को मताधिकार का इस्तेमाल करते हुए समाज व देश हित में सरकार गठित करानी चाहिए।

ब्लाक क्षेत्र के चुनौटी, बबुरी, जरारी, नेवलगंज व मोहन में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में पूर्व सांसद ने दावा किया कि वर्तमान सरकार गरीबी उन्मूलन में असफल रही है। इसीलिए सत्तारूढ़ दल अब मतदाताओं को विकास के झूठे सपने दिखा बरगला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री बीते दो माह में 45 लाख करोड़ के विकास की फर्जी घोषणाएं कर चुके हैं, जबकि लोक सभा में वर्ष 2024-25 का पूरा बजट 11.11 लाख करोड़ का पारित किया गया है। इसी तरह पूर्व सांसद चिरयारी, ऊंचगांव, बीबीपुर, अहमदपुरवादे व ऊंचाद्वारा आदि गांवों में जनसंपर्क करते हुए दावा किया कि सिर्फ सपा ही सभी को सुशासन का एहसास करा सकती है। इसलिए आर्थिक विषमता की खाई को समाप्त करने के लिए होने वाले चुनाव में सपा का समर्थन करते हुए अखिलेश यादव को मजबूत बनाना चाहिए। यही नहीं उन्होंने भाजपा भगाओ-संविधान बचाओ का नारा भी दिया। जनसंपर्क में अशोक सिंह गुड्डू, संतराम, अनवर सिद्दीकी, इमरान, सेवक लाल, बृजपाल यादव, सल्तनत सिंह, चंद्रपाल पासी आदि रहे।


आमजन को संबोधित करतीं सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

### सुदूर गांव में प्रतिमा स्थापना पर जताया रोष

जनसंपर्क अभियान में पूर्व सांसद के साथ चल रहे वरिष्ठ लोधी नेता राजकुमार लोधी ने सजातीय वोटरों की बहुलता वाले चंद्रिका खेड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा स्थापित करने पर एतराज जताते हुए कहा कि सुदूर गांव में प्रतिमा स्थापित कराने को समाज उचित नहीं मानता है। उन्होंने कहा कि जंगे आजादी में सीने पर अंग्रेजों की गोली खाने वाले शहीद की प्रतिमा वास्तव में सूबे की राजधानी स्थित झंडे वाले पार्क में स्थापित होनी चाहिए, जहां तिरंगा लहराते हुए उन्होंने शहादत को वरण किया था।

# खुदाई से कटी केबिलें, मेमो से गुजरी अप लाइन की ट्रेनें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ कानपुर रेल रूट स्थित ऋषि नगर केबिल के पास जेसीबी से प्लेटफार्म बनाने के लिये खुदाई का काम किया जा रहा था, तभी भूमिगत पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिससे अप लाइन की सिग्नल प्रणाली धड़ाम हो गई। केबिल कटने की जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। वहीं कानपुर जाने वाली सभी ट्रेनों को मेमो देकर रवाना किया गया।

ऋषि नगर केबिन के पास प्लेटफार्म बनाने के लिये ठेकेदार जेसीबी से खुदाई का काम करा रहा था, तभी भूमिगत पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिस कारण लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों को सिग्नल नहीं मिल सका और वह आउटर पर खड़ी हो गई। ट्रेनें रूकने की सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची। जहां केबिल कटी होने पर एसएनटी विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर एसएनटी कर्मी मौके पर पहुंचे और पेट्रोलिंग की। जिसके बाद कटी केबिल की मरम्मत करने का काम शुरू किया गया।


ऋषि नगर केबिन के पास खड़ी जेसीबी।

# पत्नी के विरुद्ध आत्महत्या दुष्प्रेरण की रिपोर्ट

अमृत विचार फॉलोअप

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच
- दीपक किन्नर ने मंगलवार को पेड़ से लटक लगा ली थी फांसी


इश्तियाक।

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सरांय चंदन गांव में मंगलवार को फांसी लगाकर आत्म हत्या करने वाले युवक के मामा ने पुलिस को तहरीर देकर निशा किन्नर के विरुद्ध आत्महत्या करने को मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अब तहरीर के आधार पर पंजीकृत हुए मुकदमे के आधार पर मामले की जांच शुरू करने का दावा किया है।

कोतवाली क्षेत्र के सरांय चंदन के मजरा धौकल खेड़ा गांव में मंगलवार को देर शाम आम के पेड़ से अमेठी जिले के थाना पीपरपुर क्षेत्र स्थित इस्माइलपुर गांव निवासी इश्तियाक (23) पुत्र मो. शकील का शव लटकता पाया गया था। ग्रामीणों से इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था।

पुलिस द्वारा घटना की जानकारी पाकर बुधवार को यहां पहुंचे मृतक के मामा मोबीन अली पुत्र रोजन अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि करीब छह माह पहले प्रेम प्रसंग में फंसाकर निशा किन्नर पुत्र छोटेलाल निवासी सरांय चंदन ने उसके भांजे को बुलाया लिया था। इसके बाद इश्तियाक यहीं निशा किन्नर के साथ रह रहा था। पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक के मामा ने आरोप लगाया है निशा किन्नर उसे लगातार तरह-तरह से प्रताड़ित करता आ रहा था। इससे क्षुब्ध होकर इश्तियाक ने गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मृतक के मामा की तहरीर पर निशा किन्नर के विरुद्ध आत्म हत्या के लिए मजबूर करने की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

### महिला के किरदार में डांस

निशा किन्नर का असली नाम दीपक था। चार साल पहले कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव निवासी एक युवती से उसकी शादी भी हुई थी। बताते हैं कि दीपक शादी–पार्टियों में महिला के किरदार में डांस करने जाता था। इसीलिए उसकी पत्नी ने ढाई वर्ष पूर्व उसे छोड़कर अलग हो गई थी। हालांकि उसके एक बेटी भी है।

### महिलाओं की तरह व्यवहार

लोगों के अनुसार दीपक ने शादी–पार्टियों में महिला किरदार में डांस करते हुए महिलाओं की तरह व्यवहार करने की आदत बना ली थी। वह गांव–गांव जाकर बधाई मांगकर जीवन यापन कर रहा था। उसके दो भाई राजकुमार व मनोज परिवारों के साथ दिल्ली में रहते हैं। जबकि वह गांव में बहन सुधा के साथ रह रहा था। फेसबुक पर निशा किन्नर की इश्तियाक से दोस्ती हुई थी, जिसके बाद से वह दोनों साथ रह थे। बतातें हैं कुछ समय से दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा था।

## सार-संक्षेप

### बाबा खाटू श्याम की यात्रा में नंगे पैर पैदल चले भक्त

नवाबगंज उन्नाव। हर वर्ष की भांति इस बार भी फागुन माह में निकाली जाने वाली बाबा खाटू श्याम की भव्य यात्रा बुधवार को निकाली गई। इस दौरान बाबा खाटू श्याम रथ में विराजमान रहे। कस्बा नवाबगंज से दुर्गा मंदिर होते हुये उन्नाव बाईपास स्थित पूर्णागिरी मंदिर तक बाबा खाटू श्याम की यात्रा निकाली गयी। जिसमें भक्त नाचते–गाते नंगे पैर चल रहे थे। सैकड़ों की संख्या में भक्त पैदल निकले और पूरे सफर में बाबा के जयकारे करते रहे। यात्रा में चल रहे भक्तों ने बताया कि बाबा के दरबार में फाल्गुन माह में मेला लगता है। इसी के चलते यह यात्रा निकाली गयी है। जिसमें भक्त बाबा का निशान लेकर उन्नाव बाईपास मंदिर तक गये। पूरा क्षेत्र जय श्री श्याम के नारों से गूंज उठा।


बाबा खाटू श्याम की सजी झांकी।

### ग्राम प्रधान ने दबंग पर लगाया फायरिंग का आरोप

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव शंकरपुर सराय के प्रधान ने बताया कि वह बुधवार रात गौशाला से वापस जा रहे थे तभी वहां घात लगाकर खड़े कुछ लोगों ने उन पर पीछे से दो राउंड फायरिंग झोक दी। जिससे वह बाल बाल बच गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। शंकरपुर ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी ने बताया कि बुधवार को वह गांव में बने गौशाला गए थे। जहां रात करीब साढ़े 8 बजे वह बाइक से वापस घर जा रहे थे। तभी पांच लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद उनसे गाली–गलौज करने लगे। जिस पर उन्होंने बाइक स्टार्ट की और घर की ओर जाने लगे। आरोप है कि तभी उन लोगों ने पीछे से दो राउंड फायरिंग कर दी। जिससे वह बाल–बाल बच गए। घटना की जानकारी बैराज चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की। बैराज चौकी इंचार्ज ने बताया कि फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं है, जांच की जा रही है। अभी प्रधान की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शुक्लागंज।** कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा गांव के सामने बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटहा गांव निवासी संजय निषाद (25) बुधवार को कुछ काम से कानपुर गया था। जहां रात लगभग 10 :15 बजे बाइक से वापस हाईवे होते हुए घर लौट रहा था। तभी कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर सड़क पर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जाजमऊ चौकी पुलिस ने परिजनो को सूचना दी।

### छात्र की गिरकर मौत, मचा कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर निवासी एक छात्र चार दिन पहले कमरे में खेल रहा था, तभी वह तांड पर चढ़ने लगा। जिससे वह सिर के बल जमीन पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ब्रम्ह नगर निवासी जितेन्द्र अहिरवार का नौ साल का बेटा उमंग अहिरवार कक्षा पांच का छात्र था। रविवार को वह कमरे में खेल रहा था, इस दौरान वह तांड पर चढ़ने लगा। जिससे अनियंत्रित होकर सिर के बल जमीन पर आ गिरा। परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां उसका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह उमंग की मौत हो गई।

### एक्सरे टेक्नीशियन का हुआ तबादला, लौट रहे मरीज

**पुरवा उन्नाव।** सीएचसी में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन गुलाब रब्बानी का स्थांतरण लखनऊ होने से बुधवार को एक्सरे सुविधा ठप रही। इससे सीएचसी से करीब 15 मरीज लौट गए। तहसील मुख्यालय सीएचसी केंद्र में रोज करीब 250 मरीजों को ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जिसमें करीब 35 मरीजों का एक्सरे होता है। यहां एक्सरे टेक्नीशियन गुलाब रब्बानी व एक्सरे सहायक ज्ञान प्रकाश सिंह रहे। 11 मार्च को एक्सरे टेक्नीशियन गुलाब रब्बानी का तबादला होने पुरवा सीएचसी की एक्सरे सेवा बुधवार को ठप हो गई।

# ट्रांसफार्मर की लीड बदलने से बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी आते से नगर की बिजली व्यवस्था धीरे-धीरे बेपटरी होने लगी है। बुधवार को गांधी नगर मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर की जर्जर लीड में दिक्कत आने से आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जिसे देखते हुये बिजली विभाग ने मरम्मत कार्य किया। इसी तरह गंगानगर में पेड़ों की छटाई से दो फीडरों की आपूर्ति घंटों बाधित रही। जिससे लोग परेशान रहे।

गांधी नगर मोहल्ले में रखे एक ट्रांसफार्मर की लीड कई दिनों से खराब थी, जिससे विद्युत आपूर्ति के समय दिक्कतें आ रही थी। जिस पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे बिजली कर्मी पहुंचे। जहां बिजली कर्मियों ने शट डाउन लिया और ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने का काम शुरू किया। इसके चलते दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक फीडर दो बंद किया गया, जिससे दर्जनों मोहल्लों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं गंगा नगर में एचटी और एलटी लाइन के तार में पेड़ों की डाल छूने से लाइन ट्रिप हो रही थी। जिस पर शक्तिनगर फीडर की आपूर्ति बंद कर पेड़ों की छटाई की गई। दो फीडरों में दस हजार से अधिक घरों की बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी।


गांधी नगर ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

- करीब दो बजे बिजली कर्मियों ने शट डाउन लिया

### बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाया अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को बिजली कर्मियों की कई टीमों ने नगर के कई मोहल्लों में अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इसके साथ ही उनसे राजस्व भी वसूला।

शुक्लागंज में कॉमर्शियल और घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की बकायेदारी को देखते हुये लखनऊ मुख्यालय से लंबी फेहरिस्त बनाई गई है। जिस पर मातहतों को बकाया बिल वसूलने के लिये निर्देश दिये गये हैं। जिसे देखते हुये बुधवार को शुक्लागंज सबस्टेशन अवर अभियंता विष्णु शुक्ला और गंगाघाट टाउन अवर अभियंता अक्षय तिवारी बिजली कर्मियों के साथ नगर के कई मोहल्लों में बकायेदारों से राजस्व वसूलने पहुंचे। जहां टीम ने घर–घर जाकर बिजली के बिल चेक किये। इसके साथ ही कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। जेई ने बताया कि अहमद नगर, गांधी नगर, पोनी रोड, आर्य नगर, राजमार्ग में अभियान चलाकर 32 बिजली बकायेदारों के कनेक्शन काटे और साढ़े चार लाख का राजस्व वसूला गया है।

# मंत्री ने पकड़ा ओवरलोड डंपर, एआरटीओ को सौंपा

सामने आई हकीकत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में ओवरलोडिंग किस तरह हावी है इसकी चर्चा तो आम है। लेकिन, इसकी पोल परिवहन मंत्री के सामने भी बुधवार को उस समय खुल गई जब सीएम के कार्यक्रम से लौटते समय प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने एक ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने एआरटीओ को बुलाकर डंपर उनके हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मौरंग लदे डंपर को सीज कर दिया।

फतेहपुर चौरासी में बुधवार को हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह लखनऊ लौट रहे थे। उन्हें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से होकर लखनऊ जाना था। रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित गांव नेवल के सामने उन्हें एक ओवरलोड मौरंग लदा डंपर दिखा। इस पर उन्होंने उसे रोक लिया। मंत्री ने ओवरलोड डंपर के खिलाफ कार्यवाही के लिए एआरटीओ को निर्देश दिया। एआरटीओ प्रतिभा गौतम ने ओवरलोड डंपर को धर्मकांटे पर वजन कराकर रिपोर्ट कोतवाली पुलिस को सौंप दी। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि एआरटीओ की रिपोर्ट के आधार पर ओवरलोड डंपर को सीज कर नवीन गल्ला मंडी परिसर में खड़ा कर दिया गया है।


परिवहन मंत्री द्वारा पकड़ा गया डंपर।

# केस दर्ज होने के बाद प्रेमी ने भी दी जान

**संवाददाता उन्नाव।** प्रेमिका के फंदे पर लटके मिले शव की घटना में प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बुधवार को युवक ने घर से दूर खेत में पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

माखी थानाक्षेत्र के विजयीखेड़ा गांव निवासी बेचेलाल गौतम का पुत्र अतुल (21) मजदूरी करता था। अतुल का दही थानाक्षेत्र की मल्लीखेड़ा में रहने वाली निधि पाल (20) से प्रेम-प्रसंग था। सोमवार को युवती का शव शिवनगर मोहल्ले में रहने वाले फुफेरे भाई के घर में रस्सी के फंदे से लटका मिला था। पिता रमेश पाल की तहरीर पर अतुल गौतम के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दही थाने में दर्ज कराई थी। बुधवार को युवक ने अपने गांव के बाहर बेरी के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि परिजनों का अभी कोई आरोप नहीं है।

होली आई रे

ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका सजाने के लिए किया जा रहा चंदा, कुछ स्थानों पर हो रहा फाग का गायन

# होलिका स्थल पर लकड़ियां जमा करना शुरू किया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** होली के पर्व को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली जलाने के लिये लकड़ियां अभी से पड़ने लगी हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका सजाने के लिये अभी से ही चंदा मांगना शुरू हो गया है। इसके साथ की कुछ स्थानों पर फाग का भी गायन किया जा रहा है।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली से लेकर गंगा मेला तक जमकर रंग खेला जाता है। दस दिन पहले से ही होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महिलाएं घरों में चिप्स-पापड़ बना रहीं हैं। इसके साथ ही प्रमुख दुकानों और मार्गों पर रंगों और पिचकारी की दुकानें भी सजने लगी हैं। चंपापुरवा, शिव पार्क, श्री नगर, मिश्रा कॉलोनी, बिंदा नगर, राजधानी मार्ग, पोनी रोड़, राम नगर, मंशा खेड़ा, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आनंद नगर ऋषि नगर, सुभाष नगर नेहरू नगर में होलिका सजाई जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली को लेकर अभी से होलिका स्थल पर लकड़ियां डाली जा चुकी हैं। इसके साथ ही बच्चे घर-घर जाकर चंदा मांगना भी शुरू कर दिया है। वहीं इस बार युवाओं में होली सजाने के लिये होड़ भी देखने को मिल रही हैं।


रेलवे पुल के नीचे होलिका स्थल पर पड़ी लकड़ियां। अमृत विचार


स्नेहिल फुहार में धमाल मचाते अंबिका के बच्चे। अमृत विचार

# होली स्नेहिल फुहार में अंबिका के बच्चों ने मचाया धमाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में होली स्नेहिल फुहार का आयोजन किया गया। जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खूब धमाल मचाया और एक दूसरे के गालों में अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

अंबिका स्कूल में स्नेहिल फुहार कार्यक्रम के दौरान प्राइमरी में पढ़ने वाले बच्चों ने खूब धमाल मचाया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फिल्मी धुनों में थिरकते रहे। जिसके बाद प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई। प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि होली पर्व प्रेम और भाईचारे की प्रतीक है। पर्व में बच्चे प्रकृति रंगों का प्रयोग करें। जिससे उनकी त्वचा को कोई नुकसान न पहुंचे। इस मौके पर स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# बुराइयों का समूल नाश करें स्वयंसेवक

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- सैय्यदवाड़ा में शुरू हुआ महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सदानंद राय द्वारा गोद लिए गए सैय्यदवाड़ा मोहल्ला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की है। मुख्य अतिथि के तौर पर प्राचार्य ने शिविर का उद्घाटन करते हुए शिविर में शामिल स्वयं सेवकों से समाज में व्याप्त बुराइयों खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान और शिक्षा की उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयं सेवक के तौर पर विद्यार्थी सामुदायिक सेवा कार्य सीखते हैं। शिविर में शामिल छात्र-छात्राएं सामूहिक रूप से लोगों के बीच जाकर उन्हें शिक्षा, सफाई व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। वर्तमान में बड़ी संख्या में युवा सहित अन्य आयु के लोग शराब व धूम्रपान करते हुए जहां अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। वहीं जुआं व घरेलू हिंसा आदि बुराइयां भी अभिशाप साबित होती हैं। इसलिए शिविर में शामिल विद्यार्थियों को इन सामाजिक बुराइयों का समूल नाश करने का प्रयास करना होगा। इसके बाद स्वयं सेवकों ने लक्ष्य गीत भी प्रस्तुत किया। छात्रा निशा व सलोनी कश्यप ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इससे पहले महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रभारी डा. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए समापन पर आभार जताया। कार्यक्रम में सभासद सलमान अहमद, राजू मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रमाशंकर, सहायक शिक्षिका रिचा दुबे, राकेश कुमार, पूजा द्विवेदी व रोहिणी द्विवेदी, डा. दिग्विजय नारायन, सविता राजन, डा. अभय राजपूत आदि मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद स्वयं सेवक व अन्य। अमृत विचार

अर्थयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन्प्रजानाति मित्राणां सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित हो रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उल्टा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखे और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश! कावेरी को सहेजा होता


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।**

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है,जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है,लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं,लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

**गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।**

गौरतलब है कि केआर नगर,कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है,लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है,तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है,लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है,जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है,जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है,तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।


सिंचाई,सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं,वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर


मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था,जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था,उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी,लेकिन पुस्तक कोई भी हो,वह असीम नहीं हो सकती।

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था,लेकिन जीवन तो बह रहा है,बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी,उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है,श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है,ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है,किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है,जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है,जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं,जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?**

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए,दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ,कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम

अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।




पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन


पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

**आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।**

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं,जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं,उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे,लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट,लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले,समय व्यतीत करें,अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है,जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है,हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है,जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे,समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां,मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है,वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें,किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है,लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।


डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं,जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी,काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिग, पैरा बैंकिग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है,अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है,जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।

# चुनाव जीतने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है भाजपा

## सपा प्रमुख अखिलेश ने लगाया मतदान के समय धांधली की तैयारियां करने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संदेह प्रकट किया है कि भाजपा सन् 2024 का चुनाव जीतने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के समय धांधली की तैयारियां है। ऐसे में जन सामान्य, जो मतदाता भी है, उसे ही अपने अधिकार और वोट की रक्षा करनी है। साथ ही सपा के कार्यकर्ताओं पर लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी है।

अखिलेश यादव बुधवार को प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में काफी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरह व्यवस्था चौपट है। भाजपा सरकार में लूट मची है। उसका रास्ता खतरनाक है। भाजपा सरकार हर स्तर पर विफल है। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे वादे विज्ञापनों में दर्शाएं जा रहे हैं।



### डॉ. लोहिया का दिया उदाहरण

अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे व्यापार पर कुछ उद्योगपतियों का कब्जा हो गया है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स आदि एजेंसियों के जरिए डरा-धमका कर भाजपा के पार्टी फण्ड में वसूली की जा रही है। साढ़े छह हजार करोड़ रूपये के इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए चुनावी चंदा लिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में नफरत फैलाने और समाज को बांटने वाली नीतियों को हवा दी जा रही है। लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। वैसे भी डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जिन्दा कौमे पांच साल इंतजार नहीं करती।

### आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव

- यहां उन्होंने कहा है कि सन् 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। यह जनता के जीवन-मरण का चुनाव होगा। लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण सब पर खतरा है। सपा प्रमुख ने कहा कि सभी नेता, कार्यकर्ता बूथस्तर पर संगठन को मजबूत कर पीडीए का संदेश जन-जन तक पहुंचाए। और सपा-गठबंधन के प्रत्याशियों को बहुमत से जिताने में कोई कोरकसर न छोड़े।

# खाली सीटों पर भी हो सकता है कांग्रेस सपा में समझौता

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के साथ ही प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की संभावना को लेकर सपा व कांग्रेस के बीच सीटों पर समझौता हो सकता है। खाली सीटों को लेकर प्रदेश कांग्रेस में मंथन चल रहा है।

लोकसभा चुनाव लड़ने के दावेदार जहां टिकट पाने की जुगत में लगे हैं, वही उपचुनाव लड़ने के इच्छुक नेता भी विधानसभा की खाली सीटों पर अपने दावे पेश कर रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस व सपा के बीच सीटों के समझौते पर भी वार्ता चल रही है।

मालूम हो कि पूर्व विधायक आशुतोष टंडन के निधन के कारण लखनऊ पूर्वी सीट खाली चल रही है। इसी तरह, ददरौल, दुद्धी व बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीटें भी फिलहाल खाली हैं। दुद्धी क्षेत्र से भाजपा के विधायक रहे राम दुलारे गोंड़ की विधानसभा सदस्यता रद्द हो चुकी है।

# मध्यप्रदेश से रामनगरी पहुंचा नगाड़ा विश्व का सबसे बड़ा होने का दावा

- रामलला की शान में चार-चांद लगाएगा नगाड़ा
- इसको बनाने में मुस्लिम कारीगरों का भी रहा योगदान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला को देश भर से तरह-तरह से विशेष उपहार मिल चुके हैं। इसी क्रम में बुधवार को 1100 किलो का नगाड़ा अयोध्या पहुंचा। जिसकी गोलाई 33 फिट और ऊंचाई 6 फिट है। इसकी गूंज कई किमी तक सुनाई देगी।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले से शिव बरात जन कल्याण समिति का समूह नाचते-गाते और धार्मिक जय घोष करते बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचा। रामसेवक पुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नगाड़ा सौंपा। समिति का दावा है कि यह विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा है। इसका गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। समिति के सचिव प्रतीक मिश्रा ने बताया कि तीन माह में तैयार हुए इस नगाड़े की रचना में अलीगढ़, कानपुर और प्रयागराज के कारीगर शामिल थे। इसमें मुस्लिम कारीगरों ने भी योगदान दिया है।



कंटेनर से नगाड़े को क्रेन से उतारा गया। अमृत विचार

### रामलला की आरती से अब घर बैठे जुड़ रहे भक्त

**अयोध्या :** अब भक्त रामलला की श्रृंगार आरती से घर बैठे भी जुड़ रहे हैं। दूरदर्शन पर प्रतिदिन सुबह 6:15 बजे 6.30 मिनट तक आरती का लाइव प्रसारण बुधवार से किया जा रहा है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। जो नहीं पहुंच सकता, उसके लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है।

# पर्यटक अब गांवों में कर सकेंगे होम-स्टे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग चयनित गांवों में बढ़ा रहा सुविधाएं

**अमृत विचार।** ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने कई प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है। ये होम-स्टे स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म-स्टे का अनुभव कराएंगे।

इस कड़ी में अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में 'माइ मॉम ग्रामीण होम-स्टे' और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको-विलेज परियोजना के तहत 'गुलमोहर ग्रामीण होम-स्टे' ऐसा ही उदाहरण है। इन होम-स्टे में 4-5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है।

पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म-स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। यह जानकारी बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कुछ चयनित गांवों को ग्रामीण पर्यटन केंद्रों में बदला जा रहा है, जो स्थानीय संस्कृति के साथ ग्रामीण पर्यटन का विशिष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी होने के साथ, ये आगंतुकों को एक्सपिरियन्स टूरिज़म का अनुभव प्रदान करते हैं। यहां पर्यटक ग्रामीण परिवेश के शुद्ध वातावरण में समय बिताने के साथ मौसमी फसलों और बाग-बगीचों से भी परिचित होंगे।

### पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान

ग्रामीण पर्यटन और एग्रो टूरिज्म के बढ़ते चलन को देखते हुए उप्र. पर्यटन विभाग ने ग्रामीण और कृषि-पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान की है। इन ग्रामों में ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्थानीय कला, शिल्प और रोजगार को बढ़ावा देना है।

# नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति के साक्षात्कार 18 मार्च से

**लखनऊ।** प्रदेश में खुल रहें राजकीय व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 18 से 22 मार्च तक संपन्न होंगे। केजीएमयू के कलाम सेंटर में प्रस्तावित साक्षात्कार में एसोसिएट प्रोफेसर,, असिस्टेंट प्रोफेसर व ट्यूटर के रिक्त पदों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थी बुलाए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर के 93, असिस्टेंट प्रोफेसर के 127 और ट्यूटर के 426 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रम वार 18 मार्च से 22 मार्च तक साक्षात्कार की तिथि निर्धारित कर दी गई है। एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को सभी 93 अभ्यर्थियों को बुलाया है। असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 18 मार्च को 40 अभ्यर्थी व 19 मार्च को क्रम 41 से 127 तक के 87 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। ट्यूटर पद के लिए 19 से 22 मार्च तक बुलाया गया है।

# अस्पतालों में बढ़ाई जाएंगी 117 अल्ट्रासाउंड मशीनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मिलेगी एक-एक मशीन और एंबुलेंस

**अमृत विचार।** गर्भवती महिलाओं को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में 117 अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदी जायेंगी। ये मशीने ग्रामीण क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित जा जाएंगी। उक्त क्रम में 15 नई अल्ट्रासाउंड मशीन व 15 एंबुलेंस खरीदने के लिए बुधवार को शासन द्वारा करीब चार करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि लखनऊ, श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, मुजफ्फरनगर, कौशाम्बी, हापुड,चित्रकूट,महोबा, बदायूं, हापुड़, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ व पीलीभीत में एक-एक सीएचसी में एक-एक अल्ट्रासाउंड मशीन भेजी जायेगी, साथ ही हर सीएचसी पर एक-एक एंबुलेंस भी भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नौ लाख 99 हजार रूपए प्रति अल्ट्रासाउंड की दर से एक करोड़ 49 लाख 85 हजार रूपये, अल्ट्रासाउंड मशीनों के लिए और 16 लाख 20 हजार 270 रूपये प्रति एंबुलेंस की दर से दो करोड़ 43 लाख 4050 रूपये जारी हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुल तीन करोड़ 92 लाख 89 हजार 50 रूपये मिले हैं।



# झांसी में आबकारी निरीक्षक को किया गया निलंबित

**लखनऊ।** अवैध-नकली शराब फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार को झांसी के आबकारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद गोयल व वर्तमान उप आबकारी आयुक्त सुभाष चंद्र सोनकर से पूरी घटना पर स्पष्टीकरण मांगा है।

आबकारी मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही, भ्रष्टाचार किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होली का त्योहार है सभी जिलों के आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक सतर्कता के साथ अपने जिले में अभियान चलाकर गड़बड़ करने वालों को चिन्हित करें, सभी के खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा की अनुमति मांगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होकर सीपीसी की धारा 151 के तहत हलफनामे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष बसौड़ा पूजा के रूप में कृष्ण कूप पर हिंदू भक्त पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को शीतला सप्तमी और 2 अप्रैल 2024 को शीतला अष्टमी के रूप में पड़ रही है। उक्त तिथियों पर परंपरा के अनुसार हिंदू पक्ष को विपक्षियों द्वारा कृष्ण कूप पर पूजा करने से रोका जा रहा हैं। आवेदन में वादी पक्ष ने विपक्षी के लिए निर्देश मांगा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा करने के लिए हिंदू भक्तों को रोका न जाए। मुस्लिम समुदाय ईदगाह पर पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था कर सकता है। इस पर कोर्ट ने वादी पक्ष द्वारा दाखिल आवेदन के खिलाफ विपक्षियों को 15 मार्च 2024 तक जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया, अगर 20 मार्च 2024 को होने वाली अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल नहीं किया गया तो किसी भी आपत्ति पर विचार किए बिना फैसला किया जाएगा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष हो रही है।

### 84 प्रतिशत 'आबादी' ने खाई कीड़े की दवा

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कृमि मुक्त अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने 84 प्रतिशत लक्षित आबादी को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने में सफलता प्राप्त की है। यह आंकड़ा पिछले अभियान की अपेक्षा पांच प्रतिशत ज्यादा है। इस दवा के सेवन से पेट में कीड़े मरते ही हैं, साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान 69 जिलों के 758 ब्लॉक में किशोर, किशोरियों व बच्चों को दवा खिलाई गई है। अभियान में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को एल्बेन्डाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इस दौरान कुल सात करोड़ 69 लाख 77 हजार 361 ने एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त में चले अभियान में लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी।

### क्यूआर कोड से मिलेगी आवंटियों को परियोजना की जानकारी

**लखनऊ :** यूपी रेरा ने रियल एस्टेट परियोजना के पंजीकरण प्रमाण-पत्र के स्वरूप में बदलाव किया है। अब प्रमाण-पत्र सचिव रेरा के डिजिटल सिग्नेचर से जारी किए जा रहे हैं। इनमें परियोजना का एक क्यूआर. कोड भी डाला जा रहा है। इस प्रमाण-पत्र में परियोजना का नाम, प्रोमोटर का नाम, पंजीकरण का महीना तथा वर्ष, परियोजना की शुरुआत तथा पूर्ण होने की तिथि सहित निर्माण अवधि तथा परियोजना तथा प्रोमोटर के अंकित पते की जानकारी मिलेगी। यह जानकारी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रमाण-पत्र में रजिस्ट्रेशन की मुख्य शर्तें जैसे कि प्रोमोटर द्वारा आवंटियों से प्राप्त धनराशि का कम से कम 70 प्रतिशत और परियोजना के विकास के लिए बैंक से लिए गए ऋण की सम्पूर्ण धनराशि परियोजना के अलग खाते में जमा की जाएगी तथा परियोजना के निर्माण तथा भूमि की लागत पर ही खर्च की जा सकेगी। अध्यक्ष ने प्रोमोटर्स को क्यूआर कोड से लैस माडन पंजीकरण प्रमाण-पत्र को बड़े आकार में प्रिन्ट करके अपने कार्यालय तथा परियोजना स्थल पर मार्केटिंग कार्यालय में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

### आकांक्षात्मक ब्लॉक को करें विकसित

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले सीएम फेलोज् को प्रोत्साहन के लिये कई सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। सीएम फेलोज् ब्लाक को जिले, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर ले जाने का प्रयास करें। आकांक्षात्मक ब्लॉक को विकसित ब्लॉक बनाने का प्रयास करें, अन्यथा सीएम फेलोज् को निष्कासित भी किया जा सकता है। मुख्य सचिव बुधवार को 108 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में कार्यरत सीएम फेलोज् से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए बातचीत कर रहें थे। समीक्षा बैठक में उन्होंने फेलोज से ब्लॉक के विकास कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही समस्याओं के निवारण के लिए निर्देश भी दिये।

### एलएसजी के कई दिग्गज खिलाड़ी आज पहुंचेंगे लखनऊ

**लखनऊ :** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का आगाज होने में महज 9 दिन बाकी हैं। नवाबों के शहर लखनऊ में भी क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबलों का इंतजार कर रहे हैं। यहां के क्रिकेट प्रेमी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों की झलक देखने को बेताब हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के कई दिग्गज खिलाड़ी और प्रशिक्षक गुरुवार को राजधानी पहुंचेंगे। गुरुवार को केशव महाराज, शमर जोसेफ, आयुष बडोनी, अर्शीन कुलकर्णी, मोहसिन खान सहित खिलाड़ियों का आगमन हो रहा है। इनके साथ ही मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, वारेन एंड्रयू, क्रिस पर्किन भी शहर आ रहे हैं। एलएसजी प्रबंधन के मुताबिक 16 मार्च से भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र शुरू होगा। स्टेडियम में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट ने बताया कि 17 मार्च को होने वाली एलएसजी-10 के रन में भी टीम के कुछ खिलाड़ी व कोच शामिल होंगे। दौड़ को हरी झंडी दिखाने के साथ विजेता धावकों को पुरस्कृत करेंगे।

# बिजली उपभोक्ताओं के यहां मीटर रीडिंग व्यवस्था दुरुस्त होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने वितरण बिजली कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं के यहां मीटर रीडिंग व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। बिजली अफसरों को उपभोक्ताओं के यहां पहुंच कर हर हाल में सही मीटर रीडिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि आगामी गर्मी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ ही उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

# सिंगापुर के युवक ने 108 बार गुदवाया राम का नाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सिंगापुर से आए प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज में रामलला के प्रति अनोखी भक्ति देखने को मिली है। उन्होंने अपने दाएं हाथ में राम-नाम गुदवा लिया है। दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम और हनुमान जी का टैटू बनाकर दुनिया भर के युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है।

विजय ने बताया कि वह वृंदावन के मूल निवासी हैं। कई वर्षों से सिंगापुर में रह रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आए हैं। जिस प्रकार से लोग भगवान के नाम को जपने के लिए माला की 108 गुरियों का प्रयोग करते हैं, उसी प्रकार मैंने दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम अंकित कराया है।



प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज।

# अतीक के बेटे अली की हुई कोर्ट में पेशी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** अतीक अहमद के बेटे अली अहमद दी बुधवार को कड़ी सुरक्षा में नैनी जेल से अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट संख्या 7 पलास गांगुली के समक्ष लाकर चार मामलों में पेश किया गया। जेल से अली को लाने से पहले कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

नैनी जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद अतीक के बेटे अली अहमद दी अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट संख्या 7 पलाश गांगुली के सामने चार मामलों बनी बुधवार को पेश किया गया। इन चार मामलों में न्यायालय ने कागजात की नकल प्रदान गई है। अगली सुनवाई के लिए 20 तारीख दी गई है। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि अली के खिलाफ चार मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इन चारों मामलों में न्यायालय ने अली अहमद को अभियोजन कागजात की नकल प्रदान की है। यह सभी मामले करेली थाने में दर्ज किए गए हैं। इनमें अवैध रूप से पिस्टल रखना, रंगदारी वसूलना, धोखाधड़ी का मामला शामिल है।

बता दें कि पिछले साल 15 अप्रैल को अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद से अतीक अहमद के बेटे अली की पेशी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कराई जा रही थी। बुधवार को बड़ी सुरक्षा में उसे कोर्ट में पेश किया गया। अली अहमद के ऊपर दर्ज मामले की सुनवाई के लिए डिस्टिक कोर्ट में लाया गया था। एसीजेएम 7 पलास गांगुली की कोर्ट में उसे पेश किया गया। अली को आर्म्स एक्ट जानलेवा हमले धोखाधड़ी जैसे मुकदमा में पेशी कराई गई है। इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। इसको लेकर अली अहमद की तरफ से कोर्ट में डिस्चार्ज एप्लीकेशन दाखिल करने की अपील की गई है। कोर्ट ने अली को रिचार्ज एप्लीकेशन दाखिल करने का मौका कर दे दिया है। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने 21 मार्च की तारीख तय की है। नैनी सेंट्रल जेल में बंद 2 साल से अधिक समय बिताने वाले अली अहमद पर 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र की जयंतीपुर् इलाके में वकील उमेशपाल और उसके दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने के मामले में नाम सामने आया था।

जागरूक किया — श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को जारी किया अलर्ट

# रामलला के दर्शन के लिए पास की कोई व्यवस्था नहीं

अयोध्या कार्यालय

- कहा- कोई शुल्क लेकर दर्शन पास दिलाने की बात करे तो हो जाएं सावधान

**अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के दर्शन के लिए कोई वीआईपी पास की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए अलर्ट जारी किया है। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमें आशंका है कि विशिष्ट दर्शन के लिए कुछ लोग निर्धारित शुल्क लेकर पास का इंतजाम कराने की बात कर रहे हैं। यदि कोई शुल्क लेकर पास दिलाने की बात करता है तो सावधान हो जाएं। ऐसे में वो धोखाधड़ी का शिकार हो सकता है। मंदिर प्रबंधन का इससे कोई संबंध नहीं है।

ट्रस्ट के अनुसार वर्तमान समय में रोज करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आरती और सुगम दर्शन कराए जाने को लेकर सूचना जारी की है। भक्त मंदिर में सुबह 6:30 बजे से लेकर रात 9:30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकते हैं। ट्रस्ट ने बताया कि राम जन्मभूमि मंदिर में प्रवेश करने से लेकर, दर्शन कर बाहर आने तक की प्रक्रिया अत्यंत सरल व सुगम है।

सामान्यता 60 से 75 मिनट में रामलला सरकार के दिव्य दर्शन हो जाएंगे। दर्शनार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि मंदिर में फूल-माला, प्रसाद न लाएं। मंदिर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालु अपना मोबाइल, जूते-चप्पल, पर्स आदि परिसर के बाहर ही रखें।

**क्रॉसिंग नंबर 2 और 10 से विशिष्ट जनों को प्रवेश :** राम जन्मभूमि परिसर में दर्शन कराए जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को जन्मभूमि पथ मार्ग से प्रवेश मिल रहा है। वहीं क्रॉसिंग नंबर दो और 10 नंबर से कुछ विशिष्ट जनों के लिए वीआईपी व्यवस्था में दर्शन कराए जा रहे हैं।

### तमिलनाडु से आया आरती स्टैंड

**अयोध्या :** रामलला को मिल रहे अनुपम उपहार में तमिलनाडु के ईरोड जिले से एम.शशि कुमार, आर.सुधा की टोली तमिलनाडु का परम्परागत आरती स्टैंड लेकर अयोध्या पहुंचीं। इसमें एक साथ 108 बाती 22 दीपों में जलाई जा सकती है, जिसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने स्वीकार किया।



रामलला को भेंट किया गया आरती स्टैंड। अमृत विचार

### मंगला, श्रृंगार व शयन आरती के लिए बनेगा पास

ट्रस्ट के अनुसार मंदिर में रामलला की आरती में शामिल होने के लिए तीन समय निर्धारित किए गए हैं। इसमें सुबह चार बजे मंगला आरती, 6:15 बजे श्रृंगार आरती व रात्रि 10 बजे शयन आरती। जिसमें शामिल होने के लिए पास की जरूरत होगी। ट्रस्ट की वेबसाइट और कार्यालय के माध्यम से यह पास जारी किया जाता है। इसके लिए भी कोई शुल्क नहीं है। अन्य आरतियों के समय प्रवेश पास की आवश्यकता नहीं है।

# अध्यक्ष पद के लिए मांगा गया आवेदन

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने बताया कि उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में एक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 दिन के भीतर होगी।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या– 2221/अधि0अभि0/प्रो0/2023–24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2022–23 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2022–23 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डो के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है :–

1. ई–निविदा पद्धति (टी–2) से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या:– 02, दिनाकं 19.03.2024

मुख्य अभियंता, नगर निगम कानपुर
नगर आयुक्त, नगर निगम कानपुर
Ro no. 425
दिनांक: 13.03.2024



**96.8** करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान





**47.1** करोड़ महिला मतदाता

**49.7** करोड़ पुरुष मतदाता





**21.6** करोड़ युवा मतदाता

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में

## चुनावी तीर



कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा नहीं उपलब्ध करा सकते हैं तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।
**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं।
**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

## भाजपा की दूसरी सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, मगर उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गजों की झोली अभी खाली है।

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**दिल्ली : पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात : साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा( अजजा) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड( अजजा) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला ( अजा) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा ( अजा) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।


**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक।

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलू, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्देश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमण्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

*2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:*

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





**1985** में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

**303** सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की थी जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

**13%** मतों का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।

**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

## गहलोत, कमलनाथ की तरह हरीश रावत ने भी मांगा बेटे के लिए टिकट

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांगा है। यहां से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं लेकिन गर्भवती होने के कारण चुनाव प्रचार करने में असमर्थ हैं। उत्तर प्रदेश की रायबरेली एवं अमेठी सीट को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है यहां से प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा की है। यहां से वे अपने बेटे वीरेंद्र को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सलाह दी है कि वे या तो स्वयं चुनाव लड़े या फिर बेटी अनुपमा को मैदान में उतारे, क्योंकि पहली मर्तबा में वीरेंद्र को टिकट देना न्याय संगत नहीं होगा।

हरीश रावत शुरू से अल्मोडा-पिथौरागढ संसदीय सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं लेकिन यह सीट सुरक्षित हो जाने के बाद उन्होंने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। लेकिन इस बार वे हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं। रावत का तर्क है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है उनकी जगह बेटे को टिकट दे दिया जाए। वेणुगोपाल से हुई मुलाकात के दौरान हरीश रावत ने बेटे को चुनाव जीतने का सबसे बड़ा फार्मूला वर्तमान सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल का टिकट कटने से भाजपा में पैदा हुए असंतोष का लाभ मिलना बताया है।



● अमेठी या रायबरेली से प्रियंका को उम्मीदवार बनाने पर विचार-विमर्श

इसी तरह उप्र में रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र को लेकर कांग्रेस में काफी विमर्श चल रहा है। क्योंकि सोनिया राज्यसभा से सांसद है और राहुल वायनाड से लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह संदेश जा सकता है कि गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी को छोड़ दिया। पहले यह कहा जा रहा था कि राहुल अमेठी या रायबरेली से भी लड़ सकते हैं।

## टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता ने छोटे भाई से तोड़े संबंध

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।



पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। बाबुन बनर्जी ने कहा कि मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं।

## दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

● लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व

● भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच

● मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में



● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।

● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर

### इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा ( उपचुनाव में जीते) |
| संभल | डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा ( अभी निष्कासित) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी ( सेक्युलर ) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

**केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व**

## फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है।




उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में मंत्री हैं और साध्वी की जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

(2019 में सपा-बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली)

### इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो-दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक-एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

### हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

### तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारेगी आप

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, बल्कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार प्रसार करेगी। यह जानकारी दिल्ली के विधायक दिलीप पाण्डेय व प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह ने बुधवार को दी। आप के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई प्रांतीय बैठक में दिल्ली से केजरीवाल सरकार के विधायक एवं मुख्य सचेतक विधानसभा दिलीप पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए आप कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांगेंगे और इंडिया अलायंस के उम्मीदवार को जिताने की अपील करेंगे।

### निदेशक ग्रेड में पहुंचे तीन डॉक्टर

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में अपर निदेशक ग्रेड के डॉ.हरी दास अग्रवाल और डॉ.साधना राठौड को निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिल गई है। इसके साथ ही आजमगढ़ मंडल में अपर निदेशक डॉ.हर गोविंद सिंह को नोशनल प्रोन्नति देकर निदेशक ग्रेड में पदोन्नति मिल गई है। यह निर्देश चिकित्सा अनुभाग दो के सचिव रंजन कुमार ने जारी कर दिए हैं। मालूम हो कि निदेशक ग्रेड से तीन महानिदेशक बनने के बाद पद रिक्त चल रहे थे, जिनके सापेक्ष प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रोन्नति पाए तीनों चिकित्सकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर ही प्रोन्नति प्रदान की गई है। साथ ही शासन द्वारा ग्रेड तीन से ग्रेड चार तक के कुल 71 डॉक्टरों को विभिन्न अस्पतालों में नई तैनाती दे दी गई है।

# चाइनीज उत्पादों से बाजार को दूर करना बड़ा राष्ट्रवाद : मुख्यमंत्री

## योगी ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चीन के उत्पादों को अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यह एमएसएमई की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है, तो उसे प्रोत्साहित करना होगा। प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। योगी ने कहा कि यह कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद बाजार में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर प्रदेश के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक दिया। वहीं, औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित किया।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।

**आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है, साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।




लोकभवन में ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत महिला को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

### बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई विभाग को बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

### राज्य को बीमारू बनाकर रखा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पहले भी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य था, मगर कुछ लोगों ने इसे बीमारू बना रखा था। हमने इसे राष्ट्रनिर्माण के अभियान के साथ जोड़कर युवाओं और उद्यमियों के डेवलपमेंट के पथ पर अग्रसर किया है। यह देश का अकेला राज्य है जहां युवा उद्यमियों को बिना ब्याज के पांच लाख का ऋण देने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स में से 40 लाख का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। लक्ष्य जल्द से जल्द सभी 96 लाख को रजिस्टर्ड कराना है।


मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के नवनियुक्त अन्य सूचना आयुक्तों ने राजभवन में बुधवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उनके साथ रहीं। अमृत विचार

# मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के 10 सूचना आयुक्तों ने ली पद की शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलाई शपथ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा व राज्य के 10 सूचना आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई।

समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पद्म नारायण, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन कर पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, राज्य सूचना आयोग के सचिव जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता व अन्यअधिकारी मौजूद रहे।

### समय पर उपलब्ध कराई जाएगी सूचना : मुख्य सूचना आयुक्त

शपथ लेने के बाद मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि जनता के सूचना के अधिकार को सुदृढ़ करने, लोगों तक वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराने व कार्यों में पारदर्शिता के साथ कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग लोगों को समय से सूचना उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा।

# चार आईएएस अधिकारियों को कैट से मिली जीत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पदोन्नति के बाद डीओपीटी ने 2014 की जगह 2015 बैच कर दिया था अलॉट

▸▸ आईएएस अधिकारियों ने कैट में किया मुकदमा तो वरिष्ठता की मांग हुई पूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों की एक साल कम की गई वरिष्ठता संबंधी मामले में जीत हासिल हुई है। पीसीएस से आईएएस बने इन अधिकारियों को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया। मामले को लेकर केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई तो अब जाकर जीत मिली है।

कैट से जीत हासिल करने वाले यूपी बैच के आईएएस हरिकेश चौरसिया अब विशेष सचिव आयुष हैं, जबकि बृजेश कुमार की तैनाती एडिशनल कमिश्नर, मुरादाबाद पद पर है। आईएएस महेंद्र सिंह की तैनाती विशेष सचिव गृह विभाग पद पर है। रविंद्र पाल सिंह की तैनाती विशेष सचिव भाषा निदेशक हिंदी संस्थान पद पर है।

कैट में केस वालों में शामिल आईएएस महेंद्र सिंह के मुताबिक जब प्रशासनिक सेवा में भारतीय सेवा का प्रमोशन होता है, तब राज्य का सर्विस कमीशन वरिष्ठता के हिसाब से बैच की सूची बनाकर भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग को भेजता है। इस मामले में उनके ही बैच में अरुण कुमार का डिप्टी एसपी में सेलेक्शन हुआ था, लेकिन उसने ज्वाइन नहीं किया। बाद में उनका सलेक्शन डिप्टी कलेक्टर में हो गया। सूची में अरुण 10 वें स्थान पर थे, लेकिन हमारी तुलना में उनकी सेवाएं एक साल कम थी। जबकि हम चारों की सेवाएं 21 साल पूरी हो चुकी थी।

इसके आधार पर हम सभी को आईएएस का 2014 बैच अलॉट होना चाहिए था। लेकिन भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई और वरिष्ठता के अनुसार 2014 बैच की मांग की गई। सुनवाई के बाद फैसला पक्ष में आया।

### यूपी में दो आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। देवेश पांडेय कमांडेंट पीएसी मुरादाबाद से एसपी एटीएस और अमित कुमार को एटीएस से पीएसी मुरादाबाद भेजा गया है।

## सपा की राज्य कार्यकारिणी में संतोष प्रदेश सचिव नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में सन्तोष यादव निवासी मुगलचक अलीनगर मुगलसराय जिला चन्दौली को प्रदेश सचिव और शशिकान्त दुबे निवासी ग्राम पाण्डेयपार उर्फ डड़वा पोस्ट राजगढ़ जिला गोरखपुर को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है। वहीं, पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप द्वारा कन्हैया निषाद निवासी ग्रामसभा असना पोस्ट असना कुशीनगर और विनय कुमार यादव निवासी ग्राम प्रान छपरा पोस्ट सलेमपुर जिला देवरिया को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# लोस चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश की सीटों पर बसपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो गए हैं। 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना है। पहले चरण में संभावित प्रत्याशियों को बतौर लोकसभा प्रभारी घोषित करने की बात कहीं जा रही है। चुनाव को लेकर भाजपा, सपा व कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस की पहली सूची में प्रदेश के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। इस बीच, बसपा के प्रत्याशियों की सूची जारी होने की चर्चा तेज हो गई है। बसपा सूत्रों के अनुसार, कांशीराम जयंती पर मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी होने की संभावना है। इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। बसपा लगातार इंडिया गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर रही है, पर 2019 में बसपा सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन से खाते में आई 38 सीटों में से 10 सीटों पर विजय हासिल की थी।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।

2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।

6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं

7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।

9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।

10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।


**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।

4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।

5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।

8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली-8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग़ | 2 रू | र | | | | |
| | ढ़ि | | 3 छे | 4 द | ना | |
| | वा | | | रा | | 5 हूँ |
| | 6 द | 7 म | बा | ज़ | | गा |
| 8 आ | | ज़ | | | 9 कॉ | |
| ल | | बू | | | म | |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | |

# विकसित भारत के एंबेसडर ऑफ द वीक बने ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लखनऊ के अनुराग श्रीवास्तव को मिला चौथा स्थान



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए विकसित भारत अभियान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का 'एंबेसडर ऑफ द वीक' चुना गया है। उन्हें नमो एप के विकसित भारत कार्यक्रम में इस सप्ताह देशभर में आम नागरिकों ने सबसे ज्यादा पसंद किया। नमो एप पर उनके लिंक से सबसे ज्यादा लोगों ने एप डाउनलोड किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमो एप पर 'विकसित भारत एंबेसडर' नाम से एक मॉड्यूल पेश किया गया है। मोदी ने दिसंबर 2023 में नमो एप डाउनलोड करके विकसित भारत एंबेसडर बनने का आह्वान किया था। मोदी हर हफ्ते इसे लेकर एक रैंकिंग जारी करते हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का नंबर वन चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी है। पाठक ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

मोदी ने दूसरा स्थान पाने वाले चितरंजन कुमार, तीसरा स्थान पाने वाले डॉ. पंकज सिंह, चौथा स्थान पाने वाले भाजपा कार्यकर्ता अनुराग श्रीवास्तव और पांचवा स्थान पाने वाली सीमा हिरय को भी बधाई दी है। इन सभी को चार मार्च से 10 मार्च के सप्ताह के लिए विकसित भारत अंबेसडर चुना गया है।

# सितंबर 2024 में 32 हजार मेगावाट पहुंच सकती है बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी की अनुमानित मांग पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** इस बार गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई पूर्वानुमानित बिजली की पीक डिमांड रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां सितंबर 2024 में सबसे ज्यादा 31,917 मेगावाट अधिकतम मांग अनुमानित है, जबकि 2025 में देश में सबसे ज्यादा मांग महाराष्ट्र में आंकी गई है। मार्च 2025 में महाराष्ट्र में अधिकतम मांग 32,640 मेगावाट आंकी गई है।

अधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार से मौसम करवट ले रहा है, अनुमान है कि उत्तर भारत में इस बार प्रचंड गर्मी आने वाली है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2024 में 25,379 मेगावाट, मई में 28,291 मेगावाट, जून में 29,853 मेगावाट, जुलाई में 30,581 मेगावाट, अगस्त में 31,585 मेगावाट और सितंबर में 31,917 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में ओबरा सी और जवाहरपुर की एक-एक परियोजनाओं को जोड़ लिया जाए तो अभी तक कुल लगभग 28,500 मेगावाट का इंतजाम प्रदेश में दिख रहा है, ऐसे में युद्ध स्तर पर काम कर अभी से बिजली की उपलब्धता बढ़ाना होगा। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन पावर बैंकिंग के तहत 11 राज्यों से बिजली की व्यवस्था में लगा है पर अधिकतम मांग को पूरा करना प्रदेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। मालूम हो कि पिछली गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी।

## सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23.25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16.56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन** — आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क** — आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह** — आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला** — आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर** — आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ** — आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन** — आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खिलाड़ी — सुबह : 11.00
धड़कन — दोपहर : 03.00

SONY PIX
मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
जुमांजी — रात : 08.45

SONY MAX
जब तक है जान — सुबह : 11.11
टाइगर जिंदा है — रात : 10.30

ZEE CINEMA
फोबिया — सुबह : 10.30
कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13.24
कमबख्त इश्क — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात 10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14400-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12100 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5050 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

### वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड-19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका-चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

- वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

### दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरीडोर को मिली मंजूरी



केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12.377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8.385 किलोमीटर होगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों लाइनों पर 8399 करोड़ रूपये का व्यय होगा जिसमें से 10547 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार और 1987 करोड़ रूपये दिल्ली सरकार वहन करेगी।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200-50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,100 |
| चांदी तैयार | 74,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा की।

## सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

## इस्मा ने सकल चीनी उत्पादन का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है। जनवरी में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था। एक बयान में, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन अब 340 लाख टन होने का अनुमान है।

## लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

- मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता

मुंबई, एजेंसी



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### नोएडा एक्सटेंशन में छह ढाबों और दो दुकानों में लगी आग

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल के पास बने 6 ढाबों और 2 दुकानों में बुधवार सुबह आग लग गई और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब दमकल विभाग को सूचना मिली कि नोएडा एक्सटेंशन में हिंडन नदी के पास एक ढाबे में आग लग गई है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया कि वहां बने 6 ढाबों और दो अन्य दुकानों में आग फैल गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 'शार्ट सर्किट' होने की वजह से आग लगी। अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### 12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12.40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो-रिक्शा में जाते हुए देखा था।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

### प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है।

मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

### मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम-सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा-कौोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

## बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

## हमारे खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

## राजस्थान में मिट्टी ढहने से चार मजदूर दबे, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड (शहर) थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह मिट्टी ढहने से वहां काम कर रहे चार मजदूर उसके नीचे दब गए जिनमें से दो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब 'सीवरेज' के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप लगाते समय मिट्टी ढह गई। दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई जबकि दो का उपचार चल रहा है। थानाधिकारी बंशीलाल साद ने बताया कि हिना कॉलोनी में सीवरेज पाइप डालने के सिलसिले में 10 फुट गहरे खड्डे में चार मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान अचानक मिट्टी के ढह जाने से चारों मजदूर उसके नीचे दब गये। उन्होंने बताया कि मजदूर अशफाक, राहुल, मनीष और इरफान को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां यूपी के निवासी अशफाक (25) और राहुल (24) की मौत हो गई।

## प्रसार भारती की समाचार सेवा शब्द का शुभारंभ

- छोटे मीडिया घरानों को मिलेगी निशुल्क समाचार सेवा-ठाकुर

नई दिल्ली, ब्यूरो



**अमृत विचार:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा "शब्द" का रिमोट दबाकर ऑनलाइन शुभारंभ किया है। उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन, चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान बुधवार को अमृतसर जिले में अटारी-वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान प्रदर्शन करते हुए। • एजेंसी

## केंद्र केरल को 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज की सहमति देने को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

# नायब सिंह सैनी सरकार ने विस में हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

### हरियाणा की सरगर्मी



### सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

### खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।

# ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

## 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी



• मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी



नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह अब उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।

# बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

दुबई, एजेंसी

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग



अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी।** सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया।

### अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता। अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है।

# खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

## 42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी





• 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।

# विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

• 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

# कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।

# शेफाली का अर्धशतक, गुजरात को हराकर दिल्ली फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी



शेफाली वर्मा के 37 गेंद में 71 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला लीग के मैच में बुधवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दिल्ली ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से गुजरात को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया था। उसने 13.1 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

रविवार को फाइनल में दिल्ली का सामना मुंबई और बंगलुरु के मैच के विजेता से होगा। दिल्ली की शेफाली ने 5 छक्के और 7 चौके लगाए। उसने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रौड्रिग्स 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले गुजरात का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा और चौथे ओवर में उसके 12 रन पर दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। कप्तान बेथ मूनी बिना खाता खोने काप की गेंद पर आउट हुई। भारती फुलमाली के 42 और कैथरीन ब्राइस की नाबाद 28 रन की पारी नहीं होती तो गुजरात का स्कोर और खराब होता। दक्षिण अफ्रीका की मरियाने काप, शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने दो दो विकेट लिए। डी हेमलता (4) को जेस जोनासेन ने बोल्ड किया। लौरा वोल्वार्ट (7) को काप ने पवेलियन भेजा। पांचवें ओवर में गुजरात के तीन बल्लेबाज आउट हुए जब स्कोर 16 रन था। एशले गार्डनर (12) और फोबे लिचफील्ड (21) ने चौथे विकेट के लिए 23 रन जोड़े। मनी ने गार्डनर को आउट किया। नौवे ओवर में गुजरात का स्कोर 4 विकेट पर 39 रन था। मनी की गेंद पर राधा यादव ने लिचफील्ड का कैच लपका। 5 विकेट 11वें ओवर में 48 रन पर गिरने के बाद फुलमाली और ब्राइस ने 68 रन जोड़े।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 126/9, लिचफ़ील्ड 21 (22 गेंद), भारती फूलमाली 42 (36 गेंद), कैथरीन ब्राइस 28* (22 गेंद)। **विकेट:** मैरिजेन कप्प 2, शिखा पांडे 2, मिन्नू मणि 2।

**दिल्ली कैपिटल्स:** 129/3, मेग लानिंग 18 (10 गेंद), शेफ़ाली वर्मा 71 (37 गेंद), जेमिमाह रॉड्रिग्स 38* (28 गेंद)। **विकेट:** तनुजा कंवर 2।

# बॉलीवुड हलचल

## सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

# विवान ने परिजनों का जताया आभार

## जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी श्रृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

## बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

**मुंबई, एजेंसी।** अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।



## मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 **(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।**

# शिमला में गिरे ओले, आज भारी बर्फबारी के आसार



### उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। आज यानी गुरुवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि प्रदेश के उत्तरकाशी चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 14 मार्च को भी कुछ जिलों में मौसम बदला रहने की संभावना है। आज बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

शिमला, एजेंसी

हिमाचल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 8, गोंदला में 7, केलांग में 4 और कोठी व सांगला में एक-एक सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में शाम ढलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

### स्पीति में जल संकट, कई किमी दूर मिल रहा पीने का पानी

बर्फबारी के बाद लाहुल स्पीति में पानी की कमी खलने लगी है। पेयजल लाइनें जाम हो गई हैं, लोगों को नदी किनारे और नालों से पानी ढोना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में ग्रामीण 5 से 7 किलोमीटर की सफर तय करके पानी लाने को मजबूर हैं। केलांग में भी हर साल की तरह इस साल भी बर्फ के बीच में लोगों को बाहर लगे नलों से कैन में उठाकर खुद लाना पड़ रहा है।



# जैविक, केमिकल हथियारों का दुरुपयोग रोकेगा एआई

*रिसर्च में एआई के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए दुनियाभर के 90 वैज्ञानिकों ने समझौता किया है। समझौते में सैन फ्रांसिस्को के हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्ट-अप एंथोपिक के मुख्य कार्यकारी डारियो अमोदेई, नोबेल पुरस्कार विजेता जीव वैज्ञानिक फ्रांसिस अर्नोल्ड जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इनका कहना है कि जीव विज्ञान के क्षेत्र में एआई का लाभ किसी भी संभावित नुकसान से अधिक होगा। अर्नोल्ड ने कहा कि, जैविक, केमिकल हथियारों में एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए समक्षैता हुआ है। आईए जानते हैं इसके बारे में...*

- नई एआई प्रौद्योगिकी जल्द ही अकुशल और आपराधिक लोगों की मदद कर सकती है, जो बड़े पैमाने पर जैविक हथियार और घातक जहरीले केमिकल बना सकते हैं। वैज्ञानकों का नया समझौता एआई को गलत लोगों के हाथों में जाने से रोकने का प्रयास है। वैज्ञानिक सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई की मदद से किया अनुसंधान दुनिया को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़े।



### एआई बना रही कंपनियों में 7.61 लाख करोड़ का निवेश

एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। 2022 में एआई बनाने वाली 1400 कंपनियों में 92 अरब डॉलर (7.61 लाख रु.) का निवेश हुआ, जो 2016 की तुलना में करीब दोगुना है।



- वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर प्रोटीन डिजाइन के निदेशक डेविड बेकर ने कहा, 'यह डीएनए निर्माण उपकरण जैव-हथियारों के विकास को आसान बनाएगा। वहीं, शिकागो यूनिवर्सिटी में जैव रसायन और आणुविक जीव विज्ञान के प्रो. राम रंगनाथन ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को कुछ लोगों या संगठनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।



### एआई के इस्तेमाल से और घातक हो रहे युद्ध

सेनाएं अपने सैनिकों का प्रभाव बढ़ाने और उनके जीवन की रक्षा के लिए इन प्रणालियों का उपयोग करती हैं। एआई प्रणाली सैनिकों को अधिक कुशल बना सकती है और इससे युद्ध की गति और घातकता के बढ़ने की आशंका है। एआई का युद्ध के सभी स्तरों पर प्रभाव पड़ रहा है, 'खुफिया, निगरानी और टोही' गतिविधियों से लेकर 'घातक हथियार प्रणालियों' के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है, जिसके जरिए मानव हस्तक्षेप के बिना निशाना बनाकर हमला किया जा सकता है। बता दें, इजराइल की सेना भी हबसोरा प्रणाली भी इसी तरह काम करती है। यह प्रणाली मशीनों के सुझावों पर भरोसा करने की मानवीय प्रवृत्ति को बढ़ा सकती है। यह बात हबसोरा प्रणाली से सामने आई है।

## एक नजर

### भारत और भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। भूटान की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबार में सुगमता आएगी। भारत उत्पादों का निर्यात करते समय एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। इससे व्यापार में सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा और दोनों पक्षों के लिए अनुपालन लागत कम होगी।

### छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पर जशपुर और बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी, जिससे बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग मे सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

### पटना के न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर फटा, एक की मौत, कई घायल

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद फट गया। विस्फोट में एक वकील की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि, घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई अन्य लोग भी विस्फोट की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दहल ने अग्निपरीक्षा की पास, तीसरी बार हासिल किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से दहल ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की।

# राष्ट्रपति बाइडन-ट्रंप पार्टी चुनाव जीते, दोनों नेता फिर आमने-सामने

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 2020 में भी ट्रंप-बाइडन के बीच हुआ था मुकाबला

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है।

सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था।

बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।



### किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे बाइडन

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ।

### आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे ट्रंप

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच 2020 के चुनाव अभियान के बाद दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, ट्रंप इस बार 91 आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था।



# ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर

लंदन, एजेंसी

- **ब्रिटेन में डॉक्टरों की कमी होगी दूर भारत के नौ शहरों में होगा प्रशिक्षण**



ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से दो हजार चिकित्सक भेजे जाएंगे। इसके लिए भारत के नौ प्रमुख शहरों के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नागपुर, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, बेंगलुरू और मैसुरू में चिकित्सकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।


एनएचएस के अनुसार, भारतीय चिकित्सकों को फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के तहत पहले बैच को प्रशिक्षण देगा। छह से बारह महीने की प्रशिक्षण के बाद इन चिकित्सकों को ब्रिटेन के अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी। भारतीय चिकित्सक दो साल के लिए ब्रिटेन में नौकरी कर सकेंगे। एनएचएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएस ही इन चिकित्सकों के लिए वीजा प्रदान करेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले भारतीय पीजी चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि उन्हें पीएलएबी परीक्षा नहीं देना।

ब्रिटेन में काम करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा पास करना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अभी लगभग 25 हजार डॉक्टरों की कमी है। ब्रिटेन में अभी 30 हजार से ज्यादा भारतीय चिकित्सक काम कर रहे हैं। फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के बाद आने वाले दस साल में भारतीय चिकित्सकों की संख्या दोगुनी होने की संभावना है। एनएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत से आने आने वाले चिकित्सकों के लिए ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साउथ वेल्स, बोल्टन और प्लेमाउथ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। एनएचएस ने ब्रिटेन के 23 वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो भारत में आकर पीजी डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगी।

नागपुर के किंग्सवे अस्पताल, चेन्नई के सिम्स, गुरुग्राम के पार्क अस्पताल, फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल, कालीकट के एस्टर अस्पताल और इंदौर के अरबिन्दो अस्पताल में ट्रेनर ने डॉक्टरों को फाइनल कर दिया है। बता दें, ब्रिटेन के हेल्थकेयर की रीढ़, एनएचएस में प्रवासियों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय डॉक्टरों की है। भारतीय डॉक्टरों ने कोरोना काल में बेहतरीन काम किया था।

### रूस की स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगेः पुतिन

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।




## अग्नि युद्ध...



**बाली :** इंडोनेशिया के बाली के लेंबोक द्वीप में न्येपी दिवस के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस मौके पर अग्नि युद्ध की परंपरा 'पेरांग आपी' के तहत लोगों ने एक- दूसरे पर अंगार फेंके। बाली में मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं और साल भर खुशहाली में बीतता है। वर्ष का पहले दिन आत्म चिंतन के लिए लोग उपवास और मौन व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा पूरे बाली में अवकाश रहता है। ● एजेंसी

# एनसीसी का होगा विस्तार, रक्षा मंत्री ने दी पदों पर भर्ती को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- **देशभर में बढ़ती मांग होगी पूरी स्वीकृति के बाद विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन होगा एनसीसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।

# श्रीलंकाः अवैध रूप से काम करने पर 21 भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने शिथिल पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए द्वीप राष्ट्र में अवैध रूप से एक ऑनलाइन विपणन केंद्र संचालित करने के आरोप में 21 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 25 वर्ष की आयु के 21 भारतीय पुरुष (जो पर्यटक वीजा पर श्रीलंका में थे) को आव्रजन और प्रवासन विभाग ने मंगलवार को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद, विभाग ने नेगोंबो शहर में एक किराए के घर पर छापा मारा, जहां गिरफ्तार किए गए लोग एक ऑनलाइन मार्केटिंग केंद्र संचालित करते पाए गए। घर को एक कार्यालय स्थान में बदल दिया गया था जहां कंप्यूटर और अन्य उपकरण लगाए गए थे।

# जयशंकर की टिप्पणी के बाद चीन के बदले सुर, सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।



गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि एलएसी पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ। वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।

# पशुओं को खिलाने वाले दानों की रोटी के भरोसे जी रहे गाजावासी

राफा, एजेंसी

इजराइल हमास में पांच माह से चल रहे युद्ध में गाजा की 95 फीसदी आबादी भोजन के संकट से जूझ रही है। वहीं, रमजान में भी संघर्ष विराम नहीं होने से फिलिस्तीनी लोग डर के साए में हैं। पहले से राहत सामग्री की कमी का सामना कर रहे लोगों के लिए रमजान में हालात और बदतर हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा में महंगाई आसमान छू रही है। चावल 1900 रुपये और मैदा 1500 रुपये किलो पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी के अनुसार, अधिकांश गाजावासी मवेशियों को खिलाए जाने वाले अनाज की रोटियां बनाकर खा रहे हैं। दिसंबर के बाद से हर रोज औसत सिर्फ 6 राहत ट्रक ही मिल रही है। युद्ध से पहले हर रोज गाजा में 500 ट्रकों की जरूरत होती थी। वहीं, कुपोषण के चलते गाजा में मरने बाले बच्चों की संख्या 27 हो चुकी है। राहत सामग्री की लगातार कमी के चलते चीजों के दाम आम गाजावासियों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। मक्के का आटा 944 रु. किलो और जौ 734 रु. प्रति किलो मिलता है। गाजा के लोग इन्हें मिलाकर पिटा रोटी बनाते हैं। युद्ध से पहले चावल 165 रुपए किलो था, अब 1900 रु. प्रति किलो हो गया है। मैदा पहले 62 रु. किलो था जो अब 1500 रु. किलो में बिक रहा है।




**विज्ञान** मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने कहा-वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी

# रहस्यमय ढंग से उबलने व घूमने लगा है बेटेल्गेयूज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जीवन की अंतिम सांसे ले रहा तारा बेटेल्गेयूज ने वैज्ञानिकों को एक बार फिर उलझन में डाल दिया है। नए शोध के अनुसार अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुचा यह विशाल तारा रहस्यमय ढंग से अब उबलने लगा है और बहुत तेजी से अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक तेजी से घूमने भी लगा है।

बहरहाल इस बदलाव का वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी है। यह विशाल तारा दुनिया के वैज्ञानिकों के आकर्षण के केंद्र में है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक बेटेल्गेयूज पर नजर रखे हुए हैं। उनका कहना है कि बेटेल्गेयूज अत्यधिक गति से घूमता हुआ प्रतीत होता है। वास्तव में हिंसक रूप से उबलती इसकी सतह एक भ्रम भी हो सकता है। बेतेल्गेयूज पृथ्वी से 500 से 600 प्रकाश-वर्ष के बीच स्थित है। इसकी जांच पड़ताल के लिए अत्यधुनिक दूरबीनें लगाई गई हैं। मगर अभी कुछ परिणाम भर्मित करने वाले हैं। हमसे बहुत दूर होने की वजह से अभी स्पष्ट परिणाम सामने न आ रहे हों। मगर इतना कहा जा सकता है कि इस तारे में आने वाले बदलावों व अंत को लेकर वैज्ञानिक भविष्यवाणी कर सकते हैं। अब सिमुलेशन तकनीक के जरिए आगे का परीक्षण किया जाएगा। जिससे कुछ सार्थक नतीजे सामने आएंगे। सर्वविदित है बेटेल्गेयूज एक लाल महादानव तारा है, जो तब सुर्खियों में आया, जब इसकी चमक मंद पड़ने लगी थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी तारे का अंत होते देखना कोई रहस्यमय फिल्म देखने जैसा है। इस तारे के अभी तक आए सभी परिणाम बेहद रोमांचक है।



बेटेल्गेयूज में लाल रंग में आये बदलाव व चमकीले रंग में पुरानी तस्वीर।

### पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले तारों में से एक है बेटेल्गेयूज

बेटेल्गेयूज पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले सितारों में से एक है। यह ओरियन बैल्ट का सदस्य है। जिस कारण इस तारे का अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सकता है। अब यह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में जा पहुचा है और कभी भी अंत हो सकता है। हम इसके अंत होने के गवाह बन पाएंगे? यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। इस दिशा में वैज्ञानिक सटीक पूर्वानुमान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

# जापान के पहले निजी उपग्रह में प्रक्षेपण के दौरान विस्फोट

टोक्यो, एजेंसी

जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। बता दें, इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया।



पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया।